# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 15 फरवरी 2025


### सीबीएसई 10वीं-12वीं के बोर्ड एग्जाम आज से



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो रही हैं। इस साल दोनों कक्षाओं के बोर्ड एग्जाम एक ही तारीख से शुरू हो रहे हैं। 10वीं के एग्जाम 18 मार्च को और 12वीं की परीक्षा 4 अप्रैल को समाप्त होगी। बोर्ड एग्जाम की पूरी डेटशीट आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस साल सीबीएसई बोर्ड एग्जाम में दोनों कक्षाओं को मिलाकर 44 लाख से अधिक बच्चे परीक्षा में शामिल होंगे। पेपर एक ही शिफ्ट में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगा।

# मप्र में 27% ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट जाएगी राज्य सरकार
# सीएम बोलेः सुप्रीम कोर्ट को सरकार का मंतव्य जल्द से जल्द बताएं

### सीएम ने जल्द सुनवाई के लिए एडवोकेट जनरल को आवेदन लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27% आरक्षण के मुद्दे पर राज्य सरकार अब सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एडवोकेट जनरल प्रशांत सिंह को जल्द से जल्द सुनवाई के लिए आवेदन लगाने को कहा है, ताकि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सरकार उसे लागू कर सके।

विधि, सामान्य प्रशासन और वित्त विभाग समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा- हमारी सरकार बनने से पहले से ही ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण दिए जाने को लेकर अलग-अलग याचिकाओं के जरिए कोर्ट में केस चल ▶▶ शेष पेज 4 पर



### विधि, सामान्य प्रशासन और वित्त विभाग की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया

#### आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



इससे पहले 28 जनवरी को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के राज्य शासन के निर्णय को चुनौती दी गई थी। यह भी बता दें कि 4 अगस्त 2023 को हाईकोर्ट ने एक अंतरिम आदेश के तहत राज्य सरकार को 87:13 का फॉर्मूला लागू करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के बाद प्रदेश की सभी भर्तियां ठप हो गई थीं। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की डबल बेंच ने की। यह याचिका सागर की यूथ फॉर इक्वेलिटी संस्था की ओर से दायर की गई थी।

*सिख गुरु हरगोविंद सिंह की स्मृति में किया नामकरण*

### ग्वालियर के मुरैना मार्ग स्थित नगर द्वार का नाम अब 'दाता बंदी छोड़' द्वार होगा



ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सिख समुदाय का रहा है गौरवशाली इतिहास

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के मुरैना मार्ग स्थित नगर द्वार का नाम सिखों के छठवें गुरु गुरु हरगोविंद सिंह के नाम पर दाता बंदी छोड़ द्वार रखने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सिख समुदाय का गौरवशाली इतिहास रहा है, बड़ी संख्या में सिख परिवार इस क्षेत्र में निवासरत हैं। ग्वालियर के मुरैना मार्ग पर पुराना छावनी क्षेत्र में बने नगर द्वार का* ▶▶ शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### एमपी पीएससी कल, 52 जिलों में 342 सेंटर बनाए



**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। रविवार को आयोग ने 52 जिलों में परीक्षा आयोजित की है, जिसमें 1 लाख 18 हजार अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। 342 केंद्रों में दो सत्र में पेपर रखे गए हैं। अकेले इंदौर जिले में 72 सरकारी-निजी कॉलेज व स्कूलों को केंद्र बनाया है।

### सेना के फायरिंग रेंज में विस्फोट, एक की मौत



**दतिया।** जिले में सेना के फायरिंग रेंज में पड़े एक विस्फोटक उपकरण में अचानक धमाका हो गया। इसमें 17 वर्षीय लड़के की मौत हो गई और दो अन्य नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस जांच में पता चला कि जमीन पर पड़ा एक बिना फटा गोला एक व्यक्ति ने उसे उठाने की कोशिश की, तो अचानक वह फट गया।

### सीबीआई ने हेल्थ इंस्पेक्टर को 75 हजार लेते दबोचा



**भोपाल।** इटारसी जंक्शन रेलवे स्टेशन पर तैनात हेल्थ इंस्पेक्टर हरिमोहन मीणा को 75 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मीणा ने एक ठेकेदार से 9 लाख 25 हजार रुपए का बिल पास करने के लिए एक लाख की रिश्वत मांगी थी। इसके बाद दोनों के बीच डील 75 हजार में तय हुई। शिकायत पर भोपाल की सीबीआई टीम ने उसे धर दबोचा।

### पीएम की दो दिन की यूएस यात्रा समाप्त, स्वदेश पहुंचे

#### *पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच हुई सबसे बड़ी न्यूक्लियर डील*

# अमेरिका भारत में उन्नत और छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर बनाएगा



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में 'विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन' का ऐलान किया था। ठीक इस ऐलान के बाद भारत और अमेरिका के बीच परमाणु के क्षेत्र को लेकर बात हुई है। सीतारमण ने कहा था कि 2047 तक कम से कम 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का विकास हमारे ऊर्जा संक्रमण प्रयासों के लिए आवश्यक है।

- भारत और अमेरिका के बीच 2008 में ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौतों पर हस्ताक्षर हुए थे, उस समय से अब तक वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई थी
- अब भारत सरकार और वेस्टिंगहाउस के बीच आंध्र प्रदेश के कोव्वाडा में छह 1,000 मेगावाट के परमाणु रिएक्टर बनाने की परियोजना पर भी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन की अपनी अमेरिकी यात्रा पूरी कर ली है। वे स्वदेश पहुंच गए हैं। अमेरिका में पीएम मोदी ने यूएस एनएसए उद्योगपति एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। पीएम मोदी और ट्रंप की बैठक में दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बीच न्यूक्लियर एनर्जी के क्षेत्र में भी अब दोनों देश एक नई उड़ान भरेंगे। ट्रंप के अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ये ▶▶ शेष पेज 4 पर

**अमेरिका भारत में एक के बाद एक लगाएगा कई रिएक्टर**



### भारतीय विदेश सचिव ने क्या कहा?

मोदी की अमेरिका यात्रा समाप्त होने के बाद भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि असैन्य परमाणु ऊर्जा में संभावनाओं को साकार करने, भारत में अमेरिका द्वारा डिजाइन किए गए परमाणु रिएक्टरों का निर्माण करने तथा बड़े पैमाने पर स्थानीयकरण के साथ-साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच एक समझौता हुआ है। विदेश सचिव ने कहा कि दोनों देश कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर

*क्या बोले पीएम मोदी?*

#### औद्योगिक सहयोग और असैन्य परमाणु ऊर्जा पर सहयोग होगा आसान

*संयुक्त ब्रीफिंग के दौरान पीएम मोदी और ट्रंप ने परमाणु रिएक्टरों के लिए परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति अधिनियम (सीएलएनडीए) के लिए नागरिक दायित्व में संशोधन करने के लिए बजट 2025 की घोषणाओं का स्वागत किया। इस बयान के अनुसार सीएलएनडीए के अनुसार द्विपक्षीय व्यवस्था स्थापित करने का भी फैसला किया, जो नागरिक दायित्व के मुद्दे को संबोधित करेगा और परमाणु रिएक्टरों के उत्पादन और तैनाती में भारतीय और अमेरिकी उद्योग के सहयोग को आसान बनाएगा। गुरुवार को अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान में पाक को चेतावनी*



*संयुक्त बयान में अल-कायदा इस्लामिक स्टेट, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी समूहों को सबसे बड़ा खतरा बताया गया*

## अपनी 'जमीन' का इस्तेमाल सीमा पार आतंकी हमलों के लिए न होने दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के साझा प्रेसवार्ता में सीमा-पार आतंकवाद को लेकर भी बड़ी घोषणा की गई है। जिससे भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान तिलमिला गया है। दरअसल, पीएम मोदी और ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका पहले से कहीं ज्यादा मजबूती से एक साथ काम करेंगे ताकि कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद से निपटा जा सके।

इस दौरान पीएम मोदी और ट्रंप ने अपने संयुक्त बयान में पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि उसकी भूमि का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए न किया जाए। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

#### *तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की मंजूरी*



*इससे पहले दिन में, भारत ने एक बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल की, जब ट्रंप ने 26-11 के आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने पर सहमति व्यक्त की, जो भारत की लंबे समय से मांग रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से पीएम मोदी की मौजूदगी में इस निर्णय की घोषणा की थी। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा को लॉस एंजिल्स में एक हिरासत केंद्र में रखा गया है। वहीं राणा के प्रत्यर्पण के लिए ट्रंप को धन्यवाद देते हुए, पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने के लिए एकजुट कार्रवाई आवश्यक है। दोनों नेताओं के संयुक्त बयान में अल-* ▶▶ शेष पेज 4 पर


### विवाहोत्सव कार्यक्रम 'दी वाना ग्रीन्स' में आयोजित हुआ

## केंद्रीय मंत्री शिवराज के छोटे बेटे कुणाल व वधु रिद्धि को दिग्गजों ने दिया आशीर्वाद



विवाह समारोह में कई केंद्रीय मंत्री व अपने-अपने क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के छोटे बेटे कुणाल सिंह के विवाह समारोह के आयोजन कई दिनों से विभिन्न स्थानों पर हो रहे थे। शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में वे भोपाल की बेटी रिद्धि जैन के साथ विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए। विवाहोत्सव कार्यक्रम भव्य दी वाना ग्रीन्स में आयोजित हुआ। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री चौहान ने एक दिन पहले गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर विवाह की खुशियों का इजहार किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि रिद्धि ▶▶ शेष पेज 4 पर



**बड़ी खबर** *सरकारी पोर्टल 'चक्षु' ने खोले नागरिकों के चक्षु*

### दूरसंचार विभाग का साइबर क्राइम पर 'बड़ा प्रहार'

# 35 हजार वॉट्सएप नंबर, 70 हजार से ज्यादा वॉट्सएप ग्रुप्स व कम्युनिटी बैन

अब तक टेलीकॉम कंपनियों पर 142 करोड़ रुपए का जुर्माना लगा चुका

पिछले महीने भी लाखों फर्जी एसएमएस टेंपलेट्स को ब्लॉक कर दिया था

**ट्राई ने अपनी कई पॉलिसी को भी रिवाइज किया है, ताकि साइबर अपराध पर लगाम लगाया जा सके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

दूरसंचार विभाग ने साइबर क्राइम पर बड़ा प्रहार करते हुए करीब 35 हजार वॉट्सएप अकाउंट्स को बैन कर दिया है। साथ ही, 70 हजार से ज्यादा वॉट्सएप ग्रुप्स और कम्युनिटी पर भी एक्शन लिया गया है। पिछले महीने भी दूर संचार विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों फर्जी एसएमएस टेंपलेट्स को ब्लॉक कर दिया था। दूरसंचार विभाग पिछले ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### 2023 में पोर्टल को लॉन्च किया था

सरकार ने 2023 में इस पोर्टल को लॉन्च किया था। दूरसंचार विभाग के संचार साथी पोर्टल पर ऑनलाइन फ्रॉड की घटनाओं को रिपोर्ट किया जा सकता है। इसके अलावा किसी भी अनजान नंबर से आने वाले कॉल्स या मैसेज को भी रिपोर्ट करने की सुविधा मिलती है। दूरसंचार नियामक ट्राई ने पिछले दिनों सभी टेलीकॉम ऑपरेटर्स पर फर्जी कॉल्स को रोकने में असमर्थ रहने पर करोड़ों रुपए का जुर्माना लगाया है। दूरसंचार नियामक अब तक टेलीकॉम कंपनियों ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### लाखों सिम किए जा चुके हैं बंद

पिछले साल सरकार ने साइबर अपराध पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 78.33 लाख मोबाइल नंबर को बंद करने का आदेश दिया था। ये मोबाइल नंबर फर्जी डॉक्यमेंट्स के आधार पर लोगों को जारी किए गए थे। दूरसंचार विभाग द्वारा इंप्लिमेंट किए गए नए एआई टूल की मदद से इन फर्जी नंबरों की पहचान की गई और उनके खिलाफ एक्शन लिया गया। यही नहीं, सरकार ने साइबर क्राइम में लिप्त 6.78 लाख मोबाइल नंबर को भी बंद करने का आदेश जारी किया था।

# मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने विश्व बैंक और पीएचएफआई करेंगे रणनीतिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में सुधार के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रबंध संचालक डॉ. सलोनी सिडाना से विश्व बैंक और पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया (फीएफआई) के प्रतिनिधियों ने एनएचएम कार्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और नवाचारों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन और नवाचार आधारित नीतियों के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। इसके तहत स्वास्थ्य डेटा का विश्लेषण, नीति निर्धारण, स्वास्थ्य अमले की क्षमतावृद्धि और डिजिटल हेल्थ इनिशिएटिव्स पर सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया गया। स्वास्थ्य तंत्र को अधिक प्रभावी, सशक्त और समान बनाने के साथ-साथ प्रदेश के नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए विश्व बैंक और फीएफआई की टीम रणनीतिक सहयोग प्रदान करेंगी। बैठक में विश्व बैंक से डॉ. अमिथ बी. नागराज, डॉ. जिज्ञासा शर्मा, राजेश नायर, डॉ. नव्या मिश्रा शामिल हुई।




### उपमुख्यमंत्री के साथ हुई थी चर्चा

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने 'गेटिंग हेल्थ रिफॉर्म राइट' फ्रेमवर्क के तहत मप्र में स्वास्थ्य सुधार के लिए एक समग्र और साक्ष्य-आधारित अध्ययन कर सुझाव देने के लिए पूर्व में चर्चा की थी। उप मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाने की आवश्यकता पर जोर दिया था। उप मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल से कहा था कि मानकों में सुधार के लिए ऐसी रणनीतियां बनाई जानी चाहिए, जो शॉर्ट टर्म में त्वरित प्रभाव दें, साथ ही दीर्घकालिक समाधान भी प्रदान करें।

एम्स में आयोजित मुस्कान उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में डॉ. प्रभाकर बोले

## बच्चों के स्वास्थ्य के लिए मुस्कान कार्यक्रम महत्वपूर्ण

**प्रशिक्षण में शिशु रोग विशेषज्ञ, नर्सिंग और पोषण प्रशिक्षक हुए शामिल**

शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के मूल्यांकन और सुधार के लिए मुस्कान कार्यक्रम की भूमिका महत्वपूर्ण है। बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए संस्थागत एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न इकाइयां एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। यह बात शुक्रवार को एम्स में आयोजित मुस्कान कार्यक्रम के तहत उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण के अवसर पर सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कही। डॉ. तिवारी ने कहा कि जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, पोषण पुनर्वास केंद्र, आईवायसीएफ, मां कार्यक्रम, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सांस अभियान, गृह आधारित शिशु देखभाल, दस्तक अभियान, दस्त नियंत्रण पखवाड़ा, कृमि मुक्ति, टीकाकरण जैसे कार्यक्रमों से शिशु स्वास्थ्य की गुणवत्तापूर्ण सेवाएं दी जा रही है। डॉ. तिवारी ने बताया



कि मुस्कान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 12 साल से कम उम्र के बच्चों में बीमारियों और मृत्यु को कम करना है। प्रशिक्षण में जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित शिशु रोग इकाईयों के शिशु रोग विशेषज्ञ, नर्सिंग ऑफिसर और फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर सम्मिलित हुए। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता सक्सेना, डॉ. जय परमार, डॉ. आलिया, डॉ. शालिनी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें विभिन्न जानकरी दी गई।

### शिशु का उपचार करें निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार

प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर एम्स निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं में शिशु स्वास्थ्य की सेवाएं सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल हैं। शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार दिया जाना जरूरी है। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता उपचार के दौरान चेकलिस्ट को अनिवार्य रूप से फॉलो करें। डॉ. सिंह ने कहा कि मुस्कान कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्विस प्रोविजन, मरीज के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विस, क्लीनिकल केयर, इनफेक्शन कंट्रोल, क्वालिटी इंप्रूवमेंट एवं आउटकम जैसे आठ इंडिकेटर को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### प्रणवानंद जयंती पर अन्नकूट भंडारा कल

**भोपाल।** भारत सेवाश्रम संघ द्वारा प्रणवानंद की 130वीं जयंती और शिव पूजा अन्नकूट भंडारा का आयोजन 16 फरवरी को किया जाएगा। यह 454 सेक्टर-तीन शक्ति नगर में रविवार को सुबह नौ बजे से शुरू होगा। इसके पूर्व शनिवार को सुबह दीक्षा कार्यक्रम भी होगा। यह संघ के सन्यासी स्वामी तारानंद महाराज अध्यक्ष कुरुक्षेत्र स्वामी श्यामानंद महाराज आदि की मौजूदगी में होगा।

### धान उपार्जन की राशि किसानों के खाते में भेजी

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन के लिए 6 लाख 69 हजार किसानों से 43 लाख 52 हजार मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। अभी तक 9860 करोड़ 66 लाख रुपए किसानों के बैंक खाते में भेज दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शेष राशि किसानों के खातों में भेजने की कार्रवाई जारी है।

### स्वामी निरंजनानंद का मनाया जन्मदिन

**भोपाल।** बिहार स्कूल ऑफ योग (योग के अंतराष्ट्रीय विश्वविद्यालय) के आचार्य, पद्म भूषण, परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती का 65वां जन्मदिन 14 फरवरी को एचईयोग मित्र मंडल में मनाया गया। महासचिव सतेन्द्र कुमार ने गुरुजी माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। गुरु वंदना और सद्गुरु प्रार्थना के साथ मित्र मंडल के सभी सदस्यों ने उनके जीवन के बारे में कुछ जानकारियां प्राप्त की और पूजन और आरती की गई। सन्यासी श्रद्धानंद एवं संन्यासी मंत्रदेव ने स्वामी जी के संन्यास एवं विश्व में योग के प्रचार प्रसार एवं लोक कल्याण के लिए किए गए, उनके योगदान की व्याख्या की।



### भोपाल प्रेस क्लब के कैलेंडर का विमोचन



**भोपाल।** प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शुक्रवार को भोपाल प्रेस क्लब के कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, वरिष्ठ पत्रकार अरुण पटेल, अजय बोकील, सतीश सक्सेना, नासिर हुसैन, संजय सक्सेना प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। गौरतलब है कि भोपाल प्रेस क्लब प्रतिवर्ष कैलेंडर एवं प्रेस डायरेक्टरी का प्रकाशन करता है। इसी तारतम्य में इस बार भी कैलेंडर का प्रकाशन किया गया है।

### निःशुल्क रक्तदान शिविर लगाया

**भोपाल।** नीलबड़ ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में शुक्रवार को निःशुल्क रक्तदान शिविर लगाया गया। गांधी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से लगे शिविर में पुलिसकर्मियों व उनके स्वजनों ने रक्तदान किया। सेवा केंद्र की प्रभारी नीता दीदी ने कहा कि रक्तदान न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। साथ ही यह एक बहुत ही श्रेष्ठ पूर्ण कार्य भी है।

आरटीओ के पांच माह से चक्कर काट रहे आवेदक

# वाहनों के पेंडिंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन कार्ड नहीं मिल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भले ही परिवहन विभाग ने आरटीओ में बनने वाले ड्राइविंग लाइसेंस व वाहनों के पंजीयन कार्ड डिजिटल देने व पीडीएफ का प्रिंट कहीं से भी निकालने की सुविधा आवेदकों को शुरू कर दी है। इससें सितंबर माह के बाद से लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन कराने वाले आवेदकों को बहुत कुछ तक तो राहत मिल गई है, लेकिन स्मार्ट चिप कंपनी के काम कराने के दौरान लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन का काम कराने वाले कई ऐसे आवेदकों पांच माह से कार्ड नहीं मिल पाए।

ऐसे में कई लोग आरटीओ के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। वहां पर कर्मचारी व अधिकारियों द्वारा सही से जवाब नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परिवहन विभाग सूत्रों के अनुसार कुछ आवेदकों के लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन कार्ड स्मार्ट चिप के कर्मचारी अपने सामान के साथ लेकर चले गए।

◆ *सितंबर माह में स्मार्टचिप कंपनी का टेंडर हो गया था खत्म*



### मेरे पास शिकायत नहीं आई

ऐसे में कई आवेदक परेशान हो रहे है। हालांकि परिवहन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा उनसे पीडीएफ फाइल डाउनलोड करने की बात कहीं जा रही है, लेकिन कई ऐसे आवेदक हैं, जोकि कार्ड ही मांग रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी आरटीओ जितेंद्र शर्मा का कहना है कि मेरे पास अभी तक ऐसी शिकायत नहीं आई है। किसी भी आवेदक को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। जो भी समस्या से उसको जल्द से जल्द दूर की जाएगी।

### पांच माह बाद भी नई कंपनी को टेंडर नहीं

जानकारी के अनुसार स्मार्ट चिप कंपनी का टेंडर खत्म हुए करीब पांच माह से अधिक बीत गया, लेकिन अभी तक किसी अन्य कंपनी को टेंडर नहीं दिया गया। ऐसे में लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन सहित अन्य कामों को लेकर आवेदकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आवेदकों से लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन कार्ड की फीस लेने के बाद भी परिवहन विभाग की ओर से कार्ड नहीं दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि साल-2001 से आरटीओ का ऑनलाइन काम देख रही स्मार्ट चिप कंपनी का सितंबर 2024 में टेंडर खत्म हो गया था।

ईओडब्ल्यू अफसरों ने शिकायत का वेरिफिकेशन किया

# सहारा जमीन घोटाले में शिकायतकर्ता ने मुख्यालय में दर्ज कराए अपने बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहारा जमीन घोटाले में शुक्रवार की शाम को शिकायतकर्ता आशुतोष मनु दीक्षित ने ईओडब्ल्यू मुख्यालय में अपने बयान दर्ज कराए। दरसल उन्होंने भाजपा विधायक संजय पाठक के परिवार की कंपनियों के द्वारा सहारा सिटी की जमीन ओने-पोने दाम पर खरीदने की शिकायत की थी। ईओडब्ल्यू ने शिकायतकर्ता को बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस दिया था। इसी नोटिस के आधार पर शिकायतकर्ता ने ईओडब्ल्यू अफसरों के समक्ष बयान दर्ज कराए। दीक्षित ने जो शिकायत दर्ज कराई थी, उसमें कहा था कि सहारा की 1000 करोड़ रुपए की जमीन को मात्र 98 करोड रुपए में बेच दिया गया। जमीन बेचने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का भी पालन नहीं किया गया।

भोपाल, जबलपुर और कटनी में स्थित इन जमीनों का ओने-पोने दाम पर सहारा अफसरों और संजय पाठक के परिवार की कंपनियों ने ग्रुप तरीके से क्रम विक्रय कर लिया। वहीं किसी प्रकार की निविदा भी नहीं निकाली गई। अभी तक सहारा की जमीन को बेचने के बाद भी सहारा में निवेश करने वालों को पैसा नहीं मिला। संजय पाठक की कंपनी के डायरेक्टर और सहारा ग्रुप और सहारा ग्रुप के डायरेक्टर को पूरे मामले में नोटिस जारी किया गया था, लेकिन वह ईओडब्ल्यू के कार्यालय अपने बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचे। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में सहारा के अफसरों और पाठक की कंपनियों के पदाधिकारियों सहित 9 लोगों को नोटिस जारी किए है। इस मामले में ईओडब्ल्यू पीई दर्ज कर जांच कर रही है।



### जमीन कौड़ियों के भाव खरीदने का लगा है आरोप

*भोपाल, जबलपुर और कटनी में सहारा की 310 एकड़ जमीन को कौड़ियों के भाव में खरीदने के आरोप संजय पाठक के रिश्तेदारों पर है। फिलहाल जमीनों का बाजार मूल्य करीब 1000 करोड़ रुपए है, जबकि जमीनों का सौदा नियमों की अनदेखी कर 98 करोड़ में कर दिया गया।*

### सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा नहीं कराई रकम

*साल 2014 में सुप्रीम कोर्ट और (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) द्वारा सहारा समूह को निवेशकों की राशि लौटाने के लिए कंपनी की प्रॉपर्टी बेचने की अनुमति दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रॉपर्टी बेचने की अनुमति इस शर्त पर दी गई थी कि, पैसे खरीदार द्वारा सीधे मुंबई में बैंक आफ इंडिया के सेबी-सहारा रिफंड खाता में जमा कराए जाएंगे, लेकिन यह पैसा खाते में जमा नहीं कराया गया।*

## एम्सः डॉ. सोनी ने पोस्ट-ट्रॉमैटिक नाक विकृति सुधार पर अनुभव साझा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स के ट्रॉमा और आपातकालीन चिकित्सा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. बाबू लाल सोनी को ज्ञान-6 गेटवे टू द फेस चार दिवसीय राष्ट्रीय मैक्सिलोफेशियल सर्जरी कार्यशाला में विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।

कार्यशाला गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, अहमदाबाद में आयोजित की गई। राइनोप्लास्टी (नाक पुनर्निर्माण सर्जरी) के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले डॉ. सोनी ने पोस्ट-ट्रॉमैटिक नाक विकृति सुधार पर अपने व्यापक अनुभव को साझा किया। उन्होंने अब तक 100 से अधिक राइनोप्लास्टी सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की हैं और क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट (कटा हुआ होंठ व तालु) वाले मरीजों के लिए जटिल द्वितीयक राइनोप्लास्टी प्रक्रियाएं भी संचालित की हैं। कार्यशाला में भारत और विदेशों के 200 से अधिक मैक्सिलोफेशियल सर्जन शामिल हुए। डॉ. सोनी ने उन्नत राइनोप्लास्टी तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की, जिसमें नाक की शारीरिक रचना, उसकी कार्यप्रणाली, नवीन पुनर्निर्माण विधियां और साक्ष्य-आधारित सर्जिकल दृष्टिकोण शामिल थे। उन्होंने चेहरे की सुंदरता में नाक की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और आधुनिक पुनर्निर्माण रणनीतियों पर जानकारी दी।



निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति की समीक्षा बैठक

## जून के पहले निपटाएं जाएंगे सरकारी बिल्डिंगों के काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संभाग सहित जिलों में सरकारी बिल्डिंगों के निर्माण कामों को टाइम लिमिट में निपटाया जाए, जिससे जून के पहले सभी निर्माणों को पूरा किया जा सके।

निर्माण कार्यों का फिजिकल वेरिफिकेशन भी किया जाए। यह बात शुक्रवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने आरईएस के अफसरों की बैठक में कही। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा भोपाल मंडल के तहत संभाग के सभी जिलों में जारी निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति की समीक्षा बैठक ली। संभागायुक्त ने बैठक में जनपद पंचायतों के निर्माण कार्य, 15वें वित्त आयोग के ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत स्तर के कार्य, मनरेगा आदि कार्यों की समीक्षा की।



उपमुख्यमंत्री से मिले चिकित्सक महासंघ के पदाधिकारी

## शुक्ल ने कहाः 17 फरवरी को बैठक कर डॉक्टरों की मांगों का करेंगे निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के चिकित्सकों की लंबित मांगों को लेकर चिकित्सक महासंघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से मुलाकात की। इस अवसर पर महासंघ के संयोजक डॉ. राकेश मालवीया ने उपमुख्यमंत्री को चिकित्सकों की लंबित मांगों से अवगत कराकर 20 फरवरी से होने वाले डॉक्टरों के आंदोलन से अवगत कराया। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से डीएसीपी समकक्ष वेतनमान को समयसीमा में लागू करने, चार अक्टूबर 2023 को पारित मंत्री परिषद के निर्णयों को लागू करने और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तकनीकी मामलों में हस्तक्षेप को रोकने समेत अन्य मांगों पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सकों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि 17 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के साथ महासंघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जायज मांगों का निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर महासंघ के डॉ सीएम केसरी, डॉ अभिजीत यादव, डॉ अविनाश ठाकुर आदि मौजूद थे।

पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग

## एनएसयूआई ने सीबीआई को सौंपी फर्जी अस्पतालों की लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में फर्जी अस्पतालों की आड़ में चल रहे नर्सिंग महाघोटाले को लेकर एनएसयूआई लगातार खुलासे कर रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय में शिकायत और फर्जी अस्पतालों की लिस्ट सौंपकर भोपाल सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी समेत प्रदेश के अन्य जिलों के सीएमएचओ के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।



तीन साल बाद नर्सिंग काउंसिल ने जारी किया टाइम टेबल

## *जीएनएम और एएनएम की परीक्षाएं एक अप्रैल से*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्सिंग छात्रों के तीन साल के इंतजार के बाद आखिरकार शुक्रवार को मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने वर्ष 2022-23 सत्र के जीएनएम और एएनएम की नर्सिंग छात्रों की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। यह परीक्षाएं एक अप्रैल से शुरू होगी जो आठ अप्रैल तक चलेगी। तीन साल से परीक्षा का इंजतार करने वाले नर्सिंग छात्रों के साथ एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के अध्यक्ष मनोज सरियाम को ज्ञापन सौंप कर तत्काल परीक्षा करवाने की मांग की थी। परीक्षा का टाइम टेबल जारी होने पर रवि परमार ने इसे छात्र-छात्राओं की बड़ी जीत बताया।

## चर्लपल्ली-दानापुर कुंभ स्पेशल ट्रेन कल होगी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुंभ मेला 2025 के लिए रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेन सेवा शुरू की है। चर्लपल्ली से दानापुर के बीच चलने वाली इस विशेष ट्रेन में कुल 19 कोच होंगे, जिसमें 4 सामान्य श्रेणी, 7 स्लीपर क्लास, 1 एसी सेकंड क्लास और 4 एसी थर्ड क्लास के डिब्बे शामिल हैं।

ट्रेन नंबर 07079 चर्लपल्ली से 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 6:05 बजे इटारसी पहुंचेगी। यह ट्रेन दानापुर में रात 11 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 07080 दानापुर से 7 फरवरी को दोपहर 3 बजे चलकर अगले दिन सुबह 7:10 बजे इटारसी और रात 11:45 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन दोनों दिशाओं में प्रमुख स्टेशनों जैसे काजीपेट जंक्शन, नागपुर, जबलपुर, कटनी, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन और बक्सर सहित कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 09019 वलसाड दानापुर कुंभ स्पेशल ट्रेन 23 फरवरी को रवाना होगी। यह ट्रेन वलसाड से सुबह 8:40 बजे रवाना होगी और अगले दिन शाम 6 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09020 दानापुर से 24 फरवरी को रात 11:30 बजे चलकर तीसरे दिन सुबह 9:30 बजे वलसाड पहुंचेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए इस ट्रेन में कुल 24 डिब्बे लगाए गए हैं, जिनमें 14 स्लीपर क्लास, 2 जनरल, 5 एसी थर्ड क्लास और 1 एसी सेकंड क्लास का कोच शामिल है।

संयुक्त मोर्चा की गेट मीटिंग में लंबित मांगों को पर हुई चर्चा

## हमारी नाराजगी सरकार से नहीं, पेंशनर्स विरोधी नीतियों को लेकर हैः भुवनेश पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमारी नाराजगी सरकार से नहीं है। हमारी नाराजगी 15 लाख अधिकारी-कर्मचारी की लंबित मांग तथा पेंशनर्स विरोधी नीतियों को लेकर है।

यह बात शुक्रवार को मप्र अधिकारी कर्मचारी एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा के कार्यालय में आयोजित गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए मोर्चा के संयोजक भुवनेश पटेल ने कही। भुवनेश पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2016 से प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों की पदोन्नति रुकी हुई है। सातवें वेतनमान के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता का भुगतान नहीं किया जा रहा है। वहीं 45 हजार स्थाई कर्मचारियों को नियमित करने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के वेतन विसंगति का मामला सरकार के पास लंबित है। गेट मीटिंग में आदिम जाति कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, आयुष विभाग कर्मचारी-अधिकारी शामिल हुए। बता दें कि संयुक्त मोर्चा द्वारा 16 फरवरी को आंबेडकर मैदान में 51 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश भर के कर्मचारी शामिल होकर लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर विरोध जताएंगे।



भारत माता चौराहे पर कैंडल जलाकर अर्पित की श्रद्धांजलि

## 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों की याद में मनाया शहीद प्रेम दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जय हिंद सेना के युवा सदस्यों द्वारा 14 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की छटवीं बरसी पर हमले में शहीद हुए 44 वीर जवानों को भारत माता चौराहा पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जय हिंद सेना के प्रदेशाध्यक्ष अरूण पांडे कहा कि 14 फरवरी का दिन शहीद प्रेम दिवस के रूप में मनाकर 'वीर जवान अमर रहे', 'जब तक सूरज चांद रहेगा पुलवामा के शहीदों का नाम रहेगा' और 'भारत माता की जय' के नारे बुलंद करके शहीदों की शहादत को याद किया गया। इस अवसर पर वीर बहादुर, राणा भट्ट, पीयूष रायकवार, प्रवीण वर्मा, कुणाल प्रजापति, देवेंद्र राजपूत, सहित सेना के युवा सदस्य शामिल हुए।



### पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को ओम शिव शक्ति सेवा मंडल ने दी श्रद्धांजलि

ओम शिव शक्ति सेवा मण्डल रजि भोपाल के सदस्यों द्वारा मंडल कार्यालय गोविंद गार्डन, गोविंदपुरा में उपस्थित होकर पुलवामा हमले की सातवीं पुण्यतिथि पर शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। रिंकू भटेजा ने आगे बताया कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में आतंकवादियों द्वारा कायराना हमले में शहीद हुए 40 भारतीय सैनिकों को दीप जलाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीद हुए सैनिकों की आत्मशांति के लिए भोले नाथ से प्रार्थना की। मंडल सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि के बाद आतंकबाद के विरोध में नारे लगाए।



भोपाल
शनिवार, 15 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष - 03
वर्ष : 11, अंक : 322
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 26
न्यून. 16


11 श्रीलंका की सबसे बड़ी जीत, वर्ल्ड चैंपियन...






विचार पेज
06 बदलाव की उम्मीद में 'भ्रष्ट...


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश में शहरी विकास की योजनाओं में अधिक से अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया गया

# झीलों की नगरी में होने वाली जीआईएस में शहरी विकास पर भी 'विशेष फोकस'

*प्रदेश में 72 हजार करोड़ रुपए की चल रही शहरी परियोजनाओं और 88 हजार करोड़ की आगे आने वाली परियोजनाओं के साथ राज्य तेजी से अपने बुनियादी ढांचे, आवास और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स का विस्तार कर रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

झीलों की नगरी भोपाल में निवेश के महाकुंभ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में शहरी विकास के क्षेत्र पर विशेष फोकस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश में शहरी विकास की योजनाओं में अधिक से अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया गया है। नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।






## प्रदेश में 7 स्मार्ट सिटी परियोजनाएं अस्तित्व में

शहरी विकास में मध्यप्रदेश निवेशकों को आकर्षित कर रहा है, इसकी बड़ी वजह यह है 40 लाख से अधिक आबादी वाले शहर, 7 स्मार्ट सिटी और 72 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं, साथ ही पाइपलाइन में 88 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं। प्रदेश में 8.32 लाख घरों का निर्माण पूरा हुआ है, वहीं 50 हजार करोड़ रुपए से 10 लाख नए आवासों की योजना प्रस्तावित है। शहरी विकास के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहे मप्र के शहरी क्षेत्रों में 80 प्रतिशत पाइप जलापूर्ति का लक्ष्य हासिल किया जा चुका है, जिसे वर्ष 2027 तक 100 प्रतिशत पूरा किया जाएगा।

### 6000 किमी शहरी सड़कें गतिशीलता और बेहतर कनेक्टिविटी का प्रमाण

मप्र में 6000 किमी शहरी सड़कें गतिशीलता और बेहतर कनेक्टिविटी को बढ़ाती हैं। प्रदेश में वर्ष 2030 तक 100 प्रतिशत सीवर कवरेज कर लिया जाएगा। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला मप्र स्वच्छ भारत सर्वेक्षण 2023 में शीर्ष 2 राज्यों में रहा है। इंदौर ने लगातार सातवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त किया है। भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राजधानी और सर्वेक्षण में पांचवें स्थान पर रहा है। मप्र शहरी विकास क्षेत्र में निवेशकों के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। इसका प्रमुख कारण सभी के लिए आवास में 50 हजार करोड़ रुपए, आवश्यक सुविधाओं में 17,230 करोड़ रुपए, रियल एस्टेट के विकास में 32,400 करोड़ रुपए के निवेश पाइपलाइन में है।

### आकर्षक एमपी री डेंसिफिकेशन पॉलिसी

मप्र एमपी री-डेंसिफिकेशन पॉलिसी 2022 और एमपी पुनर्विकास नीति 2022 आधुनिक बुनियादी ढांचे और पुनर्विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई है। एमपी टीडीआर नियम, 2018 भूमि उपयोग को अनुकूलित करता है और टिकाऊ शहरी विकास का समर्थन करता है। ईवी पॉलिसी 2025 बुनियादी ढांचा प्रोत्साहन के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को प्रोत्साहित करता है। ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) पॉलिसी 2019 ट्रांजिट हब के आसपास उच्च घनत्व वाले शहरी क्षेत्रों का विकास करता है।

*इंपैक्ट फीचर*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### अपूर्वा को आईफा ने बाहर निकाला

**जयपुर।** राजस्थान में होने वाले आईफा अवॉर्ड शो के प्रचारकों में शामिल सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर



अपूर्वा मखीजा को आईफा से बाहर कर दिया गया है। अब वह आधिकारिक रूप से आईफा प्रचारकों की सूची में शामिल नहीं हैं। इंडियाज गॉट लेटेंट शो में अश्लील टिप्पणी के बाद अपूर्वा का विरोध शुरू हो गया था। वह 20 फरवरी को उदयपुर में शूटिंग करने वाली थीं।

### मिनी ट्रक पलटा, दंपती की मौके पर मौत

**शिवपुरी।** छग के कबीर आश्रम से लौट रहे लोगों का मिनी ट्रक सागर जिले में बेकाबू होकर पलट गया।



इस हादसे में शिवपुरी जिले के रहने वाले पवन शाक्य और उनकी पत्नी सोना शाक्य की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में नीमा शाक्य, काशी शाक्य, कल्याण शाक्य और आदर्श शाक्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

### डिप्टी जेलर ने कैदी को घूंसों से पीटा, सस्पेंड

**महू।** इंदौर की महू उपजेल में कैदी से मारपीट का वीडियो सामने आया है। वीडियो सामने आने के




बाद डिप्टी जेलर मनोज चौरसिया को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जेल अधीक्षक इंदौर अलका सोनकर के निर्देश पर की गई है। वीडियो में डिप्टी जेलर एक कैदी को लात-घूंसों से मारते नजर आ रहे हैं। उसे जमीन पर पटककर गले पर पैर रख दिया।

**मोदी का प्रभाव :** इस बार आने वाली फ्लाइट में जंजीरों से बंधे हुए नहीं होंगे अवैध प्रवासी भारतीय

# अमेरिका से अवैध प्रवासी भारतीयों को लेकर आज अमृतसर आएंगी दो फ्लाइट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी सरकार ने अमेरिका में अवैध रूप गए भारतीयों को जब पहली फ्लाइट से अमृतसर में उतारा था, तो उस दौरान उन लोगों के साथ किए गए रवैए को लेकर यूएस सरकार पर सवाल खड़े हुए थे, लेकिन अब अमेरिका से दो और फ्लाइट्स अमृतसर में उतरने वाली हैं। अमेरिका ने जब अवैध रूप से उनके यहां रहने वाले भारतीयों को वापस भारत लौटाया था, तो मानवीय व्यवहार को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हुए थे और विपक्षी दलों ने सरकार को घेरा था। वहीं, अब अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर दो और फ्लाइट्स अमृतसर में उतरने वाली है। इसमें 119 भारतीयों के लौटने की संभावना जताई गई है।

अभी यह नहीं स्पष्ट हुआ है कि क्या उन लोगों को भारत लाने के लिए एक बार फिर अमेरिकी एयरफोर्स का ही विमान ▶▶ शेष पेज 4 पर

**इसमें 119 भारतीयों के लौटने की संभावना जताई गई**




पूर्व में यूएस एयरफोर्स से भारतीय प्रवासियों को भेजा गया था

*अभी यह नहीं स्पष्ट हुआ है कि क्या उन लोगों को भारत लाने के लिए एक बार फिर अमेरिकी एयरफोर्स का ही विमान आएगा, या फिर इसको लेकर भारत सरकार की तरफ से कोई व्यवस्था की गई है।*

- दूसरी उड़ान शनिवार रात 10 से 11 बजे के बीच अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद
- मोदी ने ट्रंप से साफ कहा कि भारत अपने सत्यापित नागरिकों को वापस लेने के लिए पूरी तरह तैयार

### *5 फरवरी को अमृतसर में उतरा था यूएस एयरफोर्स का विमान*

5 फरवरी को 104 भारतीयों को लेकर एक सी-17 विमान अमृतसर उतरा, जिसमें अधिकतर यात्री हरियाणा, गुजरात और पंजाब के थे। अब निर्वासित लोगों को लेकर एक भारतीय विमान के उतरने की उम्मीद है, जो पहली उड़ान के यात्रियों की तरह जंजीरों में बंधे हुए नहीं होंगे। शुरुआती उड़ान में यात्रियों के साथ किए गए व्यवहार को लेकर केंद्र सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ा था। पहले निर्वासित लोगों के साथ कथित 'अमानवीय व्यवहार' के कारण संसद में हंगामा मच गया था और विदेश मंत्री ने इस मुद्दे को अमेरिकी सरकार के समक्ष उठाने का वादा किया था।

### दूसरी फ्लाइट में सबसे ज्यादा पंजाब के लोग

अमेरिका से आ रही इस दूसरी फ्लाइट में पंजाब के 67, हरियाणा के 33, गुजरात के आठ, उत्तर प्रदेश के तीन, महाराष्ट्र और राजस्थान के दो-दो तथा गोवा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू -कश्मीर के एक-एक यात्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर चर्चा हुई।

**पीएम मोदी ने ट्रंप से कहा**

### यह लड़ाई सिर्फ अवैध प्रवासियों के खिलाफ नहीं उनके पीछे काम कर रहे पूरे सिस्टम के खिलाफ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अमेरिकी दौरे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस



दौरान पीएम मोदी ने अवैध रूप से रह रहे भारतीयों के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि भारत अपने सत्यापित नागरिकों को वापस लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन साथ ही मानव तस्करी के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से इस दिशा में संयुक्त कार्रवाई करने की अपील की। पीएम मोदी ने स्पष्ट कहा कि जो लोग अवैध रूप से किसी दूसरे देश में रहते हैं, उन्हें वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई ▶▶ शेष पेज 4 पर

**निजी स्कूलों पर हाई कोर्ट सख्त**

## अभिभावकों को बड़ी राहत, 50% फीस चुकाकर परीक्षा दे सकेंगे छात्र



**10 प्रतिशत से ज्यादा फीस वसूल करने वाले स्कूलों को राशि लौटानी होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक अहम आदेश जारी करते हुए अभिभावकों को राहत दी। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने निर्देश दिया कि अभिभावक कुल फीस का 50 प्रतिशत भुगतान 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ करें, जिसके बाद उनके बच्चों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिलेगी। शेष फीस जमा करने के लिए अभिभावकों को अगले माह तक की छूट दी गई है। इस मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। मध्य प्रदेश अभिभावक संघ के प्रतिनिधि सचिन गुप्ता ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मप्र हाई कोर्ट ने अतिथि शिक्षकों को दी राहत**

## शिक्षक भर्ती परीक्षा में बाद में जमा कर सकेंगे अनुभव प्रमाण पत्र



**इस आदेश से प्रदेश के हजारों अभ्यर्थियों को मिलेगा फायदा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने हजारों अतिथि शिक्षकों को आवेदन के समय अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करने की अनिवार्यता से राहत दी है। अब ऐसे अतिथि शिक्षक भी परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे, जिनके तीन शैक्षणिक सत्र में 200 दिन का शिक्षण अनुभव पूरा नहीं हुआ है।

उन्हें दस्तावेज सत्यापन के समय अनुभव प्रमाण पत्र जमा करना होगा। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने इस बार की भर्ती में नया नियम ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल 18 को खत्म**

## पीएम मोदी व राहुल गांधी करेंगे नए चुनाव आयुक्त का चयन, 17 फरवरी को बैठक

- कुमार को मई 2022 में मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल 18 फरवरी 2025 को खत्म होने जा रहा है। नए चुनाव आयुक्त के चयन के लिए कानून मंत्रालय ने तीन सदस्यीय कमेटी की बैठक बुलाई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल और लोकसभा में




नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चयन कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को पहली बार सीईसी की नियुक्ति के लिए लागू किया जा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हिमालय में करेंगे मेडिटेशन

राजीव कुमार ने अपने रिटायरमेंट प्लान के बारे में बताया था। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि 13-14 सालों से काम के चलते उन्हें समय नहीं मिल पाया। अब वह रिटायर होने के बाद चार-पांच महीनों के लिए हिमालय में जाएंगे और वहां एकांत में मेडिटेशन करेंगे।

## *दिल्ली में सीएम डॉ. मोहन यादव को अलॉट हुआ बंगला*

**इस बंगले में वर्षों से पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी रह रही थीं**



**इस बंगले को पूरा तैयार होने में करीब तीन से चार माह लगेंगे**

**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव को दिल्ली में 14 अशोक रोड पर एक कोठी अलॉट हो गई है। इस बंगले में वर्षों से पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी रह रही थीं। हाल ही में उन्होंने यह घर खाली कर दिया है। बीते दिनों मुख्यमंत्री ने इसका निरीक्षण भी किया है। इस दौरान उनके साथ मध्यप्रदेश के अधिकारियों की टीम भी मौजूद थी। सीएम ▶▶ शेष पेज 4 पर

**ग्वालियर में खनन माफिया के हौसले बुलंद**

## ट्रॉली रोकते समय एडीएम की टीम पर हमला धक्का-मुक्की कर गिट्टी से भरी ट्रॉली ले भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

शहर में अवैध खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं। गुरुवार शाम करीब 5 बजे एसडीएम सूर्यकांत त्रिपाठी की टीम ने बिना रॉयल्टी गिट्टी ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान माफिया ने न केवल एसडीएम के गनमैन के साथ धक्का-मुक्की की, बल्कि अपने साथियों की मदद से गिट्टी से भरी ट्रॉली लेकर फरार हो गए।

घटना का एक वीडियो भी



**घटना का वीडियो भी सामने आया, तीन आरोपियों पर केस दर्ज**

सामने आया है, जिसमें आरोपी एसडीएम के गनमैन के साथ अभद्रता करते नजर आ रहे हैं। बाद में आरोपियों ने डबका गांव में जाकर ट्रॉली खाली कर दी। मामले में हस्तिनापुर पुलिस ने भोगीपुरा निवासी कल्ली सिंह गुर्जर, एदल सिंह गुर्जर और डबका निवासी हरी सिंह के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने व खनिज अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है। हरी सिंह ने अपनी बोलेरो से ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को भागने में मदद की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर रुचिका चौहान ने कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है। उन्होंने कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सीसीपीए की चेतावनी :** कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न किया जाए

कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न किया जाए जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो

## भ्रामक दावे करने वाले आईआईटी-जेईई कोचिंग संस्थान पर 3 लाख रुपए का 'जुर्माना' ठोका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईआईटी-जेईई परीक्षा के परिणामों के बारे में भ्रामक दावे करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए 3 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड (आईआईटीपीके) पर ये कार्रवाई की गई है। यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि किसी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सीसीपीए ने अब तक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों के लिए 46 नोटिस जारी किए**

**अब तक 24 कोचिंग संस्थानों पर 77 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया**




### *राष्ट्रीय स्तर के टॉपर्स की गलत छवि पेश की, वे सिर्फ संस्थान के टॉपर थे*

संस्थान के विज्ञापनों में अभ्यर्थियों के नाम और तस्वीरों के सामने बोल्ड नंबर '1' और '2' के साथ-साथ आईआईटी टॉपर और नीट टॉपर जैसे शीर्षक प्रमुखता से दिखाए गए थे। यह गलत चित्रण यह भ्रामक धारणा बनाने के लिए किया गया था कि इन छात्रों ने संबंधित परीक्षाओं में अखिल भारतीय रैंक प्राप्त किया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आईआईटी रैंक के बारे में भ्रामक दावे

संस्थान ने आईआईटीपीके द्वारा पिछले 21 वर्षों में 1384 आईआईटी रैंक का सुझाव देते हुए यह दावा किया कि संस्थान द्वारा प्रशिक्षित 1384 छात्रों ने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश प्राप्त किया है। विज्ञापन में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि सभी 1384 छात्रों का चयन आईआईटी में नहीं हुआ। आईआईटी रैंक वाक्यांश का उपयोग करके, संस्थान ने उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाने में गुमराह किया कि इन छात्रों ने विशेष रूप से आईआईटी में ▶▶ शेष पेज 4 पर

# उद्योग फ्रेंडली नीतियों और नवाचार से मिलेगा निवेश को विस्तार, मप्र बनेगा नया इंडस्ट्रियल हब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र औद्योगिक निवेश और रणनीतिक नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। इस बार की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) न सिर्फ अपनी भव्यता बल्कि गहरे रणनीतिक बदलावों और नए औद्योगिक विज़न से भी चर्चा में है। भोपाल जो अब तक प्रशासनिक और सांस्कृतिक रूप से पहचाना जाता था, अब निवेश और व्यापार का नया ग्लोबल पॉइंट ऑफ इंटरेस्ट बनने जा रहा है।

**खास बातें**

- पहली बार सरकार 20 से अधिक नीतियों को एक साथ प्रस्तुत कर रही
- निवेशकों को सरकार की ठोस योजनाओं और तत्काल प्रभावी पॉलिसी सपोर्ट मिलेगा
- प्रदेश में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर



### पॉलिसी-ड्रिवन इन्वेस्टमेंट समिट' का नया मॉडल

इस वर्ष के जीआईएस को 'पॉलिसी-ड्रिवन इन्वेस्टमेंट समिट' का नया मॉडल दिया गया है। पहली बार सरकार 20 से अधिक नीतियों को एक साथ प्रस्तुत कर रही है, जिससे निवेशकों को हर सेक्टर के लिए स्पष्ट रणनीति और अवसर मिलेंगे। अब इन्वेस्टर्स को केवल संभावनाएं नहीं, बल्कि सरकार की ठोस योजनाओं और तत्काल प्रभावी पॉलिसी सपोर्ट का भरोसा मिलेगा।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हर सेक्टर के लिए अलग सत्र होंगे

इस बार जीआईएस पारंपरिक कॉन्फ्रेंस से आगे बढ़कर फोकस्ड इन्वेस्टमेंट डिस्कशन का मंच बनने जा रहा है, यानी आईटी, टैक्सटाइल, फार्मा, ऑटोमोबाइल, ईवी, अक्षय ऊर्जा जैसे हर सेक्टर के लिए अलग सत्र होंगे, जहां इंडस्ट्री लीडर्स और सरकार के बीच प्रत्यक्ष संवाद और सेक्टर-केंद्रित समझौते होंगे। समिट में पहली बार 'इंडस्ट्रियल एक्सपो' और 'मेक इन एमपी' का संयोजन किया गया है, जहां प्रदेश की औद्योगिक ताकत, विनिर्माण क्षमता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में उसकी स्थिति को प्रस्तुत किया जाएगा।

**यह जीरो अपशिष्ट समिट होगी**

जीआईएस-2025 को 'जीरो अपशिष्ट' समिट बनाने की रणनीति तैयार हो चुकी है। समिट स्थल पर केवल इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग होगा, आयोजन स्थल 100% अक्षय ऊर्जा से संचालित होगा और पूरे समिट में पेपरलेस ऑपरेशंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-बेस्ड इंटरेक्शन और डिजिटल टेक्नोलॉजी का समावेश होगा।

### औद्योगिक राजधानी के रूप में नई पहचान

भोपाल को पहली बार औद्योगिक राजधानी के रूप में नई पहचान मिलने जा रही है। यह आयोजन प्रदेश की नई इंडस्ट्रियल जर्नी की आधारशिला साबित होगा। समिट न केवल बड़े निवेशकों के लिए, बल्कि माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमईज) और स्टार्टअप्स के लिए भी एक बड़ा अवसर लेकर आ रही है। प्रदेश के स्थानीय उद्यमों को वैश्विक निवेशकों और तकनीकी साझेदारों के साथ जोड़ने की कार्ययोजना तैयार की गई है, जिससे इनका विस्तार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक होगा।

### औद्योगिक क्षेत्रों को नई टेक्नोलॉजी, ग्लोबल टाई अप्स का फायदा मिलेगा

राजधानी के चारों ओर फैले औद्योगिक क्षेत्रों मंडीदीप, गोविंदपुरा, बागरोदा, पिलुखेड़ी और अन्य औद्योगिक हब को इस समिट से नए निवेश, नई टेक्नोलॉजी और ग्लोबल टाई-अप्स का फायदा मिलेगा। जीआईएस-2025 निवेश ही नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार और स्किल डेवलपमेंट के अवसर देने वाला मंच साबित होगा। समिट में आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, बायोटेक्नोलॉजी और अन्य क्षेत्रों में नई नौकरियों के अवसर पैदा करने वाले एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे।

### औद्योगिक क्रांति का केंद्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मप्र अब केवल 'संभावनाओं का प्रदेश' नहीं, बल्कि 'औद्योगिक क्रांति का अगला केंद्र' बन चुका है। जीआईएस- 2025 के मंच से प्रदेश की आर्थिक शक्ति, नीति-संवर्धित औद्योगिक मॉडल और वैश्विक निवेश के प्रति प्रतिबद्धता पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत होगी। भोपाल अब सिर्फ मप्र की राजधानी नहीं, बल्कि भारत के नए औद्योगिक भविष्य का प्रतीक बनने की ओर अग्रसर है। जीआईएस इसी परिवर्तन की मजबूत नींव रखने जा रहा है।

---

मुख्यमंत्री ने कहा, कृषकों को सोलर पम्प और गोपालन के लिए प्रोत्साहित करेगी जन अभियान परिषद

# सर्पदंश से मृत्यु की रोकथाम के साथ सांप पकड़ने हर थाने में उपलब्ध रहेगा एक प्रशिक्षित व्यक्ति

*कैंसर से बचाव के लिए प्राकृतिक और अक्षय कृषि अपनाना जरूरी*

*डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई जन अभियान परिषद की 15वीं बैठक*

श्रीअन्न की उपज लेने और तिलहन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित और प्रेरित करने की आवश्यकताः सीएम

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन-अभियान परिषद कार्यकारिणी की बैठक में कहा कि स्वयंसेवी संगठनों, प्रस्फुटन समितियां और नवांकुर संस्थाएं कृषकों को ऊर्जा में आत्म-निर्भर बनाने के लिए सोलर पंप लगवाने के लिए प्रेरित करें। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से गोपालन को भी प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने दोनों गतिविधियों को अभियान के रूप में संचालित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मप्र जन अभियान परिषद की कार्यकारिणी सभा की 15वीं बैठक मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, मोहम्मद सुलेमान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### रसायनिक खाद के खतरे बताए

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र कैंसर जैसे घातक रोगों से निरंतर प्रभावित हो रहे हैं। रासायनिक खाद और कीटनाशकों के बल पर ली जा रही उपज के खतरों से किसानों को अवगत करवाना जरूरी है। परिषद, किसानों को प्राकृतिक और अक्षय कृषि के लिए प्रोत्साहित करें। जन अभियान परिषद इन क्षेत्रों में कार्य कर ऊर्जा, जल और पर्यावरण संरक्षण, बेहतर स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में योगदान दे सकती है।

### जल गंगा अभियान को जन-जन का अभियान बनाना जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा अभियान को जन-जन का अभियान बनाना जरूरी है। इसमें जन अभियान परिषद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ मिलकर परिषद ग्राम स्तर तक वातावरण निर्माण में सक्रियता से योगदान दें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप श्रीअन्न की उपज लेने और तिलहन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित और प्रेरित करने की आवश्यकता बताई। बैठक में नवांकुर संस्थाओं के प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम तथा विकास गतिविधियों एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए संचालित गतिविधियों का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। साथ ही अन्य विषयों पर विमर्श हुआ।

### व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण पुस्तिका का विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर जन अभियान परिषद की ओर से महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सहयोग से मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के लिए समाज कार्य स्नातक पाठ्यक्रम के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने जन अभियान परिषद के संभागीय समीक्षा प्रतिवेदन 2024-25 तथा स्वैच्छिक संगठनों का संसार पुस्तिका का भी विमोचन किया। प्रदेश में सर्पदंश से हो रही मृत्यु की रोकथाम और बचाव की दृष्टि से सर्प पकड़ने और प्राथमिक उपचार के लिए होमगार्डस, युवाओं, इच्छुक व्यक्तियों के प्रशिक्षण के लिए सर्प अनुसंधान संगठन उज्जैन के साथ मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इससे प्रदेश के प्रत्येक थाने में एक प्रशिक्षित व्यक्ति की उपस्थिति सुनिश्चित हो सकेगी

---

मुख्यमंत्री योगी ने भोपाल के प्राकृतिक सौंदर्य की प्रशंसा की

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उप्र के सीएम योगी को भेंट की राजाभोज की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और अंगवस्त्रम पहनाकर व राजाभोज की प्रतिमा भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवास कार्यालय कक्ष से मुख्यमंत्री योगी को भोपाल की बड़ी झील (भोजताल) के सांध्यकालीन अनुपम सौंदर्य का अवलोकन कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल की पहचान यह झील सदियों पुरानी है। यहां के तत्कालीन प्रजापालक शासकों ने उच्च तकनीक का इस्तेमाल कर इसे जल संग्रहण के लिए निर्मित कराया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने भोपाल के प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना की।

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने चर्चा के दौरान पूछा कि मप्र में सिंहस्थ कब है? मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि वर्ष 2028 में उज्जैन शहर में सिंहस्थ का भव्य आयोजन होगा। सिहंस्थ आयोजन को सफल बनाने के लिए वर्तमान में महाकुंभ में व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के लिए मप्र से अधिकारी गए हैं।





### सारंग, सिंह और शर्मा ने किया स्वागत

मुलाकात के दौरान उप्र सरकार में जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मप्र के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक रामेश्वर शर्मा भी मौजूद थे। सीएम योगी का सारंग, सिंह और शर्मा ने स्वागत किया।

---

# उप राष्ट्रपति धनखड़ का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को पुराने हवाई अड्डे पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आगमन पर उनकी अगवानी की। उन्होंने उप राष्ट्रपति को अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भी उप राष्ट्रपति का स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, खेल एवं युवक कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, सांसद खजुराहो वीडी शर्मा, महापौर नगर निगम भोपाल मालती राय, मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## महिलाएं गो-शालाओं में करेंगी गायों की देखभाल

**भोपाल।** राजधानी की ग्राम पंचायतों में बनी गोशालाओं का संचालन अब महिलाओं के द्वारा किया जाएगा। इसकी तैयारी जिला पंचायत भोपाल ने शुरू कर दी है। इसके लिए स्वसहायता समूह की सूची तैयार की जा रही हैं, इनकी महिला सदस्यों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसके बाद एक-एक कर गोशालाएं सौंपी जाएंगी। इससे महिलाओं को रोजगार मिलेगा साथ ही वह आत्मनिर्भर भी बनेंगी। पंचायतों में बनी गोशालाओं का जिम्मा महिला स्वसहायता समूह के हाथों में देने से पहले प्रशिक्षित किया जाएगा। इन गोशालाओं से जितने दूध का उत्पादन होगा उसका आर्थिक लाभ स्वसहायता समूह को होगा। सीईओ, जिला पंचायत इला तिवारी ने कहा कि इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं, महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

# हम किसी भी कार्यकारी नियुक्ति में भारत के मुख्य न्यायाधीश को कैसे शामिल कर सकते हैं?: धनखड़

▸ राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में विद्यार्थियों से उप राष्ट्रपति ने की चर्चा, कहा- न्यायपालिका की सार्वजनिक उपस्थिति मुख्य रूप से निर्णयों के माध्यम से होनी चाहिए, निर्णयों के अलावा कोई भी अभिव्यक्ति का तरीका संस्थागत गरिमा को कमजोर करता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे देश में या किसी भी लोकतंत्र में, क्या कोई कानूनी तर्क हो सकता है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को सीबीआई निदेशक के चयन में भागीदारी करनी चाहिए! क्या इसके लिए कोई कानूनी आधार हो सकता है? मैं समझ सकता हूं कि यह विधायी प्रावधान इसलिए अस्तित्व में आया, क्योंकि उस समय की कार्यकारी सरकार ने न्यायिक निर्णय को स्वीकार किया। लेकिन अब समय आ गया है कि इसे फिर से देखा जाए। यह निश्चित रूप से लोकतंत्र के साथ मेल नहीं खाता। हम भारत के मुख्य न्यायाधीश को किसी भी कार्यकारी नियुक्ति में कैसे शामिल कर सकते हैं!भोपाल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में संकाय और छात्रों से बातचीत करते हुए धनखड़ ने शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन होने पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि लोकतंत्र संस्थागत पृथक्करण पर नहीं, बल्कि समन्वित स्वायत्तता पर जीवित रहता है।



### निर्णय से हो उपस्थिति

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि न्यायपालिका की सार्वजनिक उपस्थिति मुख्य रूप से निर्णयों के माध्यम से होनी चाहिए। निर्णय अपने आप में बोलते हैं। निर्णयों का वजन होता है। और यदि निर्णय देश के उच्चतम न्यायालय से आता है, तो यह एक बंधनकारी निर्णय होता है। निर्णयों के अलावा कोई अन्य प्रकार की अभिव्यक्ति संस्थागत गरिमा को अनिवार्य रूप से कमजोर करती है। न्यायिक समीक्षा के बारे में बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि संसद कानून बनाने में सर्वोच्च है, न्यायिक समीक्षा के अधीन। यह एक अच्छी बात है। न्यायिक समीक्षा इस आधार पर होनी चाहिए कि कानून संविधान के अनुरूप है या नहीं। लेकिन जब भारतीय संविधान में कोई संशोधन करने की बात आती है, तो अंतिम अधिकार, अंतिम शक्ति, और अंतिम प्राधिकरण केवल भारतीय संसद के पास है।

# दहेज में नहीं मिली कार, बारात लेकर नहीं आया दूल्हा,अस्पताल में हुआ भर्ती

▸ दुल्हन के पिता ने लगाया कार नहीं देने पर शादी नहीं करने का आरोपः देर रात तक चलती रही मान-मनौव्वल की रस्म, इंस्पेक्टर के बेटे की सेना के जवान की बेटी के साथ थी शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दहेज में कार नहीं मिलने से नाराज दुल्हा बारात लेकर नहीं पहुंचा। वह मंडप पर पहुंचने से पहले बुखार चढ़ने का बहाना कर अस्पताल में भर्ती हो गया। उसके बाप ने दावा किया कि बेटे की अचानक तबियत बिगड़ गई थी। इसलिए वह मंडप तक बारात नहीं ला सका। इधर, लड़की के पिता दर्द बताते-बताते रो पड़े। बोले कि दहेज लोभ दामाद-समधी ने बीमार होने का स्वांग रचा है।

जानकारी के मुताबिक, सेना में पदस्थ जवान की बेटी डायल-100 में पदस्थ निरीक्षक गोपाल सिंह चौहान के बेटे राहुल की के साथ सगाई हो चुकी है। 14 फरवरी को लालघाटी के स्वागत मैरिज गार्डन में शादी होनी तय हुई। लड़की पक्ष शादी की पूरी तैयारी कर मैरिज गार्डन में पहुंच गया था। शाम को गोपाल सिंह चौहान ने लड़की के पिता को बताया कि बारात राजगढ़ से बारात निकल गई है। इसके थोड़ी देर बाद बताया कि लड़के की तबियत बिगड़ गई है। बारात नहीं आ रही है। लड़के को अस्पताल में एडमिट करा दिया हूं। इससे लड़की के पिता घबरा गए। थोड़ी देर बाद लड़की के पिता से कार की डिमांड की गई। जिसे देने से उन्होंने असमर्थता जाहिर कर दी। इससे लड़के के पिता ने बारात लाने से मना कर दिया।

### मई 2023 में हुई थी सगाई

लड़की के फुफेरे भाई ने बताया कि मई 2023 में दोनों की सगाई हुई थी। एक साल बाद शादी होना थी, लेकिन लड़के वाले शादी टालते रहे और आखिरकार 14 फरवरी के मुहूर्त पर शादी तय हुई। उसके अनुसार शादी के तीन महीने पहले से लड़के वालों ने दहेज की मांग शुरू कर दी थी। लड़का दहेज में कार की मांग कर रहा था। हमने मांग पूरी नहीं कि तो उन्होंने बहाने बनाने शुरू कर दिए। लड़के के पिता ने बताया कि दो साल तक लड़के-लड़के बात करते रहे। अचानक मेरे बेटे ने लड़की से बात करना बंद कर दिया। मैंने लड़की के पिता से कहा कि दोनों को एकसाथ बैठाकर बात करा देते हैं। लेकिन, उन्होंने बात लड़के-लड़की को साथ में नहीं बैठाया। इससे बात नहीं करने की वजह पता नहीं चली।

### बारात का इंतजार करते रहे अतिथि

लड़की पक्ष ने रिश्तेदारों को न्यौता दे दिया था। उनके सभी रिश्तेदार मैरिज हाल में पहुंच चुके थे। सभी बारात के आने का इंतजार कर रहे थे। जब रिश्तेदारों को पता चला कि बारात नहीं आ रही है, तो सब निराश हो गए। समाज के लोगों ने बात भी की लेकिन, बारात लाने को लड़का पक्ष तैयार नहीं हुआ।

### इनका कहना...

पौने दो साल पहले सगाई हुई थी। बाद में दूल्हे ने कार की मांग की, हमने कार नहीं दी तो उन्होंने शादी से इनकार कर दिया।

**- लड़की के पिता**

हमने दहेज की मांग नहीं की है। मेरे बेटे की तबीयत खराब हो गई थी। वह राजगढ़ अस्पताल में भर्ती है, जिसके चलते शादी नहीं हो सकी। मेरा बेटा भाजपा में नेता है। मुझे दहेज की कोई लालसा नहीं है। बड़े बेटे की शादी में भी मैं कोई दहेज नहीं लिया था। जबकि बड़ा बेटा पुलिस में है।

**गोपाल सिंह चौहान, लड़के के पिता**

---

कालिदास अकादमी उज्जैन में तीन दिवसीय जीवन प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन

मुख्यमंत्री ने किया यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव 2025 का वर्चुअली शुभारंभ


# वैश्विक चुनौतियों का समाधान देगा 'बुद्ध में है विश्व का भविष्य, युद्ध में नहीं' का विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक चुनौतियों का समाधान युद्ध में नहीं बुद्ध में मानते हैं। सनातन संस्कृति में कई सभ्यताओं के आविर्भाव से पहले ही वसुधैव कुटुम्बकम की बात कही गई थी। प्रधानमंत्री मोदी इसी भाव से विश्व को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कालिदास अकादमी उज्जैन में आरंभ यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव-2025 के तीन दिवसीय जीवन प्रबंधन कार्यशाला का मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल शुभारंभ किया।

### विशेष सांस्कृतिक संध्या गतिविधियों का होगा आयोजन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस कॉन्क्लेव के प्रमुख आकर्षणों में महाकालेश्वर जलाभिषेक, पृथ्वी तत्व का आव्हान, पंचमहाभूत आव्हान और विशेष सांस्कृतिक संध्या जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इन अनुष्ठानों से सम्पूर्ण विश्व के बीच एकता और समरसता को प्रकट करने के प्रयास होंगे। कुल 22 देशों के प्रतिनिधि अपने-अपने देशों की नदियों के जल से बाबा महाकाल का अभिषेक करेंगे। यह कॉन्क्लेव भारत की प्राचीन संस्कृति, योग और आध्यात्मिकता को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर है। यह भारत की पॉवर को और अधिक सशक्त करेगा तथा विश्व, भारत की आध्यात्मिक शक्ति से लाभान्वित हो सकेगा।

### प्रत्येक जीव में ईश्वर का वास

भारतीय संस्कृति प्रत्येक जीव में ईश्वर का वास और विश्व के कल्याण में विश्वास रखती है। वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में जहां युद्ध, आतंकवाद और संघर्ष ने पूरी दुनिया को तनावग्रस्त किया है, ऐसे में यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव जैसे आयोजन शांति, समरसता और मानवता की आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए समाधान प्रदान करते हैं।

### वैश्विक शांति की स्थापना का संकल्प दिलाया

मुख्यमंत्री ने कॉन्क्लेव के सहभागियों से वैश्विक शांति की स्थापना और विश्व में प्रेम, सौहार्द्र तथा सकारात्मकता के प्रसार में हरसंभव योगदान देने संकल्प लेने का आह्वान किया। कॉन्क्लेव में 22 देशों के विद्वान, संत, आध्यात्मिक शिक्षक और लाइफ कोच विचारक वैश्विक शांति और समरसता के लिए अपने विचार साझा करेंगे।

## दिव्यांगजन की सलाह से बनाया जाएगा सुगम वातावरण

**भोपाल।** दिव्यांगजनों को सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों, मॉल और सिनोमाघरों में उनकी सुविधानुसार किस तरह का सुगम्य वातावरण होना चाहिए। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर्स के सहयोग से दिव्यांगजन की सुगम्य यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं आयुक्त निःशक्तजन सोनाली वायंगणकर ने बताया कि सामाजिक न्याय मंत्रालय के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने सुगम्य यात्रा निकाली जाएगी। इसमें सरकारी भवनों, कलेक्ट्रेट, तहसील, नपा, ननि सहित अन्य शासकीय कार्यालयों, सिनेमा घरों, सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर उपलब्ध साधन सुविधाओं की जमीनी हकीकत को देखेंगे।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 15 फरवरी 2025






एयरपोर्ट रोड स्थित फ्लाईओवर की दीवारों की गई है आकर्षक चित्रकारी।



राजा भोज विमानतल के साथ एयरपोर्ट रोड भी संवरने लगा है।

### समिट को लेकर दुल्हन की तरह सजाया जा रहा शहर

## एयरपोर्ट रोड संवारा, पुराने शहर के फव्वारों में आया पानी, फुटपाथ भी हो रहे रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश विदेश के बीस हजार मेहमानों की आगवानी के लिए शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। जहां मेहमान सबसे पहले आएंगे यानि एयरपोर्ट पर भी विशेष साज-सज्जा की जा रही है। इसके अलावा पूरी एयरपोर्ट रोड को भी विभिन्न चित्रकारी कर सजाया जा रहा है। इसके साथ ही पुराने शहर के इकबाल मैदान में पिछले पंद्रह साल से बंद पड़े फव्वारों को चालू कर दिया गया है। इसके साथ मैदान के आसपास की बाउंड्री को भी दुरुस्त किया जा रहा है। इसके साथ रोटरी की मरम्मत भी की जा रही है।

कलेक्टोरेट स्थित फ्लाई ओवर ब्रिज की सड़क भी बनाई जा रही है। नगर निगम इकबाल मैदान की सुंदरता को फिर से निखारने की कोशिश कर रहा है। विशेष रूप से, लगभग 15 वर्षों से बंद पड़ा वाटर फाउंटेन एक बार फिर चालू कर दिया गया है, जिससे मैदान की शोभा और बढ़ गई है। आगामी आयोजन को देखते हुए प्रशासन ने इसकी मरम्मत और सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### होशंगाबाद और कोलार रोड पर हुई प्रॉपर्टी के रेट में बेतहाशा बढ़ोतरी

## हाईवैल्यू की रजिस्ट्री देखकर दस साल में बढ़ा दिए 600 फीसदी दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाने के लिए पंजीयन विभाग के अफसरों ने पेपर वर्क शुरु कर दिया है। आर्टिफिशल इंटेलीजेंस की मदद से तीन हजार से अधिक लोकेशन्स निकाली गई हैं, जिससे इस बार भी प्रॉपर्टी के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी की जाएगी।

दरअसल, इसके पहले नवंबर माह में भी चार सौ से अधिक लोकेशन पर दाम बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था, लेकिन विरोध के बाद उसे टाल दिया गया था। ऐसे में राजधानी में पिछले दस साल में छह सौ फीसदी तक दाम बढ़ाए गए हैं। इसी का नतीजा है कि वर्ष-2012 से लेकर अब तक होशंगाबाद और कोलार क्षेत्र में दो हाईवैल्यू की रजिस्ट्री को आधार बनाकर छह सौ फीसदी तक रेट बढ़ा दिए गए।

### जीआईएस के बाद होगी उपजिला मूल्यांकन समिति की बैठक



होशंगाबाद रोड स्थित एक आवासीय परिसर का चित्र।

#### डेढ़ हजार लोकेशंस पर बढ़ेंगे रेट

इस बार भी डेढ़ हजार से अधिक लोकेशन पर पांच से पचास फीसदी तक प्रॉपर्टी के रेट बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसे 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के बाद उपजिला मूल्यांकन समिति में पेश किया जाएगा। समिति फाइनल बैठक के बाद जिला मूल्यांकन समिति को भेजेगी। कलेक्टर गाइडलाइन में पिछले 12 साल से मनमाने तरीके से रेट बढ़ाए जा रहे हैं। 2012-13 के बाद तो स्थिति और ज्यादा खराब हो गई। एक कॉलोनी की दो हाईवैल्यू रजिस्ट्री पर वहां के रेट 20% बढ़ा दिए जाते हैं। इसी का नतीजा है कि अब तक कलेक्टर गाइडलाइन में जमीनों की दरों में छह सौ फीसदी तक बढ़ोतरी की गई, भले ही यहां इतने अच्छे सौदे नहीं हो रहे हों।

#### आर्गेनाइज्ड कमर्शियल फॉर्मूला लगाकर बढ़ाए दाम

*पंजीयन अफसर आर्गेनाइज्ड कमर्शियल जोन चिन्हित करने के बाद वहां की नई कॉलोनियों में हो रहे निवेश को भी आधार बनाकर रेट बढ़ा देते हैं। होशंगाबाद रोड पपर शॉपिंग मॉल, स्ट्रीट शॉपिंग, क्लब, मैरिज गार्डन, हॉस्पिटेलिटी और ऑफिस स्पेस काफी है। दो साल बाद मिसरोद से मंडीदीप के बीच भी बड़े बिजनेस सेंटर बनकर तैयार हो जाएंगे। यहां लगभग 40 प्रतिशत स्वतंत्र आवास, 40 प्रतिशत अपार्टमेंट्स, 20 प्रतिशत रेसीडेंशियल और कमर्शियल प्लॉट्स हैं। कोलार रोड, अयोध्या बायपास, रायसेन रोड, नीलबड़, लांबाखेड़ा सहित कई अन्य क्षेत्रों में बढ़ोतरी प्रस्तावित की जा रही है।*

### फेमस होने करता था ड्यूटी पर सोते हुए गार्ड की हत्या, पुलिस भी थी निशाने पर

### सागर में तीन हत्याएं कर भोपाल आकर की थी चौथी हत्या

## गार्ड की हत्या करने वाले सीरियल किलर को उम्रभर रहना होगा जेल में

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

एक सितंबर 2022 की रात के तीसरे पहर मार्बल की दुकान में सो रहे गार्ड सोनू वर्मा के सिर पर भारी पत्थर पटक कर उसकी हत्या करने वाले सीरियल किलर शिव प्रसाद उर्फ हल्कू को राजधानी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने दोषी सिद्ध ठहराते हुए आजीवन कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सुधाविजय सिंह भदौरिया द्वारा अभियोजन की ओर से प्रकरण में पैरवी की गई। सोनू वर्मा की हत्या करने से पहले आरोपी ने सागर में भी तीन गार्डों की रात में सोते समय हत्या कर दी थी। एक मामले में सागर की जिला अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अभियोजन के अनुसार 1 सितंबर 2022 की रात सीरियल किलर शिव प्रसाद धुर्वे ने थाना खजूरी सड़क भोपाल इलाके में मार्बल की दुकान पर रात के समय सो रहे गार्ड सोनू वर्मा के सिर पर पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। गार्ड सोनू वर्मा की हत्या की वारदात सीसीटीवी में रिकार्ड हो गई थी। 2 सितंबर 2022 की सुबह जब संतोष पचलानिया नामक व्यक्ति ने गार्ड सोनू का शव देखा तो दुकान के मालिक और पुलिस थाना खजूरी सड़क को सूचना दी। पुलिस ने फरियादी संतोष की शिकायत पर गार्ड सोनू की हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया था। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज देखने पर यह खुलासा हुआ कि आरोपी शिव प्रसाद उर्फ हल्कू ने गार्ड सोनू की हत्या की है। इसके बाद आरोपी शिव प्रसाद गार्ड का मोबाइल लूट ले गया था। आरोपी धुर्वे ने जैसे ही गार्ड का मोबाइल ऑन किया वैसे ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया था कि उसने सागर में भी सिलसिलेवार तीन गार्ड की रात में सोते समय हत्या की हैं।



मृतक सोनू वर्मा



मृतक शंभूदयाल



मृतक कल्याण



मृतक मंगल



पुलिस हिरासत में आरोपी शिवदयाल धुर्वे।

#### कब-कब की हत्याएं

- 27 अगस्त 2022 की रात को सागर में कल्याण सिंह की आरोपी शिव प्रसाद ने हथौड़ा मारकर हत्या कर दी थी।
- 29 अगस्त 2022 की रात आरोपी धुर्वे ने सागर के शास. कॉलेज में गार्ड शंभू दयाल दुबे की पत्थर से हत्या की थी।
- 30 अगस्त 2022 की रात सागर के रतौना कस्बे के पास बन रहे मकान में सो रहे गार्ड की फावड़े से हत्या कर धुर्वे 31 अगस्त की रात भोपाल आ गया था। अगले दिन 1 सितंबर की रात धुर्वे ने गार्ड सोनू वर्मा की हत्या की थी।

#### बचपन से ही था लड़ाकू प्रवृत्ति का

सागर जिले के केसली ब्लाक के ग्राम केंकरा का निवासी आरोपी शिव प्रसाद उर्फ हल्कू उम्र21 साल 8वीं तक पढ़ा है। वह बचपन से लड़ाकू प्रवृत्ति का है। स्कूल में गांव के लड़कों को छोटी-छोटी बात पर पीट देता था। उसकी गांव में किसी से दोस्ती नहीं थी। सभी से झगड़ता रहता था।

## सौरभ के वकील ने ईडी ऑफिस पहुंचकर की 15 मिनट तक मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा, सहयोगी चेतन और पार्टनर शरद 17 फरवरी तक ईडी की रिमांड पर हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस बीच शुक्रवार को वकील राकेश पाराशर ईडी ऑफिस पहुंचे और अपने क्लाइंट सौरभ शर्मा से मुलाकात की। ईडी के अधिकारियों ने रिशेप्सन पर बुलाकर सौरभ से मिलवाया। वकील ने कोर्ट द्वारा जांच एजेसियों को जो निर्देश दिए गए हैं, उनका सही से पालन हो रहा है या नहीं, इसकी जानकारी भी ली।

सौरभ बताया कि रोज की तरह शुक्रवार को भी तीनों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। करीब 15 मिनट मुलाकात के बाद वे ईडी आफिस के बाहर निकले। इस दौरान सौरभ ने विधिक परामर्श किया। अब तीनों आरोपी सोमवार को जमानत का आवेदन कोर्ट में दाखिल करेंगे। विदित हो कि सौरभ और शरद के परिजनों ने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर ईडी की रिमांड के दौरान मुलाकात की मांग की थी, लेकिन अदालत ने इस मांग को खारिज कर दिया था।



- अब सोमवार को सौरभ, चेतन और शरद कोर्ट में दाखिल करेंगे जमानत का आवेदन

#### सीआरपीएफ की निगरानी, स्पेशल सेल में पूछताछ

ईडी आफिस में भी तीनों आरोपियों को अस्थाई रूप से बनाए बैरक में अलग-अलग रखा गया है। वहीं स्पेशल सेल में तीनों को आमने सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही सीआरपीएफ के सशस्त्र आधा दर्जन जवान सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। ये जवान 24 घंटे ईडी परिसर में तैनात रहते हैं और आने-जाने वाले लोग भी उनकी निगरानी में रहते हैं। ईडी ने अपने आफिस का एंट्री गेट बंद कर दिया है, क्योंकि वहां कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। इसलिए बीएसएनएल के गेट से आने-जाने वाले दाखिल हो रहे हैं।

## विद्यार्थी विश्वास और सकारात्मक भाव से परीक्षा में हों शामिल

### मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए दीं शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विद्यार्थी स्वयं में विश्वास रखते हुए सकारात्मक भाव से परीक्षा में शामिल हों। मुख्यमंत्री ने कल से शुरू हो रहीं सीबीएसई की कक्षा दसवीं की परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्यार्थी परीक्षाओं को सामान्य गतिविधि के भाव से लें, परीक्षाओं का अनावश्यक तनाव न रखें, मन पर भार रखने से परिणाम अनुकूल नहीं आते हैं। विद्यार्थी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आनंद के साथ परीक्षा देने के मार्ग का अनुसरण करें, अपनी क्षमता, योग्यता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। यह भाव न रखें कि यह परीक्षा ही अंतिम है, ऐसे कई प्रसंग हैं, जहां परीक्षाओं में असफल होने वालों ने जीवन के अन्य क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियां अर्जित की हैं। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के लिए जारी संदेश में यह बात कही।

### पीएमएलए के प्रावधानों के तहत स्पेशल कोर्ट ने सुनाई थी 3 साल की सजा

## ईडी ने मिनाल रेसीडेंसी स्थित रेंजर के कुर्क मकान किए जब्त

- लोकायुक्त ने छापों में बरामद की थी 1.28 करोड़ रुपए की संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईडी ने खंडवा में पदस्थ रेंजर हरिशंकर गुर्जर और उनकी पत्नी की कुर्क संपति को जब्त किया है। पूर्व में रेंजर और उनकी पत्नी को विशेष न्यायालय भोपाल द्वारा 3 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। वहीं वर्ष 2009 में लोकायुक्त पुलिस ने गुर्जर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 एवं आईपीसी 1860 के तहत कार्यवाही की थी।

वर्ष 2009 में लोकायुक्त पुलिस ने खंडवा, हरदा और भोपाल में रेंजर के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान मिनाल रेसिडेंसी स्थित दो मकानों सहित अन्य प्रापर्टी होने का खुलासा हुआ। लोकायुक्त द्वारा 14 जुलाई 2009 को की गई कार्रवाई में गुर्जर के पास लगभग 1.28 करोड़ रुपए की संपत्ति होना पाई गई थी। जिसमें प्रापर्टी के अलावा नगदी 2.5 लाख रुपए, बीमा पॉलिसियों में 13 लाख रुपए का निवेश, लगभग 3 लाख रुपए के जेवर और बैंकों में लगभग 10 लाख रुपए जमा होना पाया गया।

#### मनी लॉंड्रिग की हुई थी जांच

ईडी द्वारा शुक्रवार को अधिकृत जानकारी में बताया कि वन विभाग के खंडवा जिले में पदस्थ रेंजर और उनकी पत्नी के विरुद्ध लोकायुक्त की एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की गई। इस मामले में उनके पास आय के ज्ञात स्रोत के आधार पर आय से अधिक संपत्ति मिली है। इसी आधार पर ईडी ने मनी लॉड्रिंग की जांच कर अचल संपत्तियां जांच के दायरे में ली गई हैं। जिसमें उनके मनी ट्रैल्स का पता किया गया। बेटे अभिषेक गुर्जर के नाम पर प्रापर्टी मिली। जांच में पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत भोपाल मिनाल रेसीडेंसी के दो मकानों को कुर्क किया गया था। इसके बाद ईडी ने इसे जब्त कर लिया। विदित हो कि पूर्व में विशेष न्यायालय भोपाल ने 29 अप्रैल 2023 को जारी आदेश के अंतर्गत गुर्जर और उनकी पत्नी को दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष की सजा सुनाई थी। ईडी की कार्रवाई के खिलाफ गुर्जर ने उच्च न्यायालय और उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय में अपील की लेकिन उनको कोई राहत नहीं मिल सकी।

## दिन व रात में फिर सर्दी का असर, भोपाल, इंदौर उज्जैन में गिरा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में ठंड का असर फिर बढ़ा है। उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से शुक्रवार को रात में 7 डिग्री और दिन में पारा 23 डिग्री तक आ गया। वहीं, दिन में तापमान 6.2 डिग्री तक लुढ़क गया। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में भी गिरावट हुई है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से पारे में बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि पूरे फरवरी महीने में तापमान में ऐसी ही उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इस वजह से तापमान में गिरावट देखने को मिली है। हालांकि दिन और के समय ठंडक बनी रहेगी।

### आरपीएफ प्रधान आरक्षक की जागरुकता से बची जान

## गलत ट्रेन में चढ़ी महिला यात्री फिर चलती ट्रेन से उतरते समय प्लेटफॉर्म पर गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन आरपीएफ प्रधान आरक्षक की बहादुरी का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें उन्होंने चलती ट्रेन से गिरी महिला की जान बचाई।

दरअसल, महिला यात्री दूसरी ट्रेन में चढ़ गई थी। ऐसे में चलती ट्रेन से उतरते वक्त महिला नीचे गिर गई। तभी अपनी जान पर खेलते हुए,आरपीएफ प्रधान आरक्षक रविंद्र कुमार यादव ने उसे खींच लिया, जिससे महिला यात्री की जान बच गई। उससे किसी तरह की चोट नहीं आई।



जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 5 बजे गाड़ी संख्या 19324 भोपाल आंबेडकर नगर इंटरसिटी एक्सप्रेस चार नंबर प्लेटफार्म से रवाना हो रही थी। इसी दौरान आरपीएफ प्रधान आरक्षक द्वारा गाड़ी को पास करा रहे थे। इसी दौरान मेघा अहिरवार नामक यात्री चलती ट्रेन से नीचे उतरने के दौरान हादसे का शिकार हो गई। इस दौरान प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक यादव द्वारा तत्काल से महिला को पकड़कर नीचे घुसने से खींचकर बचाया।

महिला यात्री को दमोह जाना था। लेकिन वह गलती से दूसरी ट्रेन में सवार हो गई थी। जब महिला यात्री को पता चला कि यह ट्रेन वहां नहीं जा रही है तो वह चलती ट्रेन से उतरने लगी। इस दौरान वहां देवदूत बनकर प्रधान आरक्षक द्वारा तत्परता, सूझबूझ से महिला यात्री की जान बचाकर सराहनीय कार्य किया है।

#### तीन माह पहले महिला यात्री की चली गई थी जान

इसी तरह की एक घटना में 10 नवंबर को 45 वर्षीय बिंदु परिहार नामक एक महिला यात्री की दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल, मालवा एक्सप्रेस से अपनी भाभी के साथ देवास जाना था। लेकिन वह गलती से समता एक्सप्रेस ट्रेन चढ़ गई थी। बोगी में अन्य यात्रियों से जब महिला को यह पता चला कि ये मालवा एक्सप्रेस नहीं है तो वह आनन-फानन ट्रेन से नीचे उतरने दौरान हादसे का शिकार हो गई थी। जिसमें उसकी जान चली गई थी।

जन्मदिन उत्सव

आज अंतिम दिन

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, जिसे जमा करने की आज अंतिम तिथि है, पाठक अपना फार्मेट अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## जैकेट का शेष

### मप्र में 27% ओबीसी...

रहा है। इसी को लेकर शुक्रवार को प्रदेश के सभी संबंधित विभागों के अफसरों के साथ बैठक की गई। हमने एडवोकेट जनरल से कहा है कि सुप्रीम कोर्ट में जल्द से जल्द सुनवाई के लिए आवेदन लगाएं। हमारी सरकार का मंतव्य स्पष्ट है कि 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करना है। हमने तय किया है कि सुप्रीम कोर्ट को सरकार का मंतव्य जल्द से जल्द बताया जाए।

इसके बाद न्यायालय जो भी फैसला करेगा, उसे लागू किया जाएगा। सीएम ने कहा कि एससी और एसटी वर्ग को जो आरक्षण कोटा निर्धारित है, वह मिलना चाहिए। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर कन्फ्यूजन की स्थिति बन रही है। सरकार ने इस मामले में स्पष्ट राय तय करने का फैसला किया है।

### ग्वालियर के मुरैना...

*नाम दाता बंदी छोड़ द्वार रखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिखों के छठवें गुरु हरगोविंद सिंह जी को ग्वालियर के किले में मुगल बादशाह जहांगीर ने कई वर्षों तक बंदी बनाए रखा, अन्य 52 हिंदू राजा भी उनके साथ कैद में थे। मुगल बादशाह ने गुरु जी की आध्यात्मिक शक्ति-साधना से घबराकर उनको रिहा करने का निर्णय लिया। हरगोविंद सिंह जी ने अकेले रिहाई से मना कर दिया और 52 हिंदू राजाओं के साथ ही बाहर आने का संकल्प व्यक्त किया। मुगल बादशाह ने मजबूर होकर 52 हिंदू राजाओं को गुरु हरगोविंद सिंह जी के साथ रिहा किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस परिप्रेक्ष्य में ग्वालियर में मुरैना मार्ग पर पुरानी छावनी में नव-निर्मित नगर द्वार का नाम गुरू हरगोविंद साहब के नाम पर दाता बंदी छोड़ द्वार रखा जाना अत्यंत उपयुक्त तथा प्रासंगिक है।*

### अमेरिका भारत..

पहला मौका था, जब पीएम मोदी ने अमेरिका की यात्रा की। अपनी यात्रा के आखिरी दिन पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों पर बातचीत की गई। व्यापार, ऊर्जा क्षेत्र, परमाणु रिएक्टरों समेत अन्य कई मुद्दों पर भी दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए। दोनों नेताओं की बैठक के बाद एक संयुक्त पीसी भी की गई। मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने परमाणु ऊर्जा में अपने विश्वास की पुष्टि की है। दरअसल, गुरुवार को व्हाइट हाउस में दोनों नेताओं की बातचीत के बाद उन्होंने भारत में अमेरिका द्वारा डिजाइन किए गए परमाणु रिएक्टरों पर बड़े पैमाने पर स्थानीयकरण और संभावित प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। 21वीं सदी में कोई भी नया अमेरिकी परमाणु रिएक्टर भारतीय धरती पर नहीं पहुंचा। अब दोनों देशों के बीच गतिरोध समाप्त करने के लिए दोनों नेताओं ने अब न केवल बड़े रिएक्टर बनाने में बल्कि भारत में उन्नत छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर बनाने में भी रुचि दिखाई है। भारत सरकार और वेस्टिंगहाउस आंध्र प्रदेश के कोव्वाडा में छह 1,000 मेगावाट के परमाणु रिएक्टर बनाने की परियोजना पर भी चर्चा कर रहे हैं।

**अमेरिका भारत को बेचेगा एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ तौर पर कहा है कि वो भारत को एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट बेचना चाहते हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि अगर अमेरिका एफ-35 फाइटर जेट भारत को बेचता है तो इससे क्षेत्र (दक्षिण एशिया) में सैन्य असुंतलन बढ़ेगी और रणनीतिक स्थिरता घट जाएगी। यह शांति के लिए सही नहीं है।

### भारतीय विदेश...

समय से छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों में सहयोग पर चर्चा कर रहे हैं और फिर से इस पर चर्चा की गई। पिछले वर्षों में भारत में मौजूद कुछ कानूनी प्रावधानों के कारण इस सहयोग को साकार करने में आने वाली बाधाओं को पहले ही दूर किया जाना शुरू हो गया है।

### औद्योगिक सहयोग ...

माइकल वाल्ट्ज के साथ भी पीएम मोदी की मुलाकात हुई। दोनों की बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर जोर देते हुए औद्योगिक सहयोग और असैन्य परमाणु ऊर्जा पर चर्चा की।

### तहव्वुर राणा को भारत ...

*कायदा, इस्लामिक स्टेट, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी समूहों को सबसे बड़ा खतरा बताया गया। गौर हो कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ही झटका देते हुए पाकिस्तान में परियोजनाओं के लिए 845 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग पहले ही निलंबित कर दी है।*

***इस बयान से बौखलाया पाकिस्तान:*** *दोनों नेताओं की इस प्रतिक्रिया पर पाकिस्तान बौखला गया है, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में पाकिस्तान का उल्लेख एकतरफा, भ्रामक और कूटनीतिक मानदंडों के विपरीत है। मामले में पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि पाकिस्तान अपने बलिदानों को स्वीकार किए बिना इस तरह की टिप्पणियों को शामिल करने से हैरान है।*

### केंद्रीय मंत्री शिवराज ...

हमारे घर में बहू नहीं, बेटी के रूप में आ रही है। शिवराज के छोटे बेटे कुणाल सिंह की होने वाली पत्नी रिद्धि जैन भोपाल के डॉ. इंद्रमल जैन की पोती हैं। रिद्धि के पिता संदीप जैन बड़े नामों में शुमार हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिक विभाग) भोपाल**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 126/ यां.वि./ 2025 — भोपाल, दिनांक.7/2/2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https//www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_401539_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FOR SANJEEVANI AND ANGANWADI APPROACH AT BAGSEWANIYA W-54 Z-13 | 6,33,397/- | 24-Feb-2025 | 05:30 PM |
| 2. | 2025_UAD_401535_1 | CONSTRUCTION OF C C ROAD AT AGRWAL NAGAR W-54 Z-13 | 24,72,208/- | 10-Mar-2025 | 05:30 PM |

नोट- संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगे ।

नि. क्र.1296/024/025

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम भोपाल

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म.प्र.)**
**ईमेल:- eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष /फेक्स क्रमांक. 07482.222051**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्र. 18/व.ले.लि./रायसेन /2024-25 — रायसेन, दिनांक 10.02.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु राशि (रू.लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2025_PWDRB_40217_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | रायसेन उपसभाग में वी.वी.आई.पी. कार्यक्रम हेतु हेलीपेड मरम्मत मैदान समतलीकरण कार्य। | प्रथम | 9.96 | |
| | | | | योग | | 9.96 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 28/02/2025, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, रायसेन
संभाग रायसेन

जी - 23040/24 — स्वच्छता ही सेवा

**मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग**
पंचम तल,मेट्रो प्लाजा, ई-5, अरेरा कॉलोनी बिट्टन मार्केट, भोपाल-462016, फोन : 0755-2430154, फैक्स : 0755-4004137
वेबसाइट : www.mperc.in, ई-मेल : secretary@mperc.nic.in
क्रमांक : मप्रविनिआ/सचिव/2025/309 — भोपाल, दिनांक : 14.02.2025

**सार्वजनिक सूचना**

मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी सेवा भर्ती तथा सेवा की शर्तें) विनियम 2012 में तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी अधिकारियों के वेतन तथा भत्तों संबंधी प्रावधानों में संशोधन (तृतीय संशोधन) हेतु, विनियम के प्रारूप पर अपने सुझाव/आपत्तियां/टीप प्रस्तुत करने हेतु **आम सूचना क्रमांक 103 दिनांक 16.01.2025 को** प्रकाशित की गई थी।

सुझाव/आपत्तियां/टीप प्रस्तुत करने हेतु **अंतिम तिथि दिनांक 24.02.2025, सायं 18:00 बजे तक** बढ़ाई जाती है। आयोग द्वारा आवश्यक होने पर **दिनांक 05.03.2025 को प्रात: 12.00 बजे** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन सुनवाई की जायेगी। प्रारूप विनियम, आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/118825/2025 — आयोग सचिव


## पेज एक का शेष

### अमेरिका से अवैध...

आएगा, या फिर इसको लेकर भारत सरकार की तरफ से कोई व्यवस्था की गई है।

### यह लड़ाई सिर्फ ...

भारतीय अमेरिका में अवैध रूप से रह रहा है और सत्यापित नागरिक है, तो भारत उसे वापस लेने के लिए तैयार है। मोदी ने इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई और कहा कि कई भारतीय मानव तस्करों के झांसे में आकर अवैध रूप से अमेरिका पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि ये सामान्य परिवारों के लोग होते हैं, जिन्हें सुनहरे सपने दिखाकर गुमराह किया जाता है। हमें इस पूरे मानव तस्करी नेटवर्क को जड़ से खत्म करना होगा। मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से भारत के साथ मिलकर इस तस्करी रैकेट को खत्म करने की अपील की और कहा कि यह लड़ाई सिर्फ अवैध प्रवासियों के खिलाफ नहीं, बल्कि उनके पीछे काम कर रहे पूरे सिस्टम के खिलाफ है।

### अभिभावकों को बड़ी ...

जबलपुर के विभिन्न निजी स्कूलों की अपील पर हस्तक्षेप याचिका दायर की थी। सुनवाई में अभिभावकों का प्रतिनिधित्व अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने किया। उन्होंने कोर्ट में तर्क दिया कि फीस न भरने के कारण कई निजी स्कूल छात्रों को परीक्षा में शामिल होने से रोक रहे हैं, जो अन्यायपूर्ण है। उन्होंने यह भी बताया कि कलेक्टर ने 32 निजी स्कूलों को 265 करोड़ रुपए की अतिरिक्त वसूली वापस करने के आदेश दिए थे, बावजूद इसके स्कूल अधिक फीस वसूलने का प्रयास कर रहे हैं।

गौरतलब है कि 13 अगस्त 2024 को हाई कोर्ट ने जिला कमेटी के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें निजी स्कूलों को फीस रिफंड करने के निर्देश दिए गए थे और वर्तमान सत्र की फीस निर्धारित की गई थी।

### शिक्षक भर्ती परीक्षा...

लागू किया था, जिसमें आवेदन के समय ही अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य कर दिया। जबकि पिछली भर्तियों में ये दस्तावेज काउंसलिंग के समय मांगा जाता था। सिवनी के सुनीता कटरे, कृष्णकांत शर्मा और अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता धीरज तिवारी और ईशान सोनी ने कोर्ट में दलील दी कि परीक्षा रूल बुक की धारा 12(6) के अनुसार योग्यता से जुड़े दस्तावेज काउंसलिंग के समय जमा किए जा सकते हैं।

### पीएम मोदी व ...

रहा है। राजीव कुमार को मई 2022 में मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। उनके नेतृत्व में चुनाव आयोग ने 2024 में लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक कराया। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में एक दशक से अधिक समय बाद शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा चुनाव भी उनके नेतृत्व में हुए।

### इस बंगले में वर्षों ...

ने दिल्ली में यह आवास इसलिए लिया है कि उनके प्रवास से जुड़ी गोपनीयता बनी रहे। हालांकि, इस बंगले को पूरा तैयार होने में करीब तीन से चार माह लगेंगे। इसके बाद सीएम शुभ मुहूर्त देखकर दिल्ली के नए घर में प्रवेश करेंगे। अभी सीएम अपने दिल्ली प्रवास के दौरान चाणक्यपुरी स्थित न्यू मध्यप्रदेश भवन में ठहरते हैं। डॉ. यादव को जेड प्लस की सुरक्षा प्राप्त है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से यह बंगला उपयुक्त है। एयरपोर्ट भी इस घर से 13 किमी की दूरी पर है। जबकि न्यू मप्र भवन 6 किमी दूर है।

### ट्राली रोकते समय...

कि इस तरह के अपराधियों को राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर किया जाएगा। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### भ्रामक दावे करने ...

भी वस्तु या सेवा के बारे में कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न किया जाए जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो। सीसीपीए ने अब तक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों के लिए 46 नोटिस जारी किए हैं। सीसीपीए ने 24 कोचिंग संस्थानों पर 77 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया है और उन्हें भ्रामक विज्ञापनों का प्रकाशन न करने का निर्देश दिया है। मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता वाली सीसीपीए ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड (आईआईटीपीके) के विरुद्ध आदेश जारी किया है।

### राष्ट्रीय स्तर के ...

है। संस्थान ने जानबूझकर यह छिपाया कि छात्र केवल संस्थान के भीतर टॉपर थे, राष्ट्रीय स्तर पर नहीं। यह गलत चित्रण उन छात्रों के निर्णयों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं जो मुख्य रूप से 7वीं से 12वीं कक्षा के छात्र है और जिनकी आयु 14-17 वर्ष है। यह छात्र यह मान सकते हैं कि संस्थान लगातार शीर्ष राष्ट्रीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों को तैयार करता है, इस प्रकार के झूठे दावों के साथ कोचिंग संस्थान छात्रों की पसंद को प्रभावित करता है।

### आईआईटी रैंक ...

प्रवेश प्राप्त किया है, जिससे इसकी सफलता दर में वृद्धि हुई है। जांच करने पर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने पाया कि संस्थान द्वारा प्रदान की गई सूची में आईआईटी, आईआईआईटी, एनआईटी, बीआईटीएस, मणिपाल विश्वविद्यालय, वीआईटी वेल्लोर, पीआईसीटी पुणे, एमआईटी पुणे, वीआईटी पुणे और अन्य शैक्षणिक संस्थानों सहित विभिन्न संस्थानों में प्रवेश पाने वाले छात्र शामिल थे। बढ़ा-चढ़ाकर और बिना किसी शर्त के प्रस्तुत किए गए बयान, संस्थान ने अपने विज्ञापनों में साल दर साल सबसे ज्यादा सफलता अनुपात, 21 सालों में सबसे अच्छा सफलता अनुपात और 61 प्रतिशत पर सफलता अनुपात जैसे साहसिक दावों का इस्तेमाल किया।








पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.
R-07 to 21-02-2025

Hindustan पेन्सिल पेन के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी करके 85000 - 95000 कमाने की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में उपलब्ध. आपको नौकरी चाहिए तो कॉल करे. WhatsApp 6397479854. B-15 to 18-02-2025

कैरियर जॉब कंसलटेन्सी में पर्सनल सेकेटरी, टैली कॉलर, प्लांट सुपरवाइजर रिसेप्शनिस्ट, बिलिग एक्जीक्यूटिव, नर्सिंग, कस्टमर रिलेसन्स, सिक्युरिटी ऑफिसर, कंप्यूटर ऑपरेटर, बिलिग इंचार्ज, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर, सेल्स ट्रेनर, स्टोर इंचार्ज साइड सुपरवाइजर, पी आर टी इंग्लिश हिन्दी एन्ड के जी मदर टीचर संपर्क:- ऑफिस रायपुर घड़ी चौक 7879706968, 7389669576, 9131685985, 6265983246
R-13 to 16-02-2025

**CHANGE OF NAME**

I NAMPELLI ADELU F/o Army No 15444068F Rank NK/NA Name Nampalley swamy Residing at Village Sirkonda, Ankoli, Adilabad, Telangana PIN 504001. I have changed my name from NAMPALLEY ADELLU to NAMPELLI ADELU.My adhar No 769050787440 vide Affidavit No BF665678 dated 13/02/25 before bhopal court.

**CHANGE OF NAME**

I NAMPELLI CHINAKKA M/O Army No.15444068F Rank NK/NA Name Nampalley swamy Residing at Village Sirkonda, Ankoli, Adilabad, Telangana PIN 504001. I have changed my name from NAMPALLEY CHINNAKKA to NAMPELLI CHINAKKA. My adhar No 663611341476 vide Affidavit No BF 665677 Dated 13/02/25 before bhopal court.

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।


18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844
R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26 not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

लेकसिटी हॉस्पिटल
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
कटे होंठ — आयुष्मान कार्डधारकों के लिए चिन्हित सभी प्लास्टिक सर्जरी के मुफ्त ऑपरेशन

कटे तालू — 400 से ज्यादा आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्लास्टिक सर्जरी के सफल ऑपरेशन
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
SmileTrain
सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार
समय : दोपहर 2 से 5 बजे तक
लेकसिटी हॉस्पिटल, भोपाल
प्रत्येक गुरूवार
समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक
विदिशा में उपलब्ध
Helpline Number : 9111933376

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

**कन्या** — खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला** — कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**मकर** — कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## शब्द पहेली - 5779



**बाएँ से दाए**
1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

**शब्द पहेली - 5778 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5789

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5788 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## जेईई-मेन जनवरी-2025 का परिणाम जारी

# एलन के 5 स्टूडेंट्स को 100 एनटीए स्कोर व 14 स्टेट टॉपर

**100 एनटीए स्कोर में 5 में से 4 एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट**

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोटा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जारी जेईई-मेन जनवरी सेशन के परिणामों में एलन स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। एनटीए की ओर से 14 स्टूडेंट्स को 100 एनटीए स्कोर घोषित किया गया है, इसमें से 5 स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल और अरनव सिंह के साथ एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के हर्ष झा ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है।

ओमप्रकाश बेहरा ने 300 में से 300 अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ ही 44 स्टेट टॉपर्स की लिस्ट जारी की गई, जिसमें 14 एलन से है। इसमें अरनव सिंह, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, ओमप्रकाश राजस्थान, शौर्य अग्रवाल छत्तीसगढ़, अभिमन्यू टिबरेवाल झारखंड, पाणिनी बिहार, नवनीत प्रियदर्शी ओडिशा, धैर्य शर्मा हिमाचल प्रदेश, कनिष्का चक्रबर्ती आसाम, ई कुमारन पुड्डुचेरी, हर्ष झा दिल्ली, लायन गम्बा मणिपुर और निशिता मेघालय से स्टेट टॉपर है। हरिभूमि न्यूज. कोटा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जारी जेईई-मेन जनवरी सेशन के परिणामों में एलन स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की




है। एनटीए की ओर से 14 स्टूडेंट्स को 100 एनटीए स्कोर घोषित किया गया है, इसमें से 5 स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल और अरनव सिंह के साथ एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के हर्ष झा ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है। ओमप्रकाश बेहरा ने 300 में से 300 अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ ही 44 स्टेट टॉपर्स की लिस्ट जारी की गई, जिसमें 14 एलन से है। इसमें अरनव सिंह, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, ओमप्रकाश राजस्थान, शौर्य अग्रवाल छत्तीसगढ़, अभिमन्यू टिबरेवाल झारखंड, पाणिनी बिहार, नवनीत प्रियदर्शी ओडिशा, धैर्य शर्मा हिमाचल प्रदेश, कनिष्का चक्रबर्ती आसाम, ई कुमारन पुड्डुचेरी, हर्ष झा दिल्ली, लायन गम्बा मणिपुर और निशिता मेघालय से स्टेट टॉपर है।

### रेगुलर हार्डवर्क है सफलता का मंत्र: अर्णव

एलन क्लासरूम स्टूडेंट अर्णव सिंह ने जेईई मेन जनवरी सेशन में 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है। मध्यप्रदेश में भोपाल निवासी अर्णव वर्ष 2019 से एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का क्लासरूम स्टूडेंट है। अर्णव ने बताया कि मैं रोज क्लास के बाद जो भी होमवर्क मिलता है, उसको गंभीरता से पूरा करता हूं।

### हर चैप्टर को गहराई से समझता हूं: सक्षम

सक्षम ने इससे पहले 10वीं कक्षा को 99 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण किया है। सक्षम ने बताया कि माता-पिता दोनों डॉक्टर हैं लेकिन, मैथ्स शुरू से मेरा फेवरेट सब्जेक्ट रहा है इसलिए इसमें ही कॅरियर बनाने का मैंने सोचा। आईआईटी मुंबई में जाने का सपना है। मेरी पूरी कोशिश रहती थी कि हर चैप्टर को गहराई से समझूं।

### खुश रहता हूं और यही मेरा की ऑफ सक्सेस
### रजित गुप्ता

*कॅरियर सिटी कोटा में महावीर नगर निवासी रजित गुप्ता ने जेईई मेन जनवरी सेशन में 100 परसेंटाइल स्कोर हासिल कर शिक्षा की काशी कोटा का नाम रौशन किया है। रजित एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट है। इससे पूर्व 10वीं कक्षा को 96.8 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर चुका है। रजित ने बताया कि एलन में पढ़ाई के दौरान सबसे ज्यादा फोकस रहता था कि गलतियों को रिपीट नहीं करूं, क्योंकि गलतियां दूर होने से ही आपकी सब्जेक्ट में नींव मजबूत होती है। मेरा की ऑफ सक्सेस है, हैप्पीनेस।*

### गलतियों से सीखता हूं और मजबूत होता हूं
### ओमप्रकाश बेहरा

*एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के ओमप्रकाश बेहरा ने जेईई मेन जनवरी में परफेक्ट स्कोर 300 में से 300 अंक हासिल किए हैं। टीचर्स की गाइडलाइंस ही फॉलो कर रहा हूं, क्योंकि एलन के टीचर्स और स्टडी मटेरियल परफेक्ट है। फेकल्टीज को इन परीक्षाओं का बड़ा अनुभव है। जेईई मेन के लिए मुख्यतया एनसीईआरटी सिलेबस पर फोकस किया। वीकली टेस्ट में मार्क्स का ग्राफ कम-ज्यादा होता रहता है लेकिन मैं अपना बेस्ट देने की कोशिश करता हूं।*

# नहीं बढ़ेगी पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात की अवधि

एजेंसी.नई ⏩ दिल्ली



केंद्रीय खाद्य उपभोक्ता मामले सार्वजनिक वितरण मंत्री ने कहा है कि सरकार पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात की समय सीमा को 28 फरवरी 2025 से आगे नहीं बढ़ाएगी। ज्ञात हो कि सरकार ने दिसम्बर 2023 में शुल्क मुक्त आयात की स्वीकृति दी थी और समय-समय पर इसकी अवधि बढ़ती रही। खाद्य मंत्रालय ने अपनी टिप्पणी दे दी है और पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात पर रोक लगाने का निर्णय उच्च स्तरीय मंत्रिसमिति की बैठक में लिया जाएगा।

**खाद्य मंत्रालय ने दे दी है अपनी टिप्पणी**

केन्द्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में होने वाली मीटिंग के बाद ही सरकार का दृष्टिकोण सामने आएगा। जी बिजनेस के मुताबिक 'दि पल्सेस कॉनक्लेव 2025' से इधर खाद्य मंत्री ने कहा था कि पीली मटर का शुल्क मुक्त आयात रोका जाएगा। इस बीच एक अग्रणी व्यापारिक संस्था- इंडिया पल्सेस एंड ग्रेन्स एसोसिएशन (आईपीजीए) के चेयरमैन ने कहा है कि किसानों के हित में सरकार पीली मटर के आयात पर नियंत्रण लगा सकती है। उनका कहना था कि या तो इसके शुल्क मुक्त आयात पर पूरी तरह रोक लग सकती है या फिर आंशिक नियत्रण लगाया जा सकता है। चेयरमैन के अनुसार वर्ष 2024 के दौरान भारत में लगभग 67 लाख टन दलहनों का रिकॉर्ड आयात हुआ जिसमें अकेले पीली मटर के आयात की भागीदारी 30 लाख टन के करीब रही। प्रतिकूल मौसम एवं अन्य कारकों से पिछले साल दलहनों का घरेलू उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ और भाव उछलकर अत्यन्त ऊंचे स्तर पर पहुंच गया जिससे इसका आयात बढ़ाना आवश्यक हो गया लेकिन वर्ष 2025 में उतनी विशाल मात्रा में दलहनों के आयात की जरूरत शायद नहीं पड़ेगी। चेयरमैन के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 55 लाख टन दलहनों के आयात का अनुमान लगाया गया है।

## खबर संक्षेप

### गोदरेज ग्रुप ने एयरो के दौरान किया समझौता

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की कंपनी, गोदरेज एंड बॉयस का एयरोस्पेस व्यवसाय भारत सरकार द्वारा समर्थित राष्ट्रीय कार्यक्रमों में योगदान करने के लिए बेंगलुरु में आयोजित एयरो इंडिया 2025 के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौता कर देश के आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ कर रहा है। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के साथ हुआ यह समझौता देश के उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान कार्यक्रम के लिए विनिर्माण की दिशा में कदम है।

### डीजीएफटी और अमेजन ने की विस्तार की घोषणा

**नई दिल्ली।** अमेज़न और विदेश व्यापार महानिदेशालय नेभारत से ई-कॉमर्स निर्यात में तेज़ी लाने के लिए अपने सहयोग के विस्तार की घोषणा की। यह प्रारंभिक समझौता ज्ञापन पर आधारित है जिस पर नवंबर 2023 में हस्ताक्षर किया गया था। इसका उद्देश्य था, एमएसएमई निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार की जिलों को निर्यात केंद्र पहल के रूप में लाभ उठाना था। यह नवीनीकृत गठजोड़ देश भर में एमएसएमई को ई-कॉमर्स निर्यात में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और संसाधनों से लैस करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### श्री केशव सीमेंट की आय में हुई वृद्धि

**मुंबई।** श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और नौ महीने के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में कुल राजस्व में से सीमेंट राजस्व का योगदान 76.34 फीसदी था। जबकि कुल राजस्व में से सौर ऊर्जा राजस्व का योगदान 15.44 फीसदी था। जबकिनौ महीने में कुल राजस्व में से सीमेंट राजस्व का योगदान 77.16 फीसदी था। वित्तीय वर्ष 2025 के 9 महीनों सौर ऊर्जा राजस्व का योगदान 14.76 फीसदी था।

### एक्सिस बैंक ने एफडी बुकिंग को आसान किया

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने अनूठी सुविधा की घोषणा की, जिससे ग्राहक अपने नॉन-एक्सिस बैंक खातों के फंड का उपयोग करके फिक्स्ड डिपॉजिट खोल सकते हैं। यह सुविधा एक्सिस बैंक के मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से यूपीआई और नेट बैंकिंग भुगतान विकल्पों का उपयोग करके उपलब्ध कराई गई है। अकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम का लाभ उठाकर इस अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधा को शुरू करने वाला एक्सिस बैंक पहला निजी बैंक बन गया है, जिससे ग्राहकों को एक निर्बाध बैंकिंग अनुभव मिलेगा।

# जेईई मेन 2025 सेशन 1 (जनवरी) में रेज़ोनेंस के 147 विद्यार्थियों के 99 परसेंटाइल से अधिक मार्क्स

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोटा




रेजोनेंस के विद्यार्थियों ने जेईई मैन 2025 सेशन 1 में के परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष एनटीए द्वारा व्यक्तिगत छात्र स्कोर की सुरक्षा के लिए पासवर्ड प्रोटेक्शन लागू किए जाने के कारण, परिणामों को एकत्र करने और सत्यापित करने की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक समय ले रही है। अब तक के परिणामों के अनुसार रेज़ोनेंस के 16 विद्यार्थियों ने 99.9 परसेंटाइल (एनटीए स्कोर) से अधिक स्कोर प्राप्त किया है।

147 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक, 245 विद्यार्थियों ने 98 परसेंटाइल से अधिक और 449 विद्यार्थियों ने 95 परसेंटाइल से अधिक स्कोर प्राप्त किया है। साथ ही संस्थान के 7 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिजिक्स में 100 परसेंटाइल प्राप्त किए हैं। संस्थान के अर्चिष्मान नंदी, वेदांत गोविन्द, लक्ष्य पारेता, प्रणय माहेश्वरी, तेजस के, लक्ष्य गर्ग, सोमिल गोयल, कृष्णा टाक, हृषिकेश विनय, हर्षित राणा, सुहास एस, सौनक बनर्जी, नगमवार हरितेज, प्रणय काबरा, प्रणव आर एच, संजीव एस, ने 99.9 परसेंटाइल से अधिक मार्क्स प्राप्त किए हैं। इस उत्कृष्ट सफलता पर संस्थान के प्रबंध निदेशक आर के वर्मा ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी और उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पद्धति, छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। एक शानदार परिणाम पर शिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों का मुंह मीठा करा कर उनका उत्साह बढ़ाया एवं बधाई दी। साथ ही शिक्षकों व टॉपर्स ने संस्थान में पढ़ रहे विद्यार्थियों के साथ ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। इस सफलता से वर्तमान में पढ़ रहे विद्यार्थियों का उत्साह चरम पर था।

# आने वाले दशकों में रियल एस्टेट एजेंट्स की भूमिका भारत की इकोनॉमी में होगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏩ भोपाल




कई वर्षों से भोपाल में प्रॉपर्टी मार्केट तेजी से बढ़ रहा है, और इसमें रियल एस्टेट एजेंट्स और ब्रोकरस का विशेष योगदान रहा है। पृथ्वी पर सीमित भूमि है, और औद्योगिक या अन्य प्रकार के डेवलपमेंट के लिए संपत्ति का मूल्यांकन अत्यंत आवश्यक है। प्रॉपर्टी व्यापार और अन्य संबंधित सेवाओं में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और बेहतर ज्ञान से निवेशकों, खरीदारों, बिल्डरों और डेवलपरों के बीच विश्वास बना रहता है। ये बात राष्ट्रीय स्तर के संगठन नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियल्टर्स के राष्ट्रीय पदाधिकारी, चेयरमैन सुमंत रेड्डी ने पत्रकार वार्ता में कही। नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियल्टर्स, इंडिया के अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने 'वन इंडिया वन लाइसेंस' का समर्थन करते हुए कहा कि जिस प्रकार अन्य पेशेवर जैसे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, आर्किटेक्ट्स आदि को पूरे भारत में एक ही लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन से कार्य करने का अधिकार प्राप्त है, उसी तरह रेरा का एक लाइसेंस रजिस्ट्रेशन सभी राज्यों में मान्य होना चाहिए।

उपाध्यक्ष- कीर्ति भोसले ने महिलाओं की इस क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी और करियर बनाने के बारे में विचार व्यक्त किए और राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं को इस क्षेत्र में आने के लिए जागरूक करने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता की बात की। मीडिया प्रभारी राकेश अग्रवाल ने 15 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'उड़ान 2.0' की रूपरेखा पर प्रकाश डाला, जिसमें विभिन्न पैनल डिस्कशन होंगे। इन चर्चा सत्रों में बिल्डरों, डेवलपर्स और रियल एस्टेट एजेंट्स के बीच सामंजस्य की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। ग्रेड ए बिल्डर्स के संगठन के अध्यक्ष मनोज मीक 'कमाल भोपाल' विचारधारा पर संबोधन करेंगे। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर्स जैसे डॉ. राकेश जैन और डॉ. राजीव अग्रवाल द्वारा प्रेरक वक्तव्य दिए जाएंगे और साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। भोपाल संगठन के अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने 'उड़ान 2.0' की तैयारी के बारे में जानकारी दी और बताया कि यह रियल एस्टेट एजेंट्स का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। संगठन ने सभी सदस्यों के योगदान के साथ आने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में संपत्ति निवेशकों और रियल एस्टेट स्टेकहोल्डर्स को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने का संकल्प लिया है।

## बिजनेस न्यूज

### सैम ग्लोबल विवि के कुलगुरु डॉ. नरेश भारत के उत्कृष्ट कुलपति सम्मान से सम्मानित



**भोपाल।** इंडियन एजुकेशन नेटवर्क के 14वीं इंडियन एजुकेशन समिट 2025 का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। इस आयोजन में अखिल भारतीय शिक्षण परिषद् के अध्यक्ष डॉ. सीताराम मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में देश के 16 कुलपतियों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत के उत्कृष्ट कुलपति" सम्मान से पुरुस्कृत किया गया। मध्य प्रदेश से यह पुरुस्कार सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. नरेश कुमार तिवारी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है की मध्य प्रदेश से पुरुस्कृत होने वाले डॉ. नरेश कुमार तिवारी एक मात्र कुलगुरु है। आपके नेतृत्व में सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय प्रदेश का प्रथम विश्वविद्यालय है जिसने 2020 से ही राष्ट्रीय शिक्षा निति विश्वविद्यालय में लागु किया। डॉ. नरेश कुमार तिवारी को उनके उल्लेखनीय कार्यों हेतु पूर्व में भी 29 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरुस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। आपके द्वारा लिखित पुस्तकें देश एवं विदेश में लोकप्रिय है। इस उपलक्ष पर सैम समूह के अध्यक्ष, डॉ हरप्रीत सिंह सलूजा ने कुलगुरु डॉ. नरेश कुमार तिवारी बधाई दी और कहा की सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय को यह गौराव्नित करने वाला समय हैं।

### श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी को यूजीसी ने 12बी की मान्यता से नवाजा

**भोपाल।** श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज सीहोर प्रदेश का पहला ऐसा निजी विश्वविद्यालय बन गया है जिसे यूजीसी ने 12बी की मान्यता से नवाजा है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के बी ए ऑनर्स पाठ्यक्रम को भी केंद्रीय कृषि अनुसंधान परिषद ने मान्यता प्रदान की है। विश्वविद्यालय की इन दोनों उपलब्धियों पर ग्रुप चेयरमैन डॉक्टर सुनील कपूर ने मैनेजमेंट और स्टाफ को बधाई देते हुए कहा है कि इन दोनों उपलब्धियों के मिलने से श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर के बेहतर तालमेल से युवाओं के कॅरियर को एक नई दिशा प्रदान करेगा। ज्ञात रहे की श्री सत्य सांई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विष्वविद्यालय, सीहोर की स्थापना 2013 में हुई थी। विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग, फार्मेसी, कृषि, विज्ञान, प्रबंधन, विधि, होम्योपैथी, पैरामेडिकल, आयुर्वेदा, एमवीवीएस नर्सिंग, अकिटेक्चर डिजाईन आदि विभिन्न पाठ्यक्रमों के साथ निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। उक्त मान्यताए विश्वविद्यालय की गुणवत्ता एवं कार्यकुषलता दर्शाती है। भविष्य में शैक्षणिक क्षेत्र में विश्वविद्यालय नगर एवं प्रदेष में उर्जा के साथ अग्रसर होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. सुनील कपूर, द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारीयों को बधाई प्रेषित की।

### वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ने किया डाकोजी को 'क्रिटिक्स च्वॉइस अवॉर्ड' से सम्मानित

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने प्रख्यात प्रिंटमेकर देवराज डाकोजी को प्रिंटमेकिंग की दुनिया में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'डब्लूयूडी क्रिटिक्स च्वॉइस अवॉर्ड' से सम्मानित किया है। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के कुलपति प्रोफेसर संजय गुप्ता द्वारा दिया गया यह सम्मान डाकोजी की असाधारण प्रतिभा और प्रिंटमेकिंग के क्षेत्र को लेकर उनके समर्पण को पहचान दिलाता है और साथ ही समकालीन कला में एक प्रमुख हस्ती के तौर पर उनकी प्रतिष्ठा बढ़ाता है। सम्मान समारोह में एक्जिबिट320 की निदेशक सुश्री रसिका कजारिया भी उपस्थित थीं।हैदराबाद में जन्मे डाकोजी का अपने पिता के लिए जड़ी बूटियों को चुनने के उनके शुरुआती अनुभव ने उन्हें कला के प्रति प्रेरित किया जिससे प्रकृति उनका मुख्य विषय बन गई। छपाई के कार्यों में उन्हें भारतीय संस्कृति से प्रेरणा मिली जिससे प्रकृति और पशुउनके मूल स्वभाव में समाहित हो गए।

### बैंक कर्मचारियों की 31 मार्च की छुट्टी रद्द

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फितर की छुट्टी रद्द करने का फैसला किया है। सभी बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे इस दिन कामकाज जारी रखें। चूंकि 31 मार्च वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतिम दिन है, इसलिए आरबीआई ने यह निर्णय सरकारी लेन-देन को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए लिया है। इसके अलावा किसी भी तरह की वित्तीय गड़बड़ी या रिकॉर्ड में असमानता न हो। आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि 31 मार्च 2025 को सभी बैंक जो सरकारी लेन-देन संभालते हैं वो खुले रहेंगे। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि सभी सरकारी लेन-देन, रसीदें और भुगतान वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही दर्ज किए जाएं। गौरतलब है कि पहले 31 मार्च को ईद-उल-फितर के चलते अधिकतर राज्यों में बैंक बंद रहने वाले थे। हिमाचल प्रदेश और मिजोरम को छोड़कर लगभग सभी राज्यों में इसे बैंक अवकाश घोषित भी किया गया था।

### एक्सिस बैंक ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए उठाए अनेक नए कदम

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और बेहतर सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए अनेक नए कदम उठाए हैं। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक की भव्यता और महत्व को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने ग्राउंड असिस्टेंस, वित्तीय पहुंच और डिजिटल जागरूकता कार्यक्रमों का समावेश किया है, जिससे श्रद्धालुओं को भौतिक और डिजिटल दोनों क्षेत्रों में सुविधा मिलेगी। बैंक पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर तीर्थयात्रियों की भलाई, डिजिटल सुरक्षा और स्थायी समाधान को प्राथमिकता देने के लिए सेवा-संचालित पहलों की एक श्रृंखला की पेशकश कर रहा है।

### प्रावेग का एबिटडा 66.39 फीसदी बढ़ा

**अहमदाबाद।** प्रावेग लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और 9 महीने के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 54.88 करोड़ रुपए हुई। एबिटडा 22.07 करोड़ रुपए , शुद्ध लाभ 10.55 करोड़ रही। प्रावेग लिमिटेड के अध्यक्ष विष्णु पटेल ने जो स्ट्रैटेजिक विस्तार और इको-लक्जरी हॉस्पिटैलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है। हालांकि विस्तार के कारण उच्च मूल्यह्रास और वित्त लागत आई है, जिसने अल्पकालिक लाभप्रदता को प्रभावित किया है।

### एजेस ने की सीआईएमएसएमई के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने चैंबर ऑफ़ इंडियन माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज के साथ रणनीतिक साझेदारी की है, ताकि सीआईएमएसएमई और एएफएलआईसी के बीच सहयोग के लिए एक रूपरेखा तैयार की जा सके। इस साझेदारी से सीआईएमएसएमई के सदस्यों के बीच वित्तीय साक्षरता, वित्तीय जागरूकता, जीवन बीमा के बारे में जागरूकता और कारगर तरीके से वित्तीय योजना बनाने को बढ़ावा मिलेगा।

### मार्केट्स4यू डिजिटल गोल्ड ट्रेडिंग को आसान बनाने के लिए लेकर आए नया कैंपेन

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मल्टी-असेट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म मार्केट्स4यू ने नए विज्ञापन 'थिंक गोल्ड, थिंक मार्केट्स4यू' का लांच किया है, जो इस प्लेटफॉर्म पर गोल्ड ट्रेडिंग को आसान एवं सुलभ बनाने की बात कहता है। विज्ञापन की फिल्म रचनात्मक रूप से दर्शाती है कि किस तरह मार्केट्स4यू ने गोल्ड ट्रेडिंग के तरीके को बदल डाला है और इसे हर किसी के लिए आसान बना दिया है। यह विज्ञापन एक आकर्षक कहानी पर फिल्माया गया है जिसमें दर्शाया गया है कि एक राजसी व्यक्ति ने अपनी सम्पत्ति को सिर्फ सोना जमा करके नहीं बल्कि मार्केट्स4यू पर ट्रेडिंग करके जमा किया है।

# अब जीएसटी रेट में कटौती की तैयारी

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

देश में डिमांड और खपत को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी काउंसिल अब जीएसटी रेट्स में कटौती करने पर विचार कर रही है। ये माना जा रहा है कि सरकार 12 फीसदी के स्लैब वाले जीएसटी रेट को खत्म कर सकती है और इस स्लैब में आने वाले गुड्स को 5 फीसदी या जरूरत पड़ने पर 18 फीसदी के स्लैब में डाल सकती है।

**जीएसटी रेट में कटौती के साथ इसे तर्कसंगत बनाने पर विचार**

इस कवायद का मकसद जीएसटी रेट स्ट्रक्चर को तर्कसंगत बनाने के साथ खपत को बढ़ाना है। सूत्रों के मुताबिक केंद्र के सुझावों को बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाले मंत्रियों के समूह के सामने रख दिया गया है। मंत्रियों का ये समूह जीएसटी रेट में कटौती के साथ इसे तर्कसंगत बनाने पर विचार कर रही है. अप्रैल 2023 में 600 आईटम्स पर 18 फीसदी जीएसटी स्लैब में, 275 पर 12 फीसदी रेट वाले स्लैब में, 280 आईटम्स 5 फीसदी स्लैब में और 50 आईटम्स के करीब 28 फीसदी में आते हैं। 15वें वित्त आयोग के चेयरमैन एन के सिंह ने भी चार जीएसटी रेट्स की जगह तीन स्लैब करने को कहा है।

### जीएसटी काउंसिल ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

मिंट के मुताबिक वित्त मंत्रालय और जीएसटी काउंसिल ने इस पर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बजट सत्र का पहला भाग खत्म हो चुका है और ये माना जा रहा है कि जल्द ही जीएसटी काउंसिल की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें इस बात पर चर्चा होगी। एक रिसर्च पेपर के मुताबिक जीएसटी रेट को तर्कसंगत बनाने का ये सही समय है। नेशनल इंस्टीच्युट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के मुताबिक जिन उत्पादों पर जीएसटी छूट दिया जा रहा है उसका बड़ा फायदा कम आय वाले वर्ग से ज्यादा अमीर परिवारों को हो रहा है। गरीबों के कंजम्पशन बास्केट में शामिल आईटम्स में से 20 फीसदी से भी कम आईटम्स पर जीएसटी छूट मिलता है जबकि अमीरों के कंजम्पशन बास्केट के आइटम्स में ज्यादा सामानों पर जीएसटी छूट का प्रावधान मौजूदा समय में है। दरअसल लंबे समय से यह मांग उठ रही है कि जीएसटी के स्लैब में बदलाव किया जाए और दरों को तार्किक बनाया जाए। अभी जीएसटी के तहत टैक्स के चार स्लैब है। वे चार स्लैब 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी के हैं। कुछ लग्जरी व सिनफुल आइटम पर अलग से सेस का प्रावधान है। जीएसटी के स्लैब की संख्या को 4 से घटाकर 3 करने की डिमांड उठती रही है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र./लो.क.वि./2025/2010 — रिसाली, दिनांक 14/02/2025

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से विभिन्न कार्यो हेतु ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत राशि रू. | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत आने वाले वार्ड क्र.-01, 02, 03, 04, 05, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40 में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटरों से पुनर्चक्रित किये जाने योग्य कचरे के पृथकीकरण एवं गीले कचरे खाद तैयार किये जाने का कार्य।(2nd call) | 165024 | 1,34,32,320.00 | 03.03.2025 |

(नोट :- ई-टेण्डर में ऑनलाईन सभी दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा / दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली



## कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

क्रमांक 8810/राजस्व /भो.वि.प्रा/25
भोपाल दिनांक 13/02/2025

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की कोहेफिजा योजना में स्थित भूखण्ड क्रं 25, सेक्टर -डी, श्री प्रताप राय कुकरेजा आ. स्व. श्री संतराम दास कुकरेजा के नाम पर अंकित है । आवंटी श्री प्रताप राय कुकरेजा का स्वर्गवास दिनांक 10/01/2024 को हो जाने के कारण श्रीमती पुष्पा कुकरेजा पत्नि स्व. श्री प्रताप राय कुकरेजा ने आवेदन नत्र के साथ शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं नोटराईज्ड वसीयत की छायाप्रति संलग्ल कर उक्त भूखण्ड क्रं.25, सेक्टर -डी, का अपने नाम नामांतरण चाहीं गया है । यदि उक्त संबंध में किस व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के साथ उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें । उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा /आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण
भोपाल

## चिंतन

# अपने हितों की रक्षा के साथ अमेरिका से गहरे हों रिश्ते

अवैध प्रवासियों की वापसी के तरीके को लेकर भारत में अमेरिकी रवैये की हो रही आलोचना और मोदी और ट्रंप की वार्ता से ठीक चंद घंटे पूर्व टैरिफ पर अमेरिका के जैसे को तैसा फैसले के बीच भारत और अमेरिका ने कूटनीतिक समझदारी दिखाते हुए तनावपूर्ण भूराजनीतिक स्थिति में आपसी ट्रेड व सामरिक हित को अपने द्विपक्षीय रिश्ते के केंद्र में रखा है। शायद पहली बार अमेरिका ने खुलकर भारत के साथ अपने व्यापार घाटे को कम करने के लिए तेल व गैस के निर्यात व अपने खास फाइटर प्लेन देने की इच्छा जताई है। भारत और अमेरिकी सरकार की तरफ से आई खबरों के मुताबिक, मोदी व ट्रंप के बीच रक्षा, ऊर्जा व ट्रेड क्षेत्र के सभी अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें अवैध प्रवासियों को भेजने के तरीके, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण, रक्षा डील, रेसीप्रोकल टैरिफ और तेल व गैस आपूर्ति आदि शामिल हैं। वाशिंगटन नई दिल्ली को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान देगा। इंडो-यूएस आपसी ट्रेड को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर सालाना पर पहुंचाने के समझौते पर सहमत हुए हैं। दोनों मुल्क शुल्क दर में कमी लाने और बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए किसी समझौते पर पहुंचने के लिए आपसी वार्ता करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। पीएम की इस यात्रा का कूटनीतिक व सामरिक महत्व है। सबसे पुराने व सबसे बड़े लोकतंत्र की जुगलबंदी दोनों मुल्कों के हित में है। भारत ने संतुलन बनाते हुए अमेरिका के साथ-साथ रूस, चीन, यूरोप के साथ संतोषप्रद संबंध बनाए रखा है। भारत और अमेरिका के बीच रूस व यूक्रेन जंग, आतंकवाद के मुद्दों पर भी बात हुई है। भारत ने एक बार फिर से शांति के साथ रहने की अपनी बात दोहराई है। ट्रंप जैसे अस्थिर व्यक्तित्व के नेतृत्व में अमेरिकी हित के बीच में मेक इन इंडिया ब्रांड को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाना भारत के लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ से विश्व में ट्रेड वार बढ़ने की संभावना बढ़ सकती है। ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क से प्रभावित होकर अमेरिकी नीतियों को आकार दे रहे हैं। इससे अमेरिका एक ग्लोबल इंक की तरह व्यवहार करते दिख रहा है, जबकि अमेरिका की प्रतिष्ठा वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने की रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन व पेरिस जलवायु करार से बाहर आना, अमेरिकी सरकारी खर्चे में कटौती के लिए कदम उठाना आदि के चलते अमेरिका के हित को ही दीर्घावधि में नुकसान पहुंचेगा। भारत जैसे विकासशील देशों को अपने बाजार विश्व व्यापार नियमों का पालन करते हुए भी सोच समझकर ही खोलना होगा। भारत किसी देश के हित के लिए अपने सुरक्षित बाजार को डंपिंग यार्ड में कभी भी तब्दील नहीं करेगा। आपसी व्यापार संबंध पूरी तरह से 'कॉम्पैक्ट' (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य तथा प्रौद्योगिकी के लिए अवसर उत्पन्न करने) आकांक्षाओं को पूरा करेगा। अमेरिका जवाबी शुल्क लगाने में भारत को छूट नहीं देगा, यह राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कर दिया है। ट्रंप ने सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इस फैसले के बाद भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। भारत को अमेरिका के सामने डटे रहना होगा, अपनी नाराजगी कड़ाई से जतानी होगी, अपने हितों को आगे रखना होगा और ट्रंप प्रशासन के किसी भी दबाव से बाहर रहना होगा। इंटरनेशनल ट्रेड में भारत के लिए अवसरों की कमी नहीं है।



विश्लेषण
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# बदलाव की उम्मीद में 'भ्रष्ट सत्ता' का अंत

> यूं तो फ्रीबिज के हमाम में सब खोटे हैं, लेकिन ईमानदार व भ्रष्टाचारमुक्त शासन का वादा करके राजनीति का आगाज करने वालों ने अपनी शुरुआत ही मुफ्त के वादों से की थी, यह सरासर राजनीतिक बेईमानी थी। देश की इकलौती पार्टी आम आदमी पार्टी है, जिसे सत्ता पाने के लिए लंबे समय तक सड़कों पर संघर्ष नही करना पड़ा, आंदोलन के स्टेज से सीधे दिल्ली के तख्त तक पहुंची। अनुभवहीनता शासन में दिखी। आप ने सहयोग के बजाय टकराव का रास्ता चुना, कौन सुप्रीम, इसे तय करने में ही वक्त गंवाया, राष्ट्रीय राजधानी को और बेहतर बनाने के लिए फोकस होकर प्रयास नहीं किया। जनहित की राजनीति की उम्मीद बंध गई थी। बारह साल में यह उम्मीद टूट गई।

लोकतंत्र में बदलाव आवश्यक और सकारात्मक है। इससे राजनीति की जीवंतता का एहसास होता है। निरंकुशता का खतरा टलता है। हर राज्य में, देश में, एक अंतराल पर सत्ता बदलती रहनी चाहिए। दिल्ली इस बदलाव की बड़ी गवाह है। जब से सत्ता का केंद्र दिल्ली बनी, तब से इसने न जाने कितने बदलाव देखे। हालिया बदलाव ने भी संदेश दिया है कि सत्ता जनता ही तय करती है, उसे बरगलाया नहीं जा सकता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की पार्टी की करारी शिकस्त किसी भी दल के लिए बड़ा सबक है कि जनता झूठ, फरेब, कुतर्क, बड़बोलेपन, निम्नस्तर की भाषा, फ्रीबिज़ की हफीम पसंद नहीं करती है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव से पहले रेवड़ियों की घोषणाओं पर सवाल उठाए हैं। यूं तो फ्रीबिज़ के हमाम में सब खोटे हैं, लेकिन ईमानदार व भ्रष्टाचारमुक्त शासन का वादा करके राजनीति का आगाज करने वालों ने अपनी शुरुआत ही मुफ्त के वादों से की थी, यह सरासर राजनीतिक बेईमानी थी। देश की इकलौती पार्टी आम आदमी पार्टी है, जिसे सत्ता पाने के लिए लंबे समय तक सड़कों पर संघर्ष नही करना पड़ा, आंदोलन के स्टेज से सीधे दिल्ली के तख्त तक पहुंची। अनुभवहीनता शासन में दिखी। आप ने सहयोग के बजाय टकराव का रास्ता चुना, कौन सुप्रीम, इसे तय करने में ही वक्त गंवाया, राष्ट्रीय राजधानी को और बेहतर बनाने के लिए फोकस होकर प्रयास नहीं किया। यूं तो देश में सभी दलों की हालत एक सी है, लेकिन अण्णा हजारे के आंदोलन की कोख से जन्मी आम आदमी पार्टी से जनता को ईमानदार, भ्रष्टाचारमुक्त जनहित की राजनीति की उम्मीद बंध गई थी। बारह साल में यह उम्मीद टूट गई। अब शायद ही जनता कभी अण्णा जैसा व्यापक आंदोलन भविष्य में देखे और किसी भी नई किस्म की राजनीति के वादे पर विश्वास करे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार उसकी राजनीतिक यात्रा की असल शुरुआत होगी, लोग देखेंगे कि आप विपक्ष की भूमिका कैसे निभाती है, कितनी संयमित रहती है, कितनी रचनात्मक रहती है, जनता के मुद्दों से कितना सरोकार रखती है। दल से जुड़े लोग कितने समय तक टिके रहते हैं। खुद अरविंद केजरीवाल विपक्ष में रहकर राजनेता बन पाते हैं या नहीं? आगे की राजनीति पर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल का भविष्य निर्भर करेगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ बने मोमेंटम का राजनीतिक लाभ लेना बुद्धिमत्ता थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों में घिर कर सत्ता गंवाना राजनीतिक आत्महत्या की तरह है। बदलाव की राजनीति सत्ता की राजनीति में परिवर्तित हो गई। आम आदमी पार्टी से देश के करोड़ों प्रगतिशील लोगों को उम्मीदें थीं। यह उम्मीद ही थी कि लोगों ने पार्टी बनाने में अपनी गाढ़ी कमाई से करोड़ों दान कर दिए। अरविंद केजरीवाल ने अपनी सत्ता की महत्वाकांक्षा में उन सभी उम्मीदों को तोड़ दिया। मास की राजनीति करना आसान नहीं होता, क्योंकि आपके पास कोई पैमाना नहीं होता कि जनता आपकी पार्टी या आपके बारे में क्या राय रख रही है, इसलिए अधिकांश नेता व दल अनाप शनाप हरकतें करते रहते हैं। कभी चांद तो कभी चंदा मामा की बात करने लगते हैं। जनता को हल्के में लेने लगते हैं, उनकी असल ज़रूरतों को कम करके आंकने लगते हैं और रेवड़ियों पर भरोसा



करने लगते हैं। आम आदमी पार्टी को सुशासन से अधिक भरोसा मुफ़्त पानी व बिजली पर था, जनता को कभी कुछ मुफ्त में नहीं चाहिए, उनको सुविधा चाहिए, शांति चाहिए, अच्छा माहौल चाहिए। राजनीति जनता को सक्षम व समर्थ बनाने के लिए होनी चाहिए, न कि उसे परजीवी-पराश्रित बनाने के लिए। नए तरह की राजनीति का वादा करने वाली आम आदमी पार्टी भी सत्ता पाने के लिए व बने रहने के लिए दूसरे दलों की तरह ही झूठ व तिकड़म की राजनीति करते दिखी। एक 'मफलर मैन से शीशमहल की यात्रा' में तब्दील हुई अरविंद केजरीवाल की राजनीति को आखिरकार उसी जनता ने आईना दिखा दिया।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी को 'आप-दा' मुक्त करने का आह्वान किया था। जनता ने पीएम मोदी व भाजपा पर भरोसा किया। दिल्ली को 'आप-दा' मुक्त कर दिया। आम आदमी पार्टी ध्वस्त हो गई। प्रधानमंत्री मोदी की आंधी में दिल्ली को कूड़ा दान बनाने वाली झाड़ू तार-तार होकर तिनके की तरह बिखर गई। खुद केजरीवाल अपनी सीट नहीं बचा पाए। दिल्ली के विधानसभा चुनावों में भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है। 48 सीटों में विजय पाकर, नरेंद्र मोदी की छवि मज़बूत हुई है। आप को 22 सीटों पर ही जीत प्राप्त हुई है। कांग्रेस को एकबार फिर शून्य से ही गुजारा करना पड़ा। अब पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से की गई गारंटीयों के वादों को दिल्ली की भाजपा सरकार को लागू करना होगा। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्लीवासियों ने 61% वोट डाले हैं। सभी राजनीतिक दलों द्वारा एक-दूसरे पर तरह-तरह के आरोप लगाए गए थे। पैसे, शराब व सामान आदि बांटने से लेकर एक-दूसरे को धमकियां व गाली-गलौज आम बात रही। सार्वजनिक जीवन में अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए। लगभग सभी सर्वेक्षणों ने पोल विश्लेषण के परिणाम, भाजपा के हक में दिए थे। दिल्ली के लोगों के लिए मुख्य मुद्दे, भारत के अन्य राज्यों से अलग हैं। पीएम ने सुशासन, विकास का मॉडल देने का वादा किया है। भाजपा की जीत के कुछ विशेष कारण हैं। दिल्ली के नागरिकों को चार चीज़ों की ज़रूरत है, यानी पीने का साफ पानी, स्वच्छ प्रदूषण मुक्त वातावरण, महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। मध्यम वर्ग को केवल मुफ़्त शिक्षा ही महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन 'उचित फीस' पर बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी ज़रूरी है। दिल्ली में हर कोई 'बीपीएल कार्ड धारक' नहीं है। दिल्ली वासियों के लिए किफायती बिजली के बिल ज़रूरी हैं। हम 200 यूनिट तक मुफ़्त बिजली और 400 यूनिट तक 50% छूट की बात नहीं कर रहे हैं। महिलाओं की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। राज्य की सामाजिक कल्याण योजनाएं निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन लाभ का लक्ष्य मध्यम वर्ग होना चाहिए। कांग्रेस अपने ज़मीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को संगठित नहीं कर पाई व उसका प्रचार लक्ष्यहीन रहा। कांग्रेस अपने अभियान की रणनीति नहीं बना पाई। आप के बहुत से कार्यकर्ताओं ने उत्साह से काम नहीं किया। भाजपा का ध्यान आम आदमी तक पहुंचने पर केंद्रित था। अब डबल इंजन की सरकार बन रही है। बड़ी बात है कि भाजपा अब तक अपना मुख्यमंत्री तय नहीं कर पाई है। केन्द्र सरकार व भाजपा की दिल्ली सरकार एकजुट होकर दिल्ली की जनता को सभी प्रकार से समृद्ध करेगी। घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों को कार्यान्वित कर, दिल्ली की जनता की सेवा करने से, राजधानी दिल्ली को अन्तरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की ओर अग्रसर रहना होगा। 'जिन हाथों में शक्ति भरी है राजतिलक देने की, उन हाथों में ही ताकत है सिर उतार लेने की', पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने लोक सभा में अपने भाषण में यही परिस्थिति का आकलन किया था।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक, शिक्षाविद, दूरदर्शन व्यक्तित्व व परोपकारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक
रोहित कौशिक



# कॉमेडी में अश्लीलता का तड़का अनुचित

समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। रणवीर इलाहाबादिया अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवादों में हैं। रणवीर ने माता-पिता व परिवार को लेकर अश्लील कमेंट किया था। इस कमेंट पर काफी विवाद हो रहा है। यूट्यूबर रणवीर, कॉमेडियन समय रैना और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा और शो के आयोजकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। रणवीर अपने यूट्यूब पॉडकास्ट में फिल्मी हस्तियों और चर्चित हस्तियों से चर्चा करते हैं। सोशल मीडिया पर बहुत बड़ी संख्या में उनके फॉलोवर्स हैं। अब यूट्यूब ने वह वीडियो हटा दिया है। रणवीर ने अपनी इस हरकत के लिए माफी भी मांग ली है लेकिन रणवीर पर सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। रणवीर ने शो में शामिल प्रतिभागी से पूछा था कि क्या आप अपने माता-पिता को अपने जीवन के बाकी हिस्से के लिए हर दिन सेक्स करते हुए देखेंगे या एक बार शामिल होंगे और इसे हमेशा के लिए रोकेंगे। कॉमेडी के नाम पर इस तरह के प्रश्न पूछना क्या वास्तव में जरूरी है। सवाल यह है कि ऐसे प्रश्नों से क्या हासिल हो जाएगा ? क्या माता- पिता के यौन सम्बन्धों को मजाक का विषय बनाया जा सकता हैं ? हालांकि पहले से ही यौन सम्बन्धों पर मजाक होते रहे हैं। पहले छिपकर यौन सम्बन्धों पर मजाक होते थे लेकिन अब यौन सम्बन्धों पर मजाक करना एक फैशन मान लिया गया है। सेक्स एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। सभी जीव-जंतु इसी प्रक्रिया के माध्यम से अपना जीवन चक्र चलाते हैं। सवाल यह है कि क्या किसी प्राकृतिक प्रक्रिया को आश्चर्य के तौर पर देखा जाना चाहिए? एक प्राकृतिक प्रक्रिया को मजाक बनाकर कहीं हम अपनी कुंठा तो नहीं दिखाते हैं ? इसी कुंठा के कारण हम कई नई चीजों को जन्म दे देते हैं। दरअसल यूट्यूब पर घटिया व्यंग्य और घटिया मजाक के अनेक शो चल रहे हैं। सच्चे अर्थों में तो इन्हें व्यंग्य भी नहीं कहा जा सकता। द्विअर्थी संवाद और सेक्स से सम्बंधित बातों का छौंक लगाकर इन्हें व्यंग्य और हास्य का नाम दिया जाता है। शर्मनाक तो यह है कि ऐसे शो को पसंद करने वाले लोग भी लाखों में हैं। इसका अर्थ यह है कि यह समाज ही ऐसे शो को पसंद करता है। बड़ी संख्या में लोगों द्वारा पसंद करने के कारण ही ये शो चल भी रहे हैं। सवाल यह है कि क्या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर शर्मनाक और घटिया हरकतों की इजाजत दी जा सकती है? शायद नहीं। इस दौर में सिर्फ एक रणवीर नहीं बल्कि सैकड़ों रणवीर इलाहाबादिया पैदा हो गए हैं। टैलेंट के नाम पर फूहड़ता को बढ़ावा दिया जा रहा है। टैलेंट के नाम पर गालियां देना आम हो गया है। जैसे इसे इस जमाने का फैशन मान लिया गया हो। शायद यह कभी सोचा भी नहीं गया होगा कि एक दिन गालियां देना भी फैशन हो जाएगा। सवाल यह है कि रणवीर इलाहाबादिया जैसे लोग घटिया हरकतों और घटिया टिप्पणियों को अपना अधिकार कैसे समझ लेते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर क्या कुछ भी बोल देना हमारा अधिकार होना चाहिए ? हमें अपने अधिकार तो बहुत जल्दी याद आने लगते हैं लेकिन अपनी जिम्मेदारी बहुत जल्दी भूल जाते हैं। जाहिर है कि यदि हम अपनी जिम्मेदारी का ध्यान रखें तो ऐसी हरकतें सामने आ ही नहीं सकती हैं। दरअसल इस दौर में जिस तरह से नैतिकता को फालतू चीज मान लिया है उससे स्थिति बद से बदतर ही हुई है। यह ठीक है कि हर इंसान के लिए नैतिकता की परिभाषा अलग-अलग हो सकती है लेकिन इसके बावजूद हमारे अंदर इतना विवेक तो होना ही चाहिए कि हम स्वयं अपनी एक सीमा रेखा खींच सकें। इस दौर में बोल्ड दिखने की ऐसी प्रतिस्पर्धा हो रही है कि जिसमें हमारे आधारभूत संस्कार ही पीछे हो गए हैं। संस्कार नाम की चीज को पिछड़ा हुआ माना जाने लगा है। तभी तो एक शो में अपने माता-पिता के सेक्स को भी अपने मनोरंजन की बात बना दिया जाता है। क्या रणवीर के माता-पिता ने उसे यही संस्कार दिए होंगे। क्या इस दौर में माता-पिता की भी यह जिम्मेदारी नहीं है कि वे अपने बच्चों को संस्कारों का भी पाठ पढ़ाएं और इसे प्रगतिशीलता के मार्ग में अवरोधक न माना जाए। सवाल उठता है कि क्या रणवीर के माता-पिता उसकी इस बोल्ड छवि को स्वीकार कर पाएंगे। इसलिए इस दौर में भी संस्कारों को पुरानी चीज नहीं माना जाना चाहिए। इस तरह के शो में अपना स्तर इतना नीचे नहीं गिराना चाहिए कि सारी शर्म ही खत्म हो जाए। मर्यादा में रहकर ही संवाद किया जाना चाहिए। ऐसे संवादों में मानवीय रिश्तों की गरिमा का ध्यान भी रखा जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित
**दर्शन**

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

# तुलसीदास ने की विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिये वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम ! मै हत्यारा हूँ, मुझे भिक्षा दीजिये। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान् के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिये। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहा: यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा: हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल

आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी।

**- पंकज मेहता**, धमतरी

## ट्रेंड

### एक्सप्रेस-वे का मुआयना



उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान आज 8000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे लखनऊ-कानपुर ग्रीनफील्ड एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे का सांसद आई रमेश अवस्थी व डीएस भौंसले के साथ मुआयना किया।
**-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### पावन तीर्थ स्नान



144 साल बाद हो रहे तीर्थराज प्रयाग के महाकुंभ के भव्य आयोजन की व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। एक हिंदू के नाते मैं भी उसमें पावन तीर्थ स्नान करने आया हूँ।
**-देवेंद्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### विनम्र श्रद्धांजलि



पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत उनका सर्वोच्च बलिदान कभी नहीं भूलेगा।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### महाकुंभ में आशीर्वाद



पवित्र नदियों में स्नान करना पूर्वकर्मों के नाश और इस जीवन में सच्ची मुक्ति की ओर अग्रसर होने का प्रतीक है। कुम्भ मेला एकता, शांति और विभिन्न समुदायों के बीच सहयोग के आदर्शों को प्रतिष्ठित करता है। महा कुम्भ में आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर पाकर अत्यन्त गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।
**-विवेक ओबेराय, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# मोदी का ट्रंप को 'मागा' की तर्ज पर 'मीगा' का मंत्र



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चर्चित कथन 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (मागा) की तर्ज पर 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (मीगा) का मंत्र दिया और कहा कि ये दोनों दृष्टिकोण मिलकर समृद्धि के लिए ''मेगा'' साझेदारी बनाते हैं तथा द्विपक्षीय साझेदारी को नई ऊंचाई प्रदान करने वाले हैं। उन्होंने ये टिप्पणियां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त सम्मेलन के दौरान कीं। दोनों नेताओं ने यहां रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक बनाने के लिए एक नई रूपरेखा तैयार करने को लेकर मुख्य रूप से बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आदर्श वाक्य, 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (अमेरिका को फिर से महान बनाएं) यानी 'मागा' से सब परिचित हैं। भारत के लोग भी विरासत और विकास की राह पर 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के साथ तेज गति से विकास की ओर बढ़ रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर मैं अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (भारत को फिर से महान बनाएं) यानी 'मीगा' है। जब संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत एक साथ काम करते हैं, यानी मागा और मीगा मिलकर समृद्धि के लिए ''मेगा'' साझेदारी बनती है तथा यह ''मेगा'' भावना हमारे लक्ष्यों को नया आकार और दायरा प्रदान करती है।''

## ऑफ बीट

# क्या एआई हमें मंदबुद्धि बना रहा है? शोध में आशंका



हममें से ज्यादातर लोग एक हद तक ही सोच पाते हैं। बिना कलम और कागज या कैलकुलेटर के 16,951 को 67 से भाग देने की कोशिश करें। पिछले हफ्ते बनाई गई सूची या अपने फोन पर उपलब्ध फेहरिस्त के बिना हफ्ते भर की खरीदारी करने की कोशिश करें। अपने जीवन को आसान बनाने के लिए इन उपकरणों पर निर्भर रहकर हम खुद को अधिक बुद्धिमान बना रहे हैं या मूर्ख? हम अपनी कार्यकुशलता बढ़ने के बावजूद क्या एक प्रजाति के रूप में अज्ञानता के और करीब जाने लगे हैं? यह प्रश्न विशेष रूप से ओपनएआई कंपनी के स्वामित्व वाला एक एआई चैटबॉट 'चैटजीपीटी' जैसी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के संबंध में विचार करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिसका प्रत्येक सप्ताह 30 करोड़ लोग लेखन के समय उपयोग करते हैं। 'माइक्रोसॉफ्ट' और अमेरिका के कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा हाल ही में लिखे गए एक शोधपत्र के अनुसार, उक्त प्रश्न का उत्तर हां हो सकता है। लेकिन बात इससे कहीं आगे पहुंच चुकी है। अच्छी सूझबूझ शोधकर्ताओं ने मूल्यांकन किया कि उपयोगकर्ता अपनी विश्लेषणात्मक सोच पर एआई के प्रभाव को कैसे समझते हैं। आम तौर पर, विश्लेषणात्मक सोच का संबंध अच्छी तरह से सोचने से होता है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### पुलवामा हमले की बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**मंडीदीप।** छह साल पहले 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में जैश-ए मोहम्मद के आतंकवादी ने श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले में विस्फोटक लेकर जा रहे एक वाहन को टक्कर मार दी थी। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। शुक्रवार को नगर में पुलवामा हमले की बरसी पर शहीदों को सेवा समिति द्वारा पटेल नगर स्थित स्वामी विवेकानंद संचेतना केन्द्र पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

### तामोट में नया स्कूल भवन बनाने की मांग



**तामोट।** विधायक सुरेंद्र पटवा के प्रयास से तामोट के सरकारी अस्पताल निर्माण के लिए 60 लाख रुपए मंजूर हुए हैं। तामोट के नेता, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, संजीव चौहान, रामपाल, बाबूलाल, गणेश चौधरी, गुलाब चौहान, रामकिशोर चौहान, लक्ष्मी प्रजापति, बेनी मास्टर, सुरेश तिवारी, बालमुकुंद आदि ने कहा कि तामोट का स्कूल जर्जर हो गया है, नए भवन का निर्माण कराया जाना चाहिए। मेन रोड से अस्पताल की सड़क, नाली आदि विकास कार्य किए जाने चाहिए। तामोट पंचायत में दलालों पर प्रतिबंध लगना चाहिए, जिससे तालाब की साफ-सफाई हो सके।

### नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने परिषद में हुई चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** नगर को स्वच्छ





और सुंदर बनाने को लेकर शुक्रवार को नगर परिषद के दफ्तर में वार्ड 2 पार्षद नरेश सेठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, कार्यवाहक सीएमओ राजकुमार शर्मा ने चर्चा की। नगर परिषद दफ्तर के बाहर प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक का कहना है कि सब पार्षदों को साथ लेकर काम करो। इधर पार्षद राजेंद्र गुड्डु साहू गुप्त रूप से सोनू चौकसे के सलाहकार बन गए हैं, क्योंकि पार्षद सुजीत यादव, सुनील सेरिया आजकल मौन हैं। वार्ड 14 के पार्षद दीपू परमार नप के दफ्तर में कभी-कभी दिखते हैं। नगर परिषद दफ्तर में चर्चा गर्म है कि वार्ड 4 में स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण को हटाया जाना चाहिए, प्लॉट बेचने वालों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

### रोजाना लग रहा जाम लोग परेशान



**औबेदुल्लागंज।** नगर में लगातार लग रहे जाम से आमजन परेशान हैं। शुक्रवार शाम करीब 6 बजे जाम लग गया, जिसके कारण लोगों को काफी मशक्त करना पड़ी। लोगों ने बताया कि यहां दिन में कई मर्तबा जाम लगता है। इसका मुख्य कारण सड़कों पर दोपहिया वाहन और लोडिंग और अनलोडिंग करने वाले टेंपो के खड़े होने, साथ ही सड़क पर फल-सब्जी वालों के ठेले के खड़े होना है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद में कई बार शिकायत की पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं पुलिस प्रशासन भी ध्यान नहीं देता। टीआई बीपी सिंह कहते हैं मैं दिखवाता हूं जाम क्यों लगता है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 180 | 95 | 348 |
| रात: | 667 | 96 | 178 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 349 | 60 | 668 |
| रात: | 789 | 44 | 356 |

---

नरसिंहगढ़ में रहने वाले ताऊ के बेटे ने की हरकत, दोनों के परिवार में चल रहा पहले से विवाद

# बीएएमएस छात्रा के फोटो पर पोस्ट किया आपत्तिजनक स्टेटस मनचले ने की घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा पुलिस ने बीएएमएस की छात्रा की शिकायत पर उसके सगे ताऊ के बेटे पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। छात्रा का आरोप है कि नरसिंहगढ़ में रहने वाले उसके ताऊ के बेटे ने सोशल मीडिया पर उसके फोटो डालकर आपत्तिजनक स्टेटस डाला था।

इधर छोला मंदिर इलाके में 25 साल के युवक द्वारा 40 साल की महिला से घर में घुसकर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूलतः जबलपुर निवासी 26 साल की युवती निशातपुरा इलाके में रहती है। वह एक कॉलेज से बीएएमएस की पढ़ाई कर रही है। उसने पुलिस को बताया कि उसके ताऊ का बेटा नरसिंहगढ़ में रहता है। उनके और ताऊ के परिवार में विवाद चल रहा है। विवाद के कारण ताऊ के बेटे ने सोशल मीडिया पर उसकी फोटो के साथ आपत्तिजनक स्टेटस डाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो बार समझाइश देने के बाद तीसरी बार घर में घुसा मनचला

इधर, छोला मंदिर इलाके में रहने वाली 40 साल की महिला ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके घर के सामने एक मकान बन रहा है। मकान में काम चलने के कारण रात में यहां मकान मालिक का बेटा सुरेंद्र लोधी रुकता है। बुधवार रात सुरेंद्र लोधी उसके घर के गेट के पास आया और घर में घुसने का प्रयास करने लगा। शराब के नशे में होने के कारण परिजन ने उसे बाहर निकाल दिया। उसने दूसरी बार महिला के घर में घुसने का प्रयास किया और उसे दूसरी बार भी बाहर निकाल दिया। रात करीब साढ़े 11 बजे वह महिला के घर घुस गया और उसने अश्लील हरकत की। महिला के पति ने घटना की शिकायत डायल 100 को की थी। इसके बाद पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।



### 13 साल की छात्रा को 25 साल का मनचला कर रहा था परेशान

**पुलिस ने केस दर्ज कर की आरोपी की तलाश शुरू**

अशोका गार्डन में रहने वाली सातवीं कक्षा की एक छात्रा को मनचला युवक पिछले 6 महीने से परेशान कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी सातवीं में पढ़ती है। मोहल्ले में रहने वाला इरशाद अंसारी (25) पुताई का काम करता है। वह पिछले छह महीने से किशोरी का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। स्कूल आते-जाते समय पीछा कर अश्लील कमेंट्स करता था। पिछले दिनों इरशाद किशोरी के पीछे स्कूल तक पहुंच गया और उससे अनर्गल मांग करने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

---

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित बायपास पर हुआ हादसा

# कार ने बाइक सवार मां-बेटे को मारी टक्कर, मां की अस्पताल में हुई मौत

» 9 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे गंजबासौदा से भोपाल आ रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित बायपास पर जिंदल अस्पताल के सामने अज्ञात कार ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। हादसा गत 9 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे का है। हादसे में मां और बेटे को चोट आई थी और उनका भानपुर स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर मां की मौत हो गई, जबकि बेटे के स्वास्थ्य में सुधार होने के कारण उसे पहले ही छुट्टी दे दी गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार का पता लगा रही है।

पुलिस के अनुसार लीलाबाई पति जगदीश (46) गंजबासौदा की रहने वाली थी। गत 9 फरवरी को वह अपने बेटे के साथ गंबासौदा से भोपाल आ रही थी। मां-बेटे बाइक से बायपास होते हुए जिंदल अस्पताल के पास पहुंचे थे, तभी अज्ञात कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मां-बेटे बाइक समेत सड़क पर गिर गए थे। इधर, टक्कर मारने के बाद कार का चालक तेजी से कार लेकर फरार हो गया। मां-बेटे को इलाज के लिए भानपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सिर में चोट होने के कारण लीलाबाई की शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे मौत हो गई।

### स्कॉर्पियो पलटने से घायल युवक की मौत

**टूबा कॉलेज के सामने हुआ था हादसा**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित टूबा कॉलेज के सामने गत रविवार तड़के स्कॉर्पियो पलटने से एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि उसके आठ अन्य साथी घायल हुए थे। घायलों में तीन की हालत नाजुक थी। उनमें एक युवक की गुरुवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार शेरयार खान (20) पीजीबीटी कालेज के पास गौतम नगर में रहता था। रविवार को वह अपने आठ अन्य दोस्तों के साथ शादी में शामिल होने लालघाटी पहुंचा था। रात में सभी दोस्त दूल्हे को लेकर तीन गाड़ियों में सवार होकर चाय पीने निकले थे। रात करीब साढ़े 3 बजे शेरयार खान की स्कार्पियो जीप टूबा कॉलेज के पास अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इस हादसे में जीप में सवार फैजान खान की मौत हो गई थी, जबकि शेरयार समेत आठ लोग घायल हुए थे। शेरयार को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां गुरुवार की रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### स्पोर्ट्स बाइक डिवाइडर से टकराने पर घायल नाबालिग की मौत

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित एयरपोर्ट रोड से लाल घाटी वाले ब्रिज पर गत रविवार रात तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में नाबालिग गंभीर रूप से घायल हुआ था। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। करीब पांच दिन तक चले इलाज के बाद शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार, फरमान खान पिता इस्माइल खान (16) न्यू कबाड़खाना, एहले हदीस मस्जिद के पास का रहता था। वह आठवीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद पढ़ाई छोड़ चुका था और पिता के कारोबार में हाथ में बंटाता था। गत रविवार को वह अपने दोस्तों के साथ परवलिया स्थित रंगला पंजाब ढाबा गया था। वहां से लौटते समय फरमान यामाहा आर-1 बाइक पर अकेला था, जबकि उसके दो दोस्त दूसरी बाइक से साथ चल रहे थे। देर रात ब्रिज पर उसकी तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में जबड़ा टूट गया और सिर में गंभीर चोट आई थी। गंभीर रूप से घायल फरमान को उसके साथी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां जबड़े में फ्रैक्चर और सिर की हड्डी डैमेज होने की वजह से उसकी हालत नाजुक थी। करीब पांच दिन चले इलाज के बाद शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई।

---

महिला समेत तीन आरोपी 18 फरवरी तक रिमांड पर

# मानव तस्करी का मामला: वाट्सएप ग्रुप बनाकर करते थे देह व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन पुलिस द्वारा देह व्यापार के 26 दलालों की पहचान करते हुए 18 दलालों की गिरफ्तारी कर ली है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने तीन आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि वह वाट्सएप ग्रुप बनाकर देह व्यापार करा रहे थे। उन्होंने राजधानी के बाहर से भी लड़कियां बुलाकर देह व्यापार करने की बात स्वीकारी है।

आरोपियों के मोबाइल से हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों की 250 से ज्यादा लड़कियों की फोटो मिली है। गिरोह के सरगना आशुतोष वाजपेयी और महक यादव अभी न्यायायिक हिरासत में है। आरोपियों को पुलिस ने 26 जनवरी को गिरफ्तार किया था। इससे पहले दोनों शाहपुरा इलाके में 17 अप्रैल 2024 को होटल के स्क्वायर में कॉल गर्ल की हत्या के मामले में भी जेल जा चुके हैं।

दावा किया जा रहा है कि भोपाल में देह व्यापार का सबसे बड़ा नेटवर्क महक और आशुतोष ही संचालित कर रहे हैं। मानव तस्करी के मामले में इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद ही भोपाल में लड़कियों की सप्लाई करने वाले सबसे बड़े गिरोह का खुलासा हुआ।

### 6 आरोपियों का आमना सामना कराएगी पुलिस

पुलिस ने निधि अग्रवाल, कोलार निवासी मकबूल अली और अर्जुन पटेल को कोर्ट में पेश कर 18 फरवरी तक रिमांड पर लिया है। मंगलवार को पुलिस ने पूजा ठाकुर उर्फ डिंपी, कुल्दीप उर्फ कुणाल और नवेद खान को कोर्ट में पश कर रिमांड पर लिया था। अब पुलिस सभी 6 आरोपियों का आमना-सामना कराएगी और उनके नेटवर्क के संबंध में पूछताछ करेगी। पुलिस की अब तक की जांच में सभी आरोपियों द्वारा भोपाल और आस-पास के जिलों में लड़कियां सप्लाई करने की बात सामने आ चुकी है। मोटी रकम कमाने के लिए आरोपी नाबालिग लड़कियों को भी सप्लाई करते थे।

---

संस्कार विद्यालय में प्रदर्शनी का आयोजन

## दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का डॉ. निशा ने किया अवलोकन



**संतनगर।** संस्कार विद्यालय में बच्चों की ज्ञान वृद्धि के लिए चल रही दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी के दूसरे दिन प्रदर्शनी का निरीक्षण करने एवं कक्षा 10वीं एवं 12वीं की छात्राओं से बोर्ड परीक्षा पर चर्चा करने के लिए मप्र बाल आयोग के डॉ. निशा सक्सेना पहुंची। इस अवसर पर संस्था के सचिव बसंत चेलानी, समाज सेवी, हीरो ईसरानी (हीरों हिन्दु), प्रभुदास मूलचंदानी उपस्थित हुए। डॉ. निशा सक्सेना ने कहा कि विद्यालय का नाम है संस्कार, उसी के अनुरूप बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जा रहे हैं।

## गुरुदास अध्यक्ष और खटवानी बने उपाध्यक्ष दिए नियुक्ति-पत्र

**संतनगर।** राष्ट्रीय सिंधी मंच नई दिल्ली द्वारा संत हिरदाराम नगर शाखा का गठन किया गया है, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष हरीश तीर्थानी की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि नरेश वासवानी व मुख्य सलाहकार कमल मनसुखानी द्वारा शुक्रवार को पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए। संत हिरदाराम नगर के अध्यक्ष पद पर गुरदास रामचंदानी व उपाध्यक्ष महेश खटवानी को नियुक्त किया गया है। महासचिव राज मनवानी को बनाया गया हैं। इस अवसर पर रूपचंद सोनी, संजू आहूजा, मनीष वासवानी, सचिव कमलेश देवानी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश रीझवानी, ऑडिटर एवं मीडिया प्रभारी राजेश केवलानी आदि मौजूद थे।

---

लाइफ लाइन स्कूल में मात्र-पितृ पूजन दिवस मनाया

## स्कूली बच्चों के दादा-दादी, नाना-नानी का शॉल-श्रीफल से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

विजय श्री एज्यूकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित लाइफ लाइन स्कूल में शुक्रवार को मात्र-पितृ पूजन दिवस मनाया। प्राचार्या किरण वाधवानी ने करीब 200 दादा-दादी, नाना-नानी का सम्मान शॉल श्रीफल से किया गया।

प्राचार्या किरण वाधवानी ने कहा कि लोग जहां पाश्चात्य संस्कृति से जुड़ रहे हैं वहीं हमने बच्चों को उनसे दूर रहने के लिए यह दिवस चुना और स्कूल में पालकों को बुलवा कर उनके ही बच्चों से पूजा करवाई। बच्चों को मॉरल एजुकेशन का पाठ पढ़ाया और सनातन संस्कृति की जानकारी दी। यह कार्यक्रम लायन्स क्लब मन्नत ओर लाइफ लाइन स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में हुआ बच्चों ने पूजा में मां का टीका किया। बजरंग



सेना समिति के मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग, अध्यक्ष कमलेश देवानी, महासचिव गुरदास रामचंदानी, बृजकिशोर सेन, हीरो हिन्दू, प्रभु मूलचंदानी, अशोक तनवानी, माधव घनशानी, गोविंदराम वाधवानी, भावना चंदनानी, किरण वाधवानी, नैना वाधवानी उपस्थित थे।

## खुले बोरवेल मिले तो एफआईआर के आदेश का नहीं हो रहा पालन



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में खुले पड़े बोरवेल में मासूमों के गिरने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। घटना के बाद अफसरों की नींद खुलती और आनन फानन में कार्रवाई के साथ-साथ आदेश पर आदेश जारी किए जाते हैं। बोरवेल में गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने रोकथाम एवं सुरक्षा अधिनियम-2024 कानून बनाया है। यह कानून पूरे प्रदेश में क्रियाशील हो चुका है, लेकिन इस पालन नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र के आमजन एवं किसान सुधरने का नाम नहीं ले रहे, जहां देखो वहां खेतों में बोरवेल खुले पड़े हुए हैं। इससे कभी भी हादसे की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्दी सर्वे कराकर ऐसी खुले बोर को तत्काल बंद किया जाए एवं ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।
इस संबंध में तहसीलदार हेमंत शर्मा ने बताया कि पिछले साल डोंडी पिटवाकर लोगों को जागरूक किया था। वहीं पटवारियों से अपने अपने क्षेत्र का सर्वे करवाकर खुले पड़े बोरवेल को बंद करवाया था। यदि अभी भी ऐसी स्थिति है तो हमें बताएं हम संबंधितों पर कार्रवाई करेंगे।

---

राहुल नगर के सूने मकान से लगभग एक लाख रुपए के चुराए थे अभूषण

# सतलापुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

चार माह पहले औद्योगिक थाना के पीछे राहुल नगर के एक मकान से हुई चोरी को ट्रेस करते हुए थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने दो आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनकी निशान देही पर नर्मदापुरम के ज्वेलर्स को चोरी का माल खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 अक्टूबर को राहुल नगर के सूने मकान से लगभग एक लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के आभूषण चोरी हुए थे। पुलिस ने फरियादी अवध नारायण कि शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडेय के निर्देशन व मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे व एसडीओपी के नेतृत्व में थाना प्रभारी सतलापुर व उनकी टीम को सोने चांदी के आभूषणों को चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने व चोरी गए आभूषणों को बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य एवं मुखविर कि सूचना के आधार पर संदेही राहुल नागवंशी उर्फ राहुल राजपूत को अमरावती महाराष्ट्र से अभिरक्षा में लिया, जिसके द्वारा अपने साथी मोहन राजपूत उर्फ चौड़ा तथा छोटू स्वीपर के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। छोटू को नर्मदापुरम से हिरासत में लेकर पूछताछ के आधार नर्मदापुरम के ज्वेलर्स रामकुमार सोनी से चोरी के आभूषणों को बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, वहां से जेल भेज दिया है।

### इन आरोपियों को हिरासत में लिया

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित राहुल नागवंशी उर्फ राहुल राजपूत निवासी छाबड़ा बिजोरी थाना जुन्नरदेव, छोटू स्वीपर पिता कल्लू (23) निवासी वार्ड 19 गायत्री स्कूल के पास राहुल नगर मंडीदीप, मायाबाई धावरे पति जीतेन्द्र (35) निवासी इंद्रा आवास कॉलोनी नर्मदापुरम को चोरी का माल बेचने में सहयोग करने एवं राजकुमार सोनी पिता सीताराम सोनी (71) निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नर्मदापुरम को हिरासत में लिया है।

---

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में नहीं थम रही चोरी की वारदात

# राजधानी एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री का पर्स चोरी दक्षिण एक्सप्रेस में यात्री की जेब से निकाले 18,500 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और जेबकटी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। राजधानी एक्सप्रेस में कल्याण रेलवे स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन का सफर कर रहे यात्री की जेब से अज्ञात चोर ने पर्स चुरा लिया। पर्स में 9 हजार रुपए की नगदी समेत दस्तावेज थे। इसी प्रकार दक्षिण एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री की जेब से अज्ञात बदमाश पैसों से भरी पन्नी चुरा ली। पन्नी में 18 हजार 700 रुपए की नगदी थी।

जीआरपी भोपाल ने दोनों ही यात्रियों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। जीआरपी के अनुसार किशोर धाऊ मेहेर (48) थाना बदलापुर, जिला अंबरनाथ महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे राजधानी एक्स के कोच बी/2 पर बर्थ नंबर-58 पर कल्याण रेलवे स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना हैंड बैग और उसके अंदर पर्स रखा था। पर्स में 9 हजार रुपए की नगदी थी। इसके अलावा एटीएम कार्ड सहित आधार कार्ड, पेनकार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस था। उन्होंने हैंड बैग सीट पर रखा था। भोपाल रेलवे स्टेशन पर गाड़ी पहुंची तो उनका बैग चोरी हो चुका था।

### आंबेडकर नगर एक्सप्रेस में यात्री का मोबाइल चोरी

रायचूर कर्नाटका निवासी निरंजन पाटिल, ने जीआरपी रानी कमला पति में शिकायत करते हुए बताया कि वे यशवंतपुर आंबेडकर नगर एक्सप्रेस से उज्जैन की यात्रा अपने दोस्तों के साथ कर रहे थे। यात्रा के दौरान मैने अपना मोबाइल चार्जिंग पाइंट पर लगा दिया और बर्थ पर सो गए। रानी कमला पति रेलवे स्टेशन से ट्रेन निकलने के बाद उन्होंने देखा तो चार्जिंग पाइंट पर लगा उनका मोबाइल नहीं था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 28 हजार रुपए है। वे उज्जैन महाकाल के दर्शन से लौटे जीआरपी रानी कमलापति पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। वृंदावन कॉलोनी, सांई नगर, अपरावती निवासी 37 साल के वैभव ने शिकायत करते हुए बताया कि वह पनवेल एक्सप्रेस के कोच इ/3 बर्थ नंबर 23 पर झांसी से भुसावल की यात्रा कर रहा था। इस दौरान उसका मोबाइल बैग के बाहरी जेब में रखा था। ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन पहुंच रही थी। उन्होंने मोबाइल चेक किया तो जेब में नहीं था। मोबाइल की कीमत 18 हजार रुपए है।

### पैसों से भरी पन्नी चोरी

अशोका गार्डन निवासी जसमत सिंह यादव ने जीआरपी भोपाल में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह दक्षिण एक्स में पीछे की तरफ जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे। उन्हें भोपाल से ललितपुर जाना था। वे प्लेटफार्म नंबर-2 पर पहुंचे और ट्रेन में पीछे के जनरल कोच में चढ़ गए। इस दौरान भीड़ भाड़ थी। भीड़भाड़ में किसी ने उनकी जेब में रखी पन्नी चुरा ली। उन्होंने कोच में पता किया, लेकिन पैसों की पन्नी का कुछ पता नाहीं चला। पन्नी में 18 हजार 700 रुपए, एक डायरी थी।

---

नौ दिसीय श्रीराम कथा का तीसरा दिन

## श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर मनाया श्रीराम जन्म उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

राम कथा के तीसरे दिन कथावाचक सदभव तिवारी ने नारद मोह, भगवान श्री रामचंद्र का अवतार किन कारणों से होता है की कथा सुनाई। सामूहिक भजन मंडल द्वारा चल रही रामकथा में शुक्रवार को श्रीराम का जन्म उत्सव मनाया। इस दौरान भजन मंडल की बहनों ने फूलों की वर्षा कर खुशियां मनाई।

अनुराधा विजयवर्गी, राजकुमारी मित्तल, शिवम तिवारी, मानसी मित्तल, सपना अग्रवाल, नमीता अग्रवाल, दीपू अग्रवाल, प्रियंका गुप्ता, मनोज हेमलता चौरसिया, पार्षद श्याम सोनी, उन्नति राय, कमला मधु जैन, भोजपुर नारी शक्ति समिति प्रभात फेरी मंडल की अध्यक्ष आरती यादव, अशोक मित्तल, जितेंद्र दुबे, सुदामा तिवारी, राकेश तिवारी, संतोष गुप्ता आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

# 'आर्ट फॉर कॉज' में 35 विदेशी आर्टिस्टस के चित्रों के साथ 50 चित्र हुए प्रदर्शित

## विदेशी आर्ट वर्क से अपने शहर के कलाकारों को परिचित कराने चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

साल 2013 में स्थापित 'आर्ट फॉर कॉज' संस्था का अपने आप में एक अर्थ है, यह संस्था अपने देश के कलाकारों को विदेशी कला से परिचित कराने का कार्य करती है।



विदेशी कलाकारों द्वारा बने चित्रों को कैनवास पर प्रिंट कराकर उसको एग्जीबिट किया जाता है। रंगायन आर्ट गैलरी में चित्र प्रदर्शनी में 35 विदेशी आर्टिस्टस सहित कुल 50 चित्र हुए प्रदर्शित हुए हैं। यह कहना है पेंटिंग एग्जीबिशन ऑर्गेनाइज करने वाले फैजल मतीन का। फैजल ने कहा कि मैं हमेशा से ही हेरिटेज को प्रमोट करता हूं। इसलिए मैंने ताज-उल-मस्जिद और शौकत महल जैसे भोपाल हेरिटेज को दर्शाया।

### विवाह बंधन में बंधे दंपती के पैरों को किया चित्रित




सिंगापुर की लूना ने सांप को अपने चित्र में दर्शाया तो वहीं नैरोबी की लवीना ने बनारस के मंदिरों को अपने चित्रों में दर्शाया। वहीं, भोपाल की जेहरा कागजी ने विवाह बंधन में बंधने वाले दंपती के पैरों को दर्शाया और उनका प्रतिबिंब पानी में। जेहरा ने कहा कि वैवाहिक जीवन की शुरुआत के साथ दोनों पति पत्नी एक दूसरे से वादा करते हैं कभी साथ न छोड़ने का।

### पैलेट नाइफ के प्रयोग से दर्शाया प्रकृति प्रेम



वहीं, शमीना खान ने हरी-भरी हरियाली से घिरे तालाब पर तैरती जल कुमुदिनी को बड़े ही मनभावन तरीके से प्रदर्शित किया। पैलेट नाइफ के प्रयोग से बने इस चित्र में उन्होंने प्रकृति के सौंदर्य को दर्शाने की कोशिश की।

### सेल्फ इमेजिनेशन पर आधारित गौतम बुद्ध का चित्र



सेल्फ इमेजिनेशन पर आधारित चित्रों को बनाने वाली शादमा खान युसूफ ने कहा कि मैंने अपने चित्र में गौतम बुद्ध के चित्र को दर्शाया। साथ ही अमेरिकी मॉडल के रूप में पिकॉक लेडी भी मेरे आर्ट वर्क का हिस्सा हैं।

### प्रतीक्षा ने प्रकृति से प्रेरित एम्ब्रॉयडरी से बनाए चित्र



प्रकृति से प्रेरित प्रतीक्षा भावसार ने अपने चित्रों को नेचर के अलग अलग रुपों को दर्शाने की कोशिश की, जिसमें उन्होंने काफी कठिन एम्ब्रायड्री से अपने चित्रों को बनाया।

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के वार्षिकोत्सव में गीत, नृत्य व स्टॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# टॉलीवुड-बॉलीवुड गानों पर थिरकते कदमों से सजी 'तरंग' की संध्या



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

महाकाली की वेशभूषा में आली रे आली महाकाली.... की प्रस्तुति ने जहां दर्शकों को दांतों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर किया तो वहीं तानाजी मूवी के सॉन्ग माय भवानी....., रक्त चरित्र... और पुष्पा फिल्म के सामी सामी.... ने तो दर्शकों की खूब तालियां बंटोरीं। साथ ही भाभो कहंदी है, सानू कहंदी है... पंजाबी भंगड़ा और गिद्दा ने तो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विविधता में एकता से भरी हिंदी फिल्मी गीतों पर फ्यूजन परफार्मेंस ने दर्शक दीर्घा में बैठी ऑडियंस को भी ठुमकने पर मजबूर कर दिया। सोलो और ग्रुप डांस से सजी इन प्रस्तुतियों का आयोजन किया उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के वार्षिकोत्सव 'तरंग' में। 'तरंग' के तीसरे दिन गायन प्रतियोगिता भी आयोजित हुई।



### एकल व लोक युगल गायन रहा खास

प्रस्तुतियों में एकल व लोक-युगल गायन सहित दो विधाओं को स्थान दिया गया। एकल गायन में प्रत्याशा त्रिपाठी ने ढोलक की थाप पर पिया तो से नैना लागे रे... गाकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान नैवेद्य शर्मा एवं तृतीय स्थान अंकित दुबे ने प्राप्त किया। वहीं निराली शर्मा ने घर मोरे परदेसी आ... तथा नमन विश्वकर्मा ने तुम्हें दिल्लगी निभानी पड़ेगी... जैसे गीत गाकर श्रोताओं का मन मोह लिया।

### लोक युगल में सुनाया नगाड़े संग ढोल बाजे....

लोक युगल विधा में नगाड़े संग ढोल बाजे...., ऐ! राजा जी... तथा और पिया घर आवेंगे... जैसे प्रसिद्ध लोक गीतों के माध्यम से श्रोताओं को स्वर-विभोर कर दिया। लोक-युगल गायन का प्रथम स्थान वाणी राठौर व प्रज्ञा सक्सेना, द्वितीय स्थान अंकित बागड़े व साथी गायकों को मिला।



### खान पान के स्टॉल रहे आकर्षण के केंद्र

वहीं कार्यक्रम की अगली कड़ी में 'सृजन और स्वाद का अनोखा संगम' विषय पर स्टॉल प्रतियोगिता रासोत्सव आयोजित हुई। जिसमें स्टॉल श्रेणी में भव्य व हेमा मालवीया के स्टॉल उत्तर दक्षिण डिलाईट को प्रथम, मनस्वी देशमुख के स्टॉल जय महाराष्ट्र को द्वितीय स्थान मिला।



# बहिरंग के मंच पर बिखरा संगीत का आरोह अवरोह का क्रम और लोकनृत्यों की छटा

## भारत भवन के 43वें वर्षगांठ समारोह के दूसरे दिन हुईं विभिन्न प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

बड़ी झील किनारे बसा बहुरंगी कलाओं का केन्द्र भारत भवन शुक्रवार शाम भारतीय शास्त्रीय संगीत और मप्र की प्रचीन लोक संस्कृतियों से सजी प्रस्तुतियों का गवाह बना। यहां एक तरफ शास्त्रीय संगीत के आरोह-अवरोह का क्रम था तो दूसरी तरफ पारंपरिक लोक नृत्यों की अद्भुत छटा। जहां पहले पद्श्री कलाकार अर्जुन सिंह धुर्वे एवं साथियों की लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति हुई। इसके बाद वरिष्ठ कलाकार और राज्य शिखर सम्मान से अलंकृत दो कला मनीषियों की प्रस्तुतियों ने वर्षगांठ समारोह की शोभा बढ़ाई।



**लोकनृत्यों की प्रस्तुति से आरंभ:** वर्षगांठ समारोह के दूसरे दिन की प्रस्तुति का आगाज पद्श्री अर्जुन सिंह धुर्वे एवं साथी कलाकारों द्वारा पेश लोकनृत्यों की प्रस्तुति से हुआ। अर्जुन ने परघौनी नृत्य पेश किया। इस नृत्य में दिखाया गया कि शादी के समय दुल्हन के भाई को खाट पर बैठाकर उत्सव बनाते हैं। लोक संगीत से सजी इस प्रस्तुति को 15 कलाकारों के समूह ने पेश किया।



### अपने गुरु को समर्पित की प्रस्तुति

गायन-वादन के अगले क्रम में कलाकार सुनील पावगी ने हवाईयन गिटार की प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति के लिए उन्होंने राग धानी का चयन किया। प्रस्तुति को आरंभ करते हुए सुनील ने आलाप जोड़ झाला प्रस्तुत किया। प्रस्तुति के अगले क्रम में कलाकार ने एक गत और झपताल के साथ प्रस्तुति को विस्तार दिया।

### पार करो नैय्या मोरी



प्रस्तुति के अगले क्रम में विदूषी कल्पना झोकरकर का एकल गायन हुआ। प्रस्तुति को यादगार बनाने कल्पना ने राग मारु विहाग का चयन करते हुए मध्य लय और विलंबित लय में दो रचनाएं पेश की। इस प्रस्तुति में उन्होंने पहले रूपक ताल में बड़ा ख्याल की बंदिश पत राखो राख लेहो... पेश किया। सुर, लय और ताल के आरोह-अवरोह के क्रम को आगे बढ़ाते हुए कल्पना ने याद करो नैय्या मोरी... बंदिश की प्रस्तुति दी।

वर्ल्ड साउंड हीलिंग डे

# आईएचएम में साउंड हीलिंग कार्यक्रम एवं पॉटरी मेकिंग




### बताया हीलिंग का महत्व



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

आरती सिन्हा ट्रस्ट द्वारा आयोजित 'वर्ल्ड साउंड हीलिंग डे' के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आरती सिन्हा ने साउंड हीलिंग के महत्व और इसके प्रयोग के बारे में जानकारी देने साथ ही दर्शकों और विद्यार्थियों को साउंड हीलिंग भी कराया। इसके साथ ही हार्ट चक्र के माध्यम से एक पॉजिटिव थॉट और मंत्र के साथ सामूहिक चेंट के माध्यम से मदर अर्थ अर्थात पृथ्वी को हीलिंग दी गई।



प्रमुख अतिथि आईपीएस जयदीप प्रसाद, एके श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में दर्शकगण मौजूद थे। इस अवसर पर पॉटरी मेकिंग वर्कशॉप भी आयोजित हुई।



# अहिल्याबाई ने विकास, निर्माण के साथ किया पर्यावरण संरक्षण के लिए काम

## भोपाल जिला समिति द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

अहिल्या बाई होलकर का जीवन समाज संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारत राष्ट्र की अमोल निधि है। उनकी कार्यशैली, व्यवहार, कर्म-कर्तव्य का पालन, विपरीत और विषम परिस्थिति में भी स्थिर रहना, उचित समय पर उचित निर्णय, दूरदृष्टि, संकल्प की दृढ़ता, प्रशासनिक कौशल अद्भुत था। यह कहना है कथाकार तथा रोजगार और निर्माण की संपादक रंजना चितले का। चितले शुक्रवार को अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह, भोपाल जिला समिति द्वारा आयोजित व्याख्यानमाला में बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुईं।



### व्यक्तित्व, व्यवहार और कार्य पर विस्तार से चर्चा

विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित व्याख्यान में रंजना ने अहिल्याबाई होल्कर के समग्र व्यक्तित्व, व्यवहार और कार्य पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर समिति के युवा आयाम प्रमुख डॉ. शैलेन्द्र सिंह और यूनिवर्सिटी की डीन फैक्ल्टी डॉ. मलिका पाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

शहीद भवन में 'टंट्या गाथा' का मंचन

# टंट्या मामा के समग्र जीवन को दर्शाती नाट्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

लोक गुंजन नाट्य संस्था द्वारा शुक्रवार को शहीद भवन में नाट्य प्रस्तुति 'टंट्या गाथा' का मंचन किया गया। इस प्रस्तुति का निर्देशन जाने-माने लोक गायक एवं रंग निर्देशक प्रवीण चौबे ने किया। टंट्या गाथा एकल नाट्य प्रस्तुति रही, जिसका गीत संगीत, परिकल्पना एवं एकल अभिनय प्रवीण चौबे ने की।





### गीतों ने किया भावविभोर

नाटक में टंट्या मामा के समग्र जीवन, उनके शौर्य, बलिदान के साथ सामाजिक पारिवारिक समरसता को दिखाया। राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत इस नाटक में टंट्या लोक में व्याप्त पारंपरिक टंट्या के पदों और कुछ मौलिक गीतों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। निमाड़ी एवं आदिवासी लोक शैली में मंचित इस नाटक में नवाचार और नए प्रयोग साफ तौर पर दिखाई दिए।

रविंद्र भवन में अखिल भारतीय रूपक महोत्सव में विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियां

# प्रेम और हास्य रूपकों की प्रस्तुति रहीं खास

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

विगत तीन दिन से रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में चल रहे केंद्रीय संस्कृत विवि के अखिल भारतीय रूपक महोत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ।

कार्यक्रम के समापन सत्र के पहले कौण्डिन्य प्रहसनम, पल्लीकमलम तथा ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति हुई। केंद्रीय संस्कृत विवि सदाशिव परिसर ओडिशा द्वारा प्रस्तुत कौणडिन्य प्रहसनम एक विनोद पूर्ण रूपक है, जिसके आरंभ में पुराण पुरुषोत्तम जगन्नाथ और पुरुषोत्तम क्षेत्र के भोजन वैभव को प्रदर्शित किया गया, जिसे दर्शकों ने जमकर सराहा।





### जीवन संगिनी बन अपने आप को पाती कमलकलिका

वहीं, केंद्रीय संस्कृत विवि भोपाल के राम चौधरी द्वारा रचित पल्लीकमलम नाट्य प्रस्तुति की मुख्य पात्र कमलकलिका है। कमलकलिका ब्रह्मपद एवं तरंगिणी की पुत्री है, जो रूप कुमार को पसंद करती है और अनाथ साधारण नौका चालक है। उतार चढ़ाव से भरी इस कहानी में दिखाया कि वो रूपकुमार की जीवन संगिनी बनकर अपने आप को पाती है।

# वरिष्ठ विमर्श में बुद्धिनाथ मिश्र का कविता पाठ आज

**भोपाल**। हर माह के तीसरे शनिवार को आयोजित होने मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का नियमित आयोजन वरिष्ठ विमर्श इस बार काव्यमयी होगा। कार्यक्रम में शनिवार 15 फरवरी को हिंदी भवन के महादेवी वर्मा कक्ष में 4 बजे से होगा।

कार्यक्रम में राजधानी के प्रमुख रचनाकारों के साथ ही देहरादून के वरिष्ठ कवि बुद्धिनाथ मिश्र तथा जम्मू के वरिष्ठ साहित्यकार सत्य मोहन वर्मा विशेष रूप से काव्य पाठ करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध गीतकार नरेंद्र दीपक करेंगे। वहीं कार्यक्रम में कई कवि भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

अर्थव्यवस्था में वृद्धि का आंकड़ा योगी ने बताया

# महाकुंभ से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ का 'कुंभ' भरेगा

सीएम योगी ने बताया कि जब 50-55 करोड़ लोग उत्तर प्रदेश के महाकुंभ में जुड़ेंगे तो इससे हमारी अर्थव्यवस्था को कितना फायदा होगा? सीएम योगी ने कहा कि 5-6हजार करोड़ केवल कुंभ में ही खर्च नहीं किए हैं बल्कि प्रयागराज के रेनोवेशन में भी खर्च किए गए हैं। योगी ने विकास के लिए केंद्रीय नेतृत्व की प्रशंसा की। सफाई कर्मियों ने पहला रिवर क्लीनिंग विश्व रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में लखनऊ में 114 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम योगी ने बताया जब 50-55 करोड़ लोग महाकुंभ में जुड़ेंगे तो अर्थव्यवस्था को बड़ा फायदा होगा। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ की बढ़ोतरी होगी। 5-6 हजार करोड़ केवल कुंभ में ही खर्च नहीं किए हैं। प्रयागराज में भी खर्च किए गए हैं।

## सीएम योगी ने गडकरी की तारीफ की

सीएम योगी ने कहा कि जब से हमारी डबल इंजन सरकार सत्ता में आई है, सभी श्रद्धालु खुश हैं, जहां 8साल पहले वे नहीं जा पाते थे। यहां बेहतरीन इंतजाम हैं। सड़क परिवहन का श्रेय नितिन गडकरी को जाता है।

**खर्च हुए सिर्फ 1500 करोड़**



### गडकरी ने पर्यटन क्षेत्र को सराहा

गडकरी ने कहा कि महाकुंभ के दौरान अकेले प्रयागराज ने 3 लाख करोड़ की जीडीपी बढ़ोतरी में मदद की। पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है, जहां 49 प्रतिशत पूंजी निवेश रोजगार सृजन पर खर्च किया जाता है। टैक्सी चालकों, रिक्शा चालकों और अन्य लोगों के लिए रोजगार के कई अवसर यहां पैदा हुए। हमारे देश की आर्थिक बढ़ोतरी सीधे बुनियादी ढांचे से जुड़ी हुई है।

राहत के बाद फिर आफत

## नैनी में 5 किमी लंबी वाहनों की कतार



तीन दिन राहत के बाद शुक्रवार को शहर फिर जाम की चपेट में आ गया। शहर के बालसन, एएन झा मार्ग सहित नया यमुना ब्रिज से लेकर सेंट्रल जेल नैनी तक लंबा जाम लगा हुआ है। दोपहर 12 बजे मिर्जापुर रोड पर पांच किलोमीटर लंबा जाम रहा।

**सड़क पर उतरे अधिकारी**

यहां पर यातायात की व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाने के लिए योगी ने सख्त आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिकारी भी सड़क पर उतरें। प्रशासन का अंदेशा है कि फिर भीड़ बढ़ सकती है।

**महाकुंभ में गायब 13वीं के दिन पहुंचा घर**

मौनी अमावस्या को हुई भगदड़ में एक 60 साल का शख्स इस भगदड़ में लापता हो गया था। उसके दोस्तों और पड़ोसियों ने उसकी तेरहवी की, उसी समय वह शख्स अपने घर पर सही सलामत पहुंच गया।

**खाली शिविर में आग से 2 टेंट जले:** मेला क्षेत्र के सेक्टर 8 में शुक्रवार सुबह आग लग गई। 3 टेंट जल चुके थे। बताया गया है कि सेक्टर आठ में कश्मीरी हिंदू समाज के बगल मे एक शिविर खाली पड़ा था। 2-3 दिन में कल्पवासी टेंट खाली हो जाएंगे।



## खबर संक्षेप

### पूर्व सीजेआई के बेटे लड़ रहे रणवीर का केस

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर समय रैना के रियलिटी शो इंडियाज गॉट लेटेंट में विवादित टिप्पणी को लेकर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ महाराष्ट्र से लेकर असम तक में एफआईआर दर्ज हुई हैं। उनका केस अभिनव चंद्रचूड़ लड़ रहे हैं, जो कि पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के बेटे हैं।



### जालसाज प्रेमानंद जी के नाम पर बना रहे शिकार

**देहरादून।** सोशल मीडिया पर प्रेमानंद महाराज के बढ़ते क्रेज के कारण जालसाजों ने उनके नाम का सहारा लेना शुरू कर दिया। उनके आश्रम की ओर से जारी के पत्र जारी किया है कि ऐसे किसी भी किसी भी शख्स पर एकदम भरोसा नहीं करें। श्री हित राधा केलि कुंज आश्रम, वृंदावन की ओर से सभी श्रद्धालुओं को सूचित किया जा चुका है।



### सनातन बोर्ड की आवश्यकता नहीं

**पुरी।** यहां के पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने छत्तीसगढ़ के कवर्धा में भारत को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने की बात कही है। सनातन धर्म में शंकराचार्य की व्यवस्था पर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा सनातन बोर्ड की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह व्यवस्था ईस्वी से चली आ रही है।



### सत्येंद्र के खिलाफ केस की अनुमति मांगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मनी लांड्रिंग मामले में आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए राष्ट्रपति से अनुमति मांगी है। जैन के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई है। दावा किया गया है कि मंत्रालय ने ईडी की जांच और 'पर्याप्त सबूत' की मौजूदगी के आधार पर यह अनुरोध किया है।



दिल्ली में नई सरकार के गठन को लेकर भाजपा में सरगर्मी बढ़ी

16 फरवरी को विधायक दल की बैठक की संभावना

# शीर्ष नेतृत्व की मंजूरी का इंतजार, 20 तक दिल्ली को मिल जाएगा नया सीएम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नई सरकार के गठन को लेकर भाजपा में सरगर्मी तेज हो गई है। पार्टी सूत्रों की मानें तो जैसे ही सीएम चेहरे का ऐलान होगा, उसके तुरंत बाद ही शपथ ग्रहण समारोह की डेट फाइनल कर दी जाएगी। यही नहीं सीएम चेहरे पर पीएम मोदी की फाइनल मंजूरी मिलने के बाद 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा सकता है। शपथ ग्रहण समारोह स्थल को लेकर कई जगहों की चर्चा है। ज्यादा संभावना इस समारोह के रामलीला मैदान में आयोजित होने को लेकर है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका का दो दिवसीय दौरा समाप्त करके नई दिल्ली पहुंचे। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम का चयन करने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि 16 फरवरी को पार्टी के विधायक दल की बैठक हो सकती है। इसमें मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव रखा जाएगा और अनुमोदन होने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता दिल्ली के नए मुख्यमंत्री की घोषणा कर देंगे।

**रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम होगा**

**पहले पर्यवेक्षक करेंगे सलाह और मशविरा**

*पीएम मोदी के दौरे के कारण इस संबंध में कुछ विलंब हुआ*



**18 को शपथ होना संभव**

पार्टी सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 18 फरवरी को आयोजित हो सकता है। शपथ ग्रहण समारोह किस जगह पर आयोजित होगा, अभी तक इस बारे में फैसला नहीं हो पाया है। हालांकि, पार्टी सूत्रों ने संकेत दिए हैं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री का चुनाव विधायकों में से ही किया जाएगा।

### मंत्रियों पर कवायद पूरी

भाजपा सूत्रों ने संकेत दिए हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेश आते ही इस बारे में अंतिम फैसला ले लिया जाएगा। मंत्रियों को लेकर अधिकांश कवायद पूरी हो चुकी है और अब शीर्ष नेतृत्व को फैसला लेना बाकी है। सूत्रों का कहना है कि मंत्रियों को लेकर भी सूची लगभग तैयार है। इसमें सभी वर्गों व समुदायों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।



### सभी समीकरणों पर विचार

दिल्ली में बीते शनिवार को आए विधानसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा ने 48 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत हासिल किया था। इसके बाद शुरू हुए बैठकों के दौर में केंद्रीय नेतृत्व ने दिल्ली के पार्टी सांसदों व कई विधायकों के साथ चर्चा की। दिल्ली में भाजपा नए चेहरे को तय करने में सभी सामाजिक व राजनीतिक समीकरणों पर विचार कर रही है। पहली बार चुने गए विधायक से लेकर अनुभवी विधायकों के नामों पर भी विचार किया गया है।

### 9 विधायक शॉर्टलिस्ट किए गए

विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी नए मुख्यमंत्री की तलाश में जुटी है। सूत्रों का कहना है कि चुनाव जीतने वाले विधायकों में से 15 लोगों के नाम सेलेक्ट कर लिए गए हैं। पीएम मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और अन्य भाजपा के शीर्ष नेताओं की बैठक होगी। इसी बैठक के दौरान इस बात का फैसला भी किया जाएगा कि पार्टी किसको दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के लिए चुनेगी। भाजपा ने 70 में से 48 सीट हासिल की थी. इसी के बाद 48 में से 9 विधायकों के नाम छांटे गए हैं। अब इन 9 शॉर्टलिस्ट किए गए विधायकों के नामों में से मुख्यमंत्री, मंत्री और स्पीकर का नाम तय किया जाएगा।

### शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू

दिल्ली में चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को सामने आए थे। इसी के बाद पीएम मोदी 10 फरवरी को फ्रांस और अमेरिका के दौरे के लिए रवाना हो गए थे। इसी वजह से दिल्ली में शपथग्रहण समारोह की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया था। पीएम मोदी शुक्रवार रात को दिल्ली पहुंचे। अब तैयारियां तेज कर दी गई हैं। दिल्ली में सरकार बनाने को लेकर भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने होम वर्क करके रखा है।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने दी अनुमति

# बंगाल की आपत्ति खारिज संघ की रैली को हरी झंडी



**16 फरवरी को पूर्व बर्धमान में होगी सभा**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने 16 फरवरी को पूर्व बर्धमान जिले में होनी वाली रैली के लिए अनुमति दे दी है। इसी के साथ ही कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्ति को खारिज कर दिया। बताया जा रहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट की जज अमृता सिन्हा ने आरएसएस रैली के आयोजकों को सशर्त अनुमति दी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बंगाल इकाई ने गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ का दरवाजा खटखटाया और 16 फरवरी को पूर्व बर्धमान जिले में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की सभा के लिए पुलिस द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने को चुनौती दी थी।

### पुलिस ने परीक्षा का बहाना बनाया

जिला पुलिस ने इस आधार पर अनुमति देने से इनकार कर दिया कि चूंकि बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षाएं (10वीं) चल रही हैं। इसलिए इस दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। जिला पुलिस ने अनुमति देने से इनकार करते हुए यह भी कहा था कि आरएसएस प्रमुख के प्रस्तावित सभा स्थल के पास एक स्कूल है। हालांकि सभा रविवार को होगी।

### संगठन विस्तार पर भी की चर्चा

आरएसएस चीफ मोहन भागवत बंगाल प्रवास पर हैं। उन्होंने आरएसएस के विभिन्न राज्य पदाधिकारियों से मुलाकात की और राज्य में संगठन के नेटवर्क का विस्तार करने के तरीकों पर चर्चा की। रविवार को बर्धमान में प्रस्तावित सभा मध्य बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित करना था।

### हिंदू उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में यह दौरा

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह दौरा दो मामलों में बेहद अहम है, जिनमें से पहला 2025 में होने वाला बंगाल विधानसभा चुनाव है। दूसरा, यह दौरा पड़ोसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू आबादी पर जारी उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में हो रहा है, जिसका स्पष्ट असर बंगाल में महसूस किया जा रहा है, जिसकी बांग्लादेश के साथ सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है।

योगी-गडकरी का विशेष सम्मान

# उत्तर प्रदेश में विकास के लिए एक मिनट तक बजाएं ताली

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में 114 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में और उत्तर प्रदेश में जो भी विकास हो पाया है उसके लिए मसीएम योगी आदित्यनाथ और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का ही योगदान है। इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट लग रहे हैं। रक्षामंत्री ने उनके योगदान के लिए वहां पर मौजूद नेता और कार्यकर्ताओं से खड़े होकर एक मिनट तक तालियां बजाने का आह्वान किया। इस दौरान



उन्होंने सड़क परिवहन मंत्री द्वारा लखनऊ के लिए स्वीकृत किए गए प्रोजेक्ट का उल्लेख किया। सीएम योगी ने कहा कि यह नया उत्तर प्रदेश है जो कि इंफ्रास्ट्रक्चर और महाकुंभ के जरिए विकास का संदेश दे रहा है। महाकुंभ के बहाने लोगों को दबी हुई धार्मिक भावनाओं को अभिव्यक्त करने का मौका दिया।

कृषि मंत्री शिवराज होंगे भी शामिल

# किसानों और सरकार के बीच अगले दौर की बातचीत 22 को

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और केंद्रीय अधिकारियों की एक टीम ने शुक्रवार को किसान नेताओं से मुलाकात की थी, जिसमें एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी सहित प्रमुख मांगों पर दो घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई। सौहार्द्रपूर्ण बताई जा रही यह चर्चा 22 फरवरी को फिर से शुरू होगी, जिसमें कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अगले दौर की बातचीत का नेतृत्व करेंगे।यह बैठक चंडीगढ़ के महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में हुई थी, जो



कि पॉजिटिव बताई जा रही है। केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ हुई इस बैठक में नवंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल भी शामिल हुए, जबकि उनकी तबीयत फिलहाल काफी खराब हैं लेकिन वे एंबुलेंस से चार घंटे का सफर तय कर मीटिंग करने पहुंचे।

10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का उद्घाटन किया

आर्ट ऑफ लिविंग का आयोजन

# सभी महिलाएं बड़े सपने देखें और आत्मविश्वास के साथ आगे भी बढ़ें

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बेंगलुरु में शुक्रवार को आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर द्वारा आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने महिलाओं से साहस जुटाने, बड़े सपने देखने और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर अपने लक्ष्यों को हासिल करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड हवाई अड्डे पर पहुंचीं जहां कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति ने कहा कि बाधाओं को तोड़ना और रूढ़ियों को चुनौती देना बिना मानसिक शक्ति के संभव नहीं है।




### मानवीय मूल्यों को बनाए रखना जरूरी

राष्ट्रपति ने तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना रही है, लेकिन इसके साथ ही मानवीय मूल्यों को बनाए रखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि करुणा, प्रेम और एकता को बढ़ावा देने के लिए हर व्यक्ति को अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है।

पीआईएल पर सुनवाई से शीर्ष कोर्ट ने किया इनकार

# अदालत विधायिका को खास कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकती, याचिका खारिज

**जस्टिस गवई और जस्टिस मसीह की बेंच ने यह कहा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अदालतें विधायिका को किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट के फरवरी 2024 के आदेश के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। बेंच ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया।

*सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी*

### आरोपपत्र निशुल्क मांगा गया था



याचिका में जिला अदालतों या पुलिस को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे शिकायतकर्ता या पीड़ित को आरोपपत्र की एक प्रति निशुल्क उपलब्ध कराएं। केंद्र की ओर से पेश वकील ने कहा कि यह याचिका अप्रासंगिक है। इसके लिए विशेष छूट देने का नियाम नहीं है।

**जिला अदालतों को निर्देश देने की मांग की थी :** याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि पीड़ित के सुनवाई के अधिकार से जुडा कोई प्रावधान नहीं है। इसमें आग्रह किया गया था कि सभी जिला अदालतों को निर्देश दिया जाए कि वे मामले की शुरुआती सुनवाई के समय पीड़ितों को नोटिस दें।

चुनाव आयोग ने जारी किए आम चुनाव के आंकड़े

# 'नोटा' का बटन दबाने में बिहार राज्य सबसे ऊपर




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 2024 के लोकसभा चुनाव में नोटा पर मतदान पिछले दो आम चुनाव के मुकाबले कम हुआ है। वहीं बिहार में सबसे ज्यादा नोटा का बटन दबाया गया है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में 'उपरोक्त में से कोई नहीं' (नोटा) विकल्प को 2013 में इसकी शुरुआत के बाद से बीते लोकसभा चुनाव में सबसे कम मत प्रतिशत हासिल हुआ।

**जीत का अंतर कम होने पर यह फैसले में महत्वपूर्ण**




### दूसरे नंबर पर दादरा और नगर हवेली

'नोटा' के मतों में सबसे अधिक हिस्सेदारी बिहार में 2.07 प्रतिशत दर्ज की गई। इसके बाद दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव में 2.06 प्रतिशत तथा गुजरात में 1.58 प्रतिशत दर्ज हुई। नगालैंड में हिस्सेदारी 0.21 प्रतिशत दर्ज की गई। ये राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, क्षेत्रीय दलों की प्रमुखता, मतदाता शिक्षा जैसे कारकों से प्रभावित हो सकते हैं।

**2014 में विकल्प दिया गया**

2014 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को पहली बार नोटा का विकल्प दिया गया था। अगर किसी मतदाता को कोई भी प्रत्याशी या फिर पार्टी पसंद नहीं है तो वह नोटा का बटन दबा सकता है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं की इच्छा का सम्मान करने की उद्देश्य से इसकी शुरुआत की गई थी। ऐसे में किसी को भी वोट न देने पर वोटर कम से कम बूथ तक आता है और वोट करता है।

### 2024 में कुछ गिरावट दर्ज की गई

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। नोटा का विकल्प पहली बार 2014 में लोकसभा चुनाव में लागू किया गया था। आयोग की 'एटलस-2024' नामक पुस्तक के अनुसार पिछले तीन लोकसभा चुनावों में नोटा मतों में धीरे-धीरे गिरावट आई है, जो 2014 में 1.08 प्रतिशत से घटकर 2024 में 0.99 प्रतिशत हो गई। यह मत प्रतिशत भले ही छोटा लगता हो, लेकिन 'नोटा' को मिले मत उन सीटों में महत्वपूर्ण हो सकते हैं जहां जीत का अंतर काम होता है।

# डोनाल्ड ट्रंप ने की पीएम मोदी की तारीफ, कहा-वह एक महान नेता और खास व्यक्ति, भारत में अच्छा काम कर रहे हैं, हर कोई उनके बारे में बात कर रहा


*राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ अपनी पुरानी दोस्ती को याद किया और कहा कि वह मेरे पुराने दोस्त हैं और एक खास व्यक्ति हैं। इसके अलावा, उन्होंने अपनी किताब 'अवर जर्नी टुगेदर' में पीएम मोदी के लिए एक खास संदेश लिखा पीएम, आप महान हैं। ट्रंप ने यहां तक कहा कि पीएम मोदी मुझसे भी सख्त और बेहतर समझौता करने वाले नेता हैं*

*भारत और अमेरिका विश्वास और उत्साह के साथ रणनीतिक साझेदारी आगे बढ़ाएंगे*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें एक 'महान नेता' बताया। व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान ट्रंप ने पीएम मोदी की नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि वह भारत में शानदार काम कर रहे हैं। हर कोई उनके बारे में बात कर रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ अपनी पुरानी दोस्ती को याद किया और कहा कि वह मेरे पुराने दोस्त हैं और एक खास व्यक्ति हैं। इसके अलावा, उन्होंने अपनी किताब 'अवर जर्नी टुगेदर' में पीएम मोदी के लिए एक खास संदेश लिखा पीएम, आप महान हैं। ट्रंप ने यहां तक कहा कि पीएम मोदी मुझसे भी सख्त और बेहतर समझौता करने वाले नेता हैं। इसमें उनका कोई मुकाबला नहीं। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को और गहरा करने पर चर्चा की।








## मजबूत एकता और मित्रता बनाए रखना बेहद जरूरी

ट्रंप ने भरोसा जताया कि दोनों देशों के बीच "मजबूत एकता और मित्रता" है इसे बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के रिश्ते पहले से और मजबूत होंगे। इस पर पीएम मोदी ने भी खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें ट्रंप को दोबारा व्हाइट हाउस में देखकर अच्छा लगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत और अमेरिका उसी विश्वास और उत्साह के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे। ट्रंप ने 2020 में अपनी भारत यात्रा को याद करते हुए अहमदाबाद में हुई 'नमस्ते ट्रंप' रैली को 'यादगार अनुभव' बताया। इसी तरह 2019 में ह्यूस्टन में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम की गूंज आज भी भारत में सुनाई देती है। पीएम मोदी ने ट्रंप को अमेरिका में दोबारा राष्ट्रपति बनने की बधाई दी।

## हमने आपको बहुत 'मिस' किया

पीएम मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में गर्मजोशी भरी मुलाकात हुई। यह मुलाकात पांच साल बाद हुई जहां दोनों नेताओं ने गले मिलकर एक-दूसरे का स्वागत किया। इस दौरान ट्रंप ने पीएम मोदी से कहा कि हमने आपको बहुत मिस किया! इस पर पीएम मोदी ने जवाब दिया कि आपसे फिर मिलकर बहुत अच्छा लगा! ट्रंप ने कहा कि मैं अपने मित्र नरेंद्र मोदी का व्हाइट हाउस में स्वागत करके बहुत खुश हूं। वह एक खास व्यक्ति हैं। पीएम मोदी ने भी ट्रंप के आतिथ्य के लिए आभार जताया और कहा कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए वह उत्साहित हैं। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने अपनी पुरानी दोस्ती को याद किया और भविष्य में दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान में बम विस्फोट, 9 की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को एक भीषण बम विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट बलूचिस्तान के हरनाई जिले के शाहराग इलाके में हुआ, जब कोयला खनिकों को ले जा रहा एक मिनी ट्रक सड़क किनारे बम की चपेट में आ गया।

### रिसॉर्ट में लगी भीषण आग 6 की मौत, कई घायल



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन रिसॉर्ट में आग लग गई, जिससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। बुसान की अग्निशमन एजेंसी के अनुसार, आग लगने की सूचना सुबह करीब 10:20 बजे मिली। इस घटना में लगभग 100 कर्मचारी साइट से बाहर निकलने में सफल रहे।

### एन चंद्रशेखरन यूके नाइटहुड से सम्मानित



**नई दिल्ली।** टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को ब्रिटेन और भारत के व्यापारिक संबंधों में उनके योगदान और सेवाओं के लिए 'ब्रिटिश साम्राज्य के सबसे उत्कृष्ट ऑर्डर (सिविल डिवीजन)' से सम्मानित किया गया है। इसे नाइटहुड सम्मान के नाम से भी जाना जाता है। ब्रिटिश सरकार ने इसकी जानकारी दी।

### पोप फ्रांसिस इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती



**रोम।** पोप फ्रांसिस को शुक्रवार को कुछ आवश्यक चिकित्सीय जांच और 'ब्रोंकाइटिस' के इलाज के लिए रोम के 'जेमेली पॉलीक्लिनिक' में भर्ती कराया जाएगा। वेटिकन ने एक संक्षिप्त बयान में यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह गुरुवार को 88 वर्षीय पोसपोप के 'ब्रोंकाइटिस' से पीड़ित होने का पता चला था।

### भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया

# कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करेगा यूएस सेमीकंडक्टर निर्माण व क्वांटम कंप्यूटिंग में करेंगे शोध

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 500 अरब डॉलर करने का निर्णय लिया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वॉशिंगटन डीसी स्थित व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। दोनों पक्ष रणनीतिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए संबंधों को सुदृढ़ करेंगे।

इसके तहत महत्वपूर्ण खनिजों, उन्नत सामग्रियों और फार्मास्यूटिकल्स की मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने पर बल दिया जाएगा। दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई। भारत की ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए अमेरिका ने भारत को कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने का फैसला किया। दोनों देशों ने अक्षय ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर भी मिलकर काम करने की योजना बनाई है। इससे भारत को अपने ऊर्जा संसाधनों को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है। भारत जल्द ही बोस्टन और लॉस एंजेलिस में अपने नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा। साथ ही अमेरिका के विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों को भारत में अपने ऑफशोर कैंपस खोलने के लिए निमंत्रण दिया गया है।

**आपसी सहयोग इंडो पैसिफिक क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी**

**अक्षय ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर मिलकर करेंगे काम**



## एआई के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का लिया निर्णय

भारत और अमेरिका ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया। दोनों देश मिलकर उन्नत एआई सिस्टम विकसित करेंगे, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। इस साझेदारी से भारतीय स्टार्टअप और टेक कंपनियों को भी फायदा होगा। दोनों देशों ने सेमीकंडक्टर निर्माण और क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान और विकास पर सहमति जताई। भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। इससे भारत में तकनीकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

### बांग्लादेश के हालात पर भी की चर्चा

पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका दौरे पर राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बातचीत में बांग्लादेश के हालात पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर चिंता जाहिर की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने यह जानकारी दी। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पीएम ने बांग्लादेश में हाल के घटनाक्रमों और भारत उस स्थिति को किस तरह देखता है, इस संबंध में अपने विचार और असल में अपनी चिंताएं राष्ट्रपति ट्रंप के साथ साझा कीं। विदेश सचिव ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि बांग्लादेश की स्थिति उस दिशा में आगे बढ़ेगी, जहां हम उनके साथ रचनात्मक और स्थिर तरीके से संबंध रख सकेंगे।

### भारत की अमेरिका को दो टूक

## भारत-चीन सीमा विवाद के मुद्दे द्विपक्षीय तरीके से सुलझा रहे




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को सुलझाने में मदद की पेशकश की है। लेकिन भारत ने साफ कर दिया कि वह अपने पड़ोसी देशों के साथ किसी भी मुद्दे को द्विपक्षीय तरीके से ही सुलझाएगा। दरअसल, व्हाइट हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मैं भारत को देखता हूं, वहां सीमा पर झड़पें हो रही हैं, जो काफी हिंसक हैं। अगर मैं किसी भी तरह से मदद कर सकता हूं, तो मुझे खुशी होगी, क्योंकि इसे रोका जाना चाहिए। इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और चीन के रिश्तों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे चीन के साथ बहुत अच्छे संबंध होंगे। मेरी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अच्छी बनती थी, जब तक कि कोविड नहीं आया... चीन दुनिया में एक बहुत महत्वपूर्ण देश है।

### ट्रंप की पेशकश ठुकराई

भारत की तरफ से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस पेशकश को विनम्रता से ठुकरा दिया। इस पर बोलते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने स्पष्ट किया कि भारत अपने सभी मुद्दों को सीधे बातचीत के जरिए हल करता है। उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोसी देशों के साथ जो भी मुद्दे हैं, उन्हें हल करने के लिए हमने हमेशा द्विपक्षीय तरीका अपनाया है। बता दें कि, भारत और चीन के बीच सीमा विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। साल 2020 में गलवान घाटी में हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। हालांकि, कई दौर की सैन्य और कूटनीतिक बातचीत के बावजूद यह विवाद पूरी तरह सुलझ नहीं पाया है। भारत हमेशा से इस विवाद को बातचीत के जरिए हल करने का पक्षधर रहा है और किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करता।


### अमेरिका के ऐलान से नाटो की बढ़ी टेंशन

## ट्रंप बोले- हमारी प्राथमिकता यूरोप की रक्षा करना नहीं, हमें अब अपनी चिंता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद दुनिया के भी बहुत से समीकरण बदलते दिख रहे हैं। ट्रंप प्रशासन के निर्णय पर अमेरिकी रक्षा मंत्री पेटे हेगसठ ने कहा है कि अमेरिका की प्राथमिकता यूरोप की रक्षा करना नहीं है।

ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप के बयान ने नाटो देशों की चिंता को बढ़ा दिया है। नाटो में यूरोप के ही ज्यादातर वे देश शामिल हैं, जिन्हें अमेरिका का सहयोगी माना जाता है। ट्रंप के मंत्री ने बुधवार को यूक्रेन के 50 समर्थकों से मुलाकात के दौरान



साफ किया कि हमारी प्राथमिकता में यूरोप की सुरक्षा करना नहीं है। इसकी बजाय हमारी जरूरत यह है कि हम अमेरिका की सुरक्षा पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपनी ही सीमाओं पर खतरे का सामना कर रहा है। इसलिए हम अपनी सीमाओं की रक्षा करने पर फोकस कर रहे हैं।

### बांग्लादेश ने 8 साल बाद हटाया प्रतिबंध

## नफ नदी से अब मछली पकड़ सकेंगे रोहिंग्याओं की घुसपैठ से भारत चिंतित

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने नफ नदी में मछली पकड़ने पर लगे बैन को हटा दिया है। इसे लेकर वहां के मछुआरों ने खुशी जाहिर की है।

यह बैन पूर्ववर्ती शेख हसीना सरकार ने लगाया है, जिसकी वजह ड्रग्स की तस्करी से लेकर रोहिंग्या घुसपैठ को रोकना था, लेकिन अब 8 वर्षों पर यूनुस सरकार ने यह बैन हटा लिया है। बांग्लादेश-म्यांमार सीमा के अंतर्गत आने वाली नफ नदीं पर मछली पकड़ने पर लगे बैन को हटाना अहम इसलिए माना जा रहा है क्योंकि इससे बांग्लादेश के



रास्ते भारत में रोहिंग्याओं की घुसपैठ एक बार फिर बढ़ सकती है। कॉक्स बाजार जिला प्रशासन ने उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद यूएनओ को एक पत्र जारी किया। मामले की पुष्टि करते हुए टेकनाफ यूएनओ शेख एहसान उद्दीन ने कहा कि नफ़ नदी में मछली पकड़ने की अनुमति अब सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक है।

### भारत और थाईलैंड के संवाद कार्यक्रम में बोले पीएम

## दोनों में शांति व सद्भाव का रिश्ता 2000 वर्षों से भी है ज्यादा पुराना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत और थाईलैंड के बीच प्राचीन और गहरे सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच यह रिश्ता 2000 वर्षों से भी अधिक पुराना है जो शांति और सद्भाव की एशियाई परंपराओं को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाता है।

पीएम मोदी ने थाईलैंड में आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी टिप्पणी दी। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने थाईलैंड में संवाद के संस्करण में शामिल होने पर अपना सम्मान व्यक्त किया और इस



आयोजन को संभव बनाने के लिए भारत, जापान और थाईलैंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और व्यक्तियों की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि थाईलैंड में 'संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने थाईलैंड की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और विरासत की सराहना करते हुए इसे एशिया की दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं का सुंदर उदाहरण बताया। बता दें, संवाद का यह चौथा संस्करण 14 से 17 फरवरी तक थाईलैंड में आयोजित किया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी और जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे द्वारा 2015 में शुरू की गई इस प्रमुख पहल का नेतृत्व भारत में विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन (वीआईएफ) कर रहा है, जिसमें जापान फाउंडेशन एक प्रमुख भागीदार है।

पीएम मोदी ने यह भी बताया कि भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और थाईलैंड की 'एक्ट वेस्ट' नीति एक-दूसरे की पूरक हैं, जो दोनों देशों के आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देती हैं।

### यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने किया बड़ा दावा

## ड्रोन ने चेर्नोबिल रिएक्टर के सुरक्षा कवच को निशाना बनाया, विकिरण का स्तर सामान्य

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र की सुरक्षा ढांचे को निशाना बनाया।

यह हमला कीव क्षेत्र में रात के वक्त किया गया। जेलेंस्की के मुताबिक, ड्रोन में बड़ी मात्रा में विस्फोटक था, जिससे संयंत्र की संरचना को नुकसान पहुंचा और हमले के बाद आग लग गई। हालांकि, आग बुझा दी गई है और विकिरण स्तर में कोई बढ़ोतरी नहीं



हुई है। वहीं संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी ने भी इसकी पुष्टि की है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखे एक पोस्ट में लिखा- कल रात, एक रूसी हमलावर ड्रोन ने एक उच्च विस्फोटक वारहेड के साथ, चर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र की नष्ट हो चुकी 4वीं बिजली इकाई में विकिरण से दुनिया की रक्षा करने वाले सुरक्षा कवच पर हमला किया। यह सुरक्षा कवच यूक्रेन की तरफ से यूरोप और दुनिया के अन्य देशों के साथ मिलकर बनाया गया था, साथ ही अमेरिका के साथ वे सभी जो मानवता की वास्तविक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। रूस का यह हमला पूरी दुनिया के लिए एक आतंकवादी खतरा है। रूस को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए।

### केंद्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

## जम्मू में सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों को पीपीई किट और आयुष्मान कार्ड वितरित किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने केंद्र शासित प्रदेश में मंत्रालय की योजनाओं के क्रियान्वयन के सिलसिले में जम्मू का दौरा किया।

उन्होंने नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) की प्रमुख योजना के तहत सीवर और सेप्टिक टैंक वर्कर्स (एसएसडब्ल्यू) को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट और



**सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया**

आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। सरकार ने सफाई कर्मचारियों को सम्मान प्रदान करने तथा उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से नमस्ते योजना तैयार की है। इस योजना का उद्देश्य देश के शहरी क्षेत्रों में सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है।

### विभिन्न सुरक्षात्मक उपकरण दिए

पीपीई किट में विभिन्न सुरक्षात्मक वस्त्र और सहायक उपकरण शामिल होते हैं जो व्यक्तियों को संभावित स्वास्थ्य खतरों या संक्रमणों से बचाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन किटों में आम तौर पर मास्क, दस्ताने, चश्मे, फेस शील्ड, गाउन और शू कवर जैसी चीजें शामिल होती हैं। वे अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, खासकर वे सफाई कर्मचारी जो खतरनाक वातावरण या संक्रामक रोगों के संपर्क में आते हैं, जैसे सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारी।

### ओडीआई का दौरा किया

डॉ. कुमार ने नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत जम्मू में गैर सरकारी संगठन 'जेके सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ यूथ एंड मासेस' द्वारा संचालित आउटरीच एंड ड्रॉप इन सेंटर का भी दौरा किया। आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जारी किया जाने वाला पहचान पत्र है, जो देश में सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा योजना है। यह लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस और पेपरलेस स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी : 53 फीसदी बढ़ी पुरस्कार राशि, अब चैंपियन को मिलेंगे 20 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की पुरस्कार राशि में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और अब विजेता टीम को 22 लाख 40 हजार डॉलर (लगभग 20 करोड रुपए) मिलेंगे।

उपविजेता को इसकी आधी राशि 11 लाख 20 हजार डॉलर (9.72 करोड़ रुपए) मिलेगी। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 560,000 डॉलर (4.86 करोड़ रुपए) मिलेंगे। कुल पुरस्कार राशि 60 लाख 90 हजार डॉलर (लगभग 60 करोड़ रुपए) कर दी गई है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने बयान में कहा, 'यह पुरस्कार राशि खेल में निवेश करने और हमारी प्रतियोगिताओं की वैश्विक प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए आईसीसी की प्रतिबद्धता को दिखाती है।'




### ग्रुप चरण में जीतने पर मिलेंगे 30 लाख

किसी भी टीम को ग्रुप चरण में जीत हासिल करने पर 34,000 डॉलर (30 लाख रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी। पांचवें या छठे स्थान पर रहने वाली प्रत्येक टीम को 350,000 डॉलर (तीन करोड़ रुपए), जबकि सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 140,000 अमेरिकी डॉलर (1.2 करोड़ रुपए) मिलेंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों में से प्रत्येक को 125,000 डॉलर (1.08 करोड़ रुपए) की गारंटी मिलेगी।




### 7 साल बाद चैंपियनशिप की हो रही वापसी

आईसीसी अध्यक्ष ने कहा, 'आईसीसी पुरुष चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 क्रिकेट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस टूर्नामेंट की फिर से वापसी हो रही है जिसमें वनडे में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं भाग लेती हैं और इसका हर मैच महत्वपूर्ण है।'पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 2009 से 2017 तक प्रत्येक चार साल में किया गया लेकिन इसके बाद कोविड और इसकी प्रासंगिकता को लेकर उठ रहे सवालों के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1998 हुई थी और इसका आयोजन तब प्रत्येक दो साल में किया जाता था। महिला चैंपियंस ट्रॉफी टी20 प्रारूप में 2027 में शुरू होगी।

### 28 साल बाद मिली मेजबानी

पाकिस्तान 1996 के बाद पहली बार आईसीसी की किसी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम हालांकि सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रही है और वह अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। पाकिस्तान में होने वाले मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

---

## खबर संक्षेप



### बेसबॉल खिलाड़ी बनाने की बात बकवास

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि एशियाई खेलों या ओलंपिक खेलों में पदक जीतने की संभावना बढ़ाने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों को बेसबॉल खिलाड़ी बनाने पर विचार करेगा। मंत्रालय ने इस तरह की अटकलों को कपोल कल्पित करार देते हुए कहा कि इस तरह के विचार पर कभी भी किसी भी स्तर पर चर्चा या विचार नहीं किया गया है। मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में मिशन ओलंपिक सेल की बैठक में इस तरह के किसी भी सुझाव पर चर्चा नहीं की गई।

### स्वियाटेक कतर ओपन खिताब से दो जीत दूर

**दोहा।** तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियाटेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एलेना रयबाकिना को 6-2, 7-5 से



हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में जगह बनाने के लिए स्वियाटेक का सामना येलेना ओस्टापेंको से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-2, 6-2 से हराया। रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 4-6, 6-1, 6-1 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा। सेमीफाइनल में अलेक्जेंड्रोवा का मुकाबला एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को 4-6, 7-5, 6-4 से पराजित किया।

### साल में दस महीने खेलने से और बढ़ेगा चोटों का खतरा

**कोलकाता।** विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने भारतीय क्रिकेटरों के चोटिल होने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए



इसकी वजह व्यस्त कैलेंडर को बताया जिसमें खिलाड़ी साल में करीब दस महीने तक खेलते हैं। बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी इन दिनों खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन का केंद्र बन गया है जहां खिलाड़ी अभ्यास से ज्यादा समय रिकवरी में बिता रहे हैं। 1983 विश्व कप विजेता कपिल ने यहां टाटा स्टील गोल्फ पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, 'मुझे चिंता यही है कि वे साल में दस महीने खेल रहे हैं।'

### अच्छी तैयारी के साथ भारत दौरे पर आए थे

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने उन सुझावों को खारिज कर दिया है कि उनकी



टीम ने भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। रवि शास्त्री और केविन पीटरसन ने बुधवार को खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए कहा था कि जो रूट को छोड़कर इंग्लैंड के किसी भी खिलाड़ी ने वनडे श्रृंखला के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। मैकुलम ने कहा, 'यह बयान ही तथ्यात्मक रूप से गलत है कि हमने अच्छी तैयारी नहीं की थी।

---

### वनडे : घर में कंगारुओं को 174 रनों से रौंद चटाई धूल

# श्रीलंका की सबसे बड़ी जीत, वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका ने वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर दूसरे और अंतिम वनडे में 174 रनों से हराकर धमाकेदार जीत हासिल की। यह वनडे इंटरनेशनल में श्रीलंका की ऑस्ट्रेलिया पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत रही। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने दो मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ कर दिया। बता दें कि श्रीलंका ने सीरीज के पहले मुकाबले में 49 रनों से जीत हासिल की थी। कुशल मेंडिस 101 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच और चरिथ असलंका 205 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

दूसरे वनडे में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवरों में चार विकेट पर 281 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने 11 चौके की मदद से 115 गेंदों पर 101 रन बनाए। वहीं कप्तान चरिथ असलंका 78 रन बनाकर नॉटआउट रहे। असलंका ने 66 गेंदों का सामना किया और 6 चौके के अलावा 3 छक्के लगाए। टीम के लिए निशान मदुष्का (51) और जेनिथ लियानागे (32*) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।




### कंगारू 107 रनों पर ढेर

282 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 24.2 ओवरों में महज 107 रनों पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया के केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंकों में पहुंच सके। इसमें कप्तान स्टीव स्मिथ (29), विकेटकीपर जोश इंगलिस (22) और ट्रेविस हेड (18) का नाम शामिल रहा। श्रीलंकाई टीम के लिए स्पिनर डुनिथ वेलालगे ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। वहीं दूसरे स्पिनर वानिंदु हसारंगा ने भी तीन खिलाड़ियों को चलता किया। तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने भी तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की हार की पटकथा लिखी।

### श्रीलंका नहीं खेल रही चैंपियंस ट्रॉफी

बता दें कि श्रीलंकाई टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भाग नहीं ले रही है। वनडे वर्ल्ड कप 2023 की टॉप-8 टीमों को ही चैंपियंस ट्रॉफी खेलने का मौका मिला है। उधर ऑस्ट्रेलियाई टीम 50 ओवर्स की क्रिकेट में वर्ल्ड चैंपियन है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मिली इस हार से ऑस्ट्रेलिया का मनोबल जरूर गिरेगा।

### आस्ट्रेलिया के शीर्ष 5 खिलाड़ी बाहर

चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष पांच खिलाड़ी बाहर हो गए है। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने निजी कारणों के चलते इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया। कप्तान पैट कमिंस, मिचेल मार्श और जोश हेजलवुड इंजरी के चलते पहले ही टूर्नामेंट से आउट हो गए थे। जबकि मार्कस स्टोइनिस ने अचानक ही वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था। सीन एबॉट, बेन इ्वारशुइस, स्पेंसर जॉनसन, जेक-फ्रेजर मैकगर्क और तनवीर संघा को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है।

---

### मास्टर्स लीग

# भारत के कप्तान होंगे सचिन संगकारा श्रीलंका के कप्तान




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई, वडोदरा और रायपुर में खेला जाएगा। भारतीय मास्टर्स टीम का ऐलान यहां शुक्रवार को किया गया जिसमें विश्व कप विजेता युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी हैं। इरफान ने कहा, 'लीग के पहले सत्र में इंडिया मास्टर्स टीम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। सचिन तेंदुलकर और अन्य साथियों के साथ अतीत में इतने खुशनुमा और अनमोल पल साझा किए हैं कि बहुत अच्छा लग रहा है।'

श्रीलंका मास्टर्स टीम में पूर्व आक्रामक बल्लेबाज रोमेश कालूवितरणा, तेज गेंदबाज सुरंगा लकमल और सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा हैं। भारत और श्रीलंका के अलावा इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज भी इसमें भाग लेंगे।

### दूसरी रैंकिंग सीरिज से बाहर रहेंगे भारतीय पहलवान

नई दिल्ली। भारतीय पहलवान अल्बानिया में वर्ष की दूसरी रैंकिंग सीरिज से बाहर रहेंगे चूंकि खेल मंत्रालय ने यह कहकर मंजूरी रोक दी कि भारतीय कुश्ती महासंघ ने समय पर जरूरी अनुशंसा जमा नहीं की। मंत्रालय और निलंबित डब्ल्यूएफआई के बीच मतभेदों के चलते भारतीय पहलवान क्रोएशिया के जगरेब में पहली रैंकिंग सीरिज से बाहर रह चुके हैं। मंत्रालय ने दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था लेकिन अंतरराष्ट्रीय कुश्ती से उसे मान्यता मिली हुई है। उसने ऐन मौके पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को प्रस्ताव भेजा था। एक सूत्र ने बताया, 'डब्लूएफआई ने ऐन मौके पर प्रस्ताव भेजा और प्रस्तावित नाम भेजने में भी विलंब हुआ।

---

### मेजबान उत्तराखंड ने जीते 24 स्वर्ण

# सेना 65 स्वर्ण के साथ शीर्ष पर 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन



एजेंसी ▶▶| हल्द्वानी

मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह के अवसर पर कहा कि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने अगले मेजबान मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा को ध्वज सौंपने से पहले खेलों के समापन की घोषणा की।

राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत 28 जनवरी को हुई थी जिसमें सेना खेल संवर्धन बोर्ड कुल 121 पदक (68 स्वर्ण, 26 रजत, 27 कांस्य) के साथ पिछले छह राष्ट्रीय खेल में पांचवीं बार पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। महाराष्ट्र ने 198 (54 स्वर्ण, 71 रजत, 73 कांस्य) के साथ सेना से अधिक पदक जीते लेकिन कम स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह दूसरे स्थान पर रहा।

यहां तक कि हरियाणा को 153 (48 स्वर्ण, 47 रजत, 58 कांस्य) के साथ सेना से अधिक पदक मिले, लेकिन उसे तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। मेजबान उत्तराखंड 24 स्वर्ण, 35 रजत और 44 कांस्य सहित कुल 103 पदकों के साथ सातवें स्थान पर रहा।

### ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार

*शाह ने अपने संबोधन में 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं आज यह कह सकता हूं कि खेलों में भारत का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार हैं।' उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शाह को स्मृति चिन्ह, शॉल और गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। शाह और धामी के अलावा जिन अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने समापन समारोह में भाग लिया उनमें केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंगकल संगमा, उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य, दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग शामिल हैं।*

---

# सियर्स चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर डफी न्यूजीलैंड टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कीवी टीम के लिए एक बड़ा झटका है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सियर्स की जगह पर जैकब डफी को अपनी टीम में शामिल किया है। एनजेडसी ने बयान में कहा, 'कराची में बुधवार को टीम के पहले अभ्यास सत्र के दौरान सियर्स को अपने बाएं हैमस्ट्रिंग में कुछ दर्द महसूस हुआ और बाद के स्कैन में मामूली चोट का पता चला जिससे उबरने में उन्हें कम से कम दो सप्ताह का समय लग जाएगा। इस समय सीमा का मतलब है कि सियर्स संभवतः दुबई में भारत के खिलाफ टीम के अंतिम ग्रुप ए मैच के लिए ही उपलब्ध हो पाएंगे और इस कारण उन्हें बाहर करने का फैसला किया गया।' सियर्स की चोट ने डफी के लिए रास्ता साफ कर दिया है, जो वर्तमान में पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए टीम में हैं।

---

# भारत की मिश्रित बैडमिंटन टीम को जापान से मिली हार

एजेंसी ▶▶| क्रिंगदाओ

भारत शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान की अपेक्षाकृत कमजोर टीम से 0-3 से हार गया और इस तरह से प्रतियोगिता में उसके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

दुबई में 2023 के कांस्य पदक विजेता भारत को अपनी लय पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा और 2017 के चैंपियन जापान के खिलाफ उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल के शुरुआती मैच में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी हिरोकी मिदोरिकावा और नात्सु



सैतो से 13-21, 21-17, 13-21 से हार गई। पीवी सिंधु के चोटिल होने के कारण महिला एकल में भारत का दारोमदार मालविका बांसोड़ पर था लेकिन वह टोमोका मियाज़ाकी से 12-21, 19-21 से हार गई जिससे भारत 0-2 से पीछे हो गया। भारत को मुकाबले में बनाए रखने की जिम्मेदारी एचएस प्रणय पर थी। सत्र के शुरू से फॉर्म से जूझ रहे 32 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी दुनिया के 16वें नंबर के केंटा निशिमोटो के खिलाफ दबाव बरकरार नहीं रख सके। जापानी स्टार ने एक घंटे और 17 मिनट में 21-14, 15-21, 21-12 से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

---

### भारत आज भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ करेगा प्रो लीग में आगाज

# प्रो लीग और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के प्रत्येक मैच को जीतना और लीग में शीर्ष पर रहकर 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना है।

भारत शनिवार को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरुआत करेगा। भारत इसके बाद अगले दिन फिर से स्पेन का सामना करेगा। इसके बाद वह 16 और 19 फरवरी को जर्मनी से खेलेगा। हरमनप्रीत ने एफआईएच प्रो लीग




के उद्घाटन से पहले कहा, 'हॉकी इंडिया लीग से हमारा अभ्यास अच्छा चल रहा है। हम महीनों से तैयारी कर रहे हैं, एचआईएल से बहुत कुछ सीखा है। हम अपनी फिटनेस बनाए रखने में भी सक्षम हैं। हम सिर्फ अच्छी हॉकी खेलना चाहते हैं, सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं और हमारा लक्ष्य विश्व कप को देखते हुए (प्रो लीग में) हर मैच जीतना है।'

पुरुष हॉकी विश्व कप 14 से 30 अगस्त 2026 तक वेवरे, बेल्जियम और अम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में आयोजित किया जाएगा। वर्तमान में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकरों में से एक हरमनप्रीत ने एचआईएल के शीर्ष स्कोरर जुगराज सिंह की फ्लिक करने की क्षमता की प्रशंसा की और कहा कि घरेलू खिलाड़ियों का इस तरह से सामने आना राष्ट्रीय टीम के लिए अच्छे संकेत हैं।

### प्रो लीग हमारे लिए बहुत बड़ा मौका

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग उनकी टीम के लिए अपनी कमजोरियों को दूर करने का शानदार मौका है। वह चाहती है कि उनके खिलाड़ी परिणाम की परवाह किए बिना अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करें। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ करेगी। इसके बाद वह रविवार को फिर से इंग्लैंड का सामना करेगी। भारतीय टीम 18 और 19 फरवरी को स्पेन से खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम 21 और 22 फरवरी को जर्मनी तथा 24 और 25 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी।

## आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने मप्र के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

# मप्र 34 स्वर्ण के साथ 82 पदक जीतकर तालिका में प्रथम 4 में शामिल, राज्यों में तीसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तराखंड नेशनल गेम्स 2025 में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य के साथ 82 पदक अर्जित किए। मप्र उतराखंड नेशनल गेम्स 2025 में पदक तालिका में चौथे व राज्यों में तीसरे स्थान पर रहा। उल्लेखनीय है प्रतियोगिता 35 खेलों में 28 जनवरी से लेकर 14 फ़रवरी तक उत्तराखंड के 11 विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई थी। इस बड़े आयोजन में 33 राज्यों के 10,000 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की थी।

मप्र के दल में कुल 435 सदस्य शामिल थे, जिसमें 335 खिलाड़ी और 100 ऑफिशियल शामिल थे। यह दूसरा अवसर है जब मप्र ने अपने प्रदर्शन को दोहराते हुए राज्यों में तीसरी और ओवरआल चौथी रैंक प्राप्त की है, पदक तालिका में सेना प्रथम स्थान पर, महाराष्ट्र दूसरे और हरियाणा तीसरे और मध्य प्रदेश चौथे स्थान पर रहा।

### राज्य खेल मलखम्ब, वुशू और रोइंग के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा पदक जीते


मल्लखंभ टीम

नेशनल गेम्स 2025 का रंगारंग समापन


वुशू टीम


रोइंग टीम

### राज्यों की पदक तालिका

- प्रथम स्थान - महाराष्ट्र – 201 पदक
- द्वितीय स्थान - हरयाणा – 153 पदक
- तृतीय स्थान - मध्य प्रदेश – 82 पदक

### प्रथम 3 टॉप परफ़ॉर्मर

- राज्य खेल मलखम्ब, वुशू और रोइंग के खिलाड़ियों ने अर्जित किए सबसे अधिक पदक अर्जित किए। इनमें मल्लखंभ में 9 वुशू में 9 और रोइंग में भी 9 पदक हासिल किए।

**रजत पदक**

- एपरेटस पुरुष पोल चैंपियनशिप - कुंदन कच्छावा
- आल राउंड महिला चैंपियनशिप - अनुष्का नायक
- आल राउंड पुरुष चैंपियनशिप - देवेंद्र पाटीदार

**कांस्य पदक**

- एपरेटस पुरुष हैंगिंग चैंपियनशिप - देवेन्द्र पाटीदार
- एपरेटस महिला रोप चैंपियनशिप - सिद्धि गुप्ता

**वुशु में जीते 9 पदक**

इसी क्रम में मध्य प्रदेश के वुशु खिलाडियों ने अपने खेल कौशल और शारीरिक दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड नेशनल गेम्स 2025 में 6 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 9 पदक अपने नाम किए।

### मप्र ओलंपिक संघ के सचिव सिंह ने ली आईओए अध्यक्ष से ट्रॉफी



राज्यों में पदक तालिका में महाराष्ट्र प्रथम स्थान, हरियाणा द्वितीय और मध्य प्रदेश तृतीय स्थान पर रहा। राज्यों में तीसरे स्थान पर आने के परिणाम स्वरुप ओलिंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष उड़नपरी पीटी उषा ने मध्य प्रदेश को ट्राफी देकर सम्मानित किया है। मप्र ओलिंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह ने सम्मान स्वरुप प्रदान की गई ट्राफी को ग्रहण किया।

### स्वर्ण पदक

- *महिला टीम चैंपियनशिप – मध्य प्रदेश महिला टीम (अंजलि यादव, जेसिका प्रजापति, सिद्धि गुप्ता अनुष्का नायक, वीरा राठौर और माही राठौर)*
- *पुरुष टीम चैंपियनशिप – मध्य प्रदेश पुरुष टीम (प्रणीत यादव, युवराज राव घाटगे, यतिन कोरी, कुंदन कच्छावा, देवेन्द्र पाटीदार और प्रणव कोरी )*
- *एपरेटस महिला पोल चैंपियनशिप - अनुष्का नायक*
- *आल राउंड महिला चैंपियनशिप - जेसिका प्रजापति*
- *एपरेटस पुरुष पोल चैंपियनशिप - प्रणीत यादव*
- *एपरेटस पुरुष रोप चैंपियनशिप - पर्णव कोरी*
- *आल राउंड पुरुष चैंपियनशिप - कुंदन कच्छावा*

---

## भोपाल

# मिलन रेस्टॉरेंट की चिमनी में लगी आग, बड़ा हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपीनगर स्थित मिलन रेस्टोरेंट में शुक्रवार को आग लग गई। यह देख कर्मचरियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया था, साथ ही फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम को भी सूचना दे दी थी। रेस्टोरेंट में काम करने वाले प्रदीप श्रीवास ने बताया कि दोपहर करीब सवा 12 बजे खाना बनाते समय चिमनी ने आग पकड़ ली थी।यह बढ़ती इससे पहले कर्मचारियों ने उपकरणों की मदद से बुझाना शुरू कर दिया था। वहीं पुल बोगदा, गोविंदपुरा, माता मंदिर और फतेहगढ़ से दमकलें भी मौके पर पहुंच गई थीं।कर्मचारियों ने भी आग बुझाना शुरू किया और आधा घंटे में काबू पा लिया था। इस तरह रेस्टोरेंट में एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

## पटवारी ने की पार्टी प्रवक्ताओं के साथ चर्चा

# कोई भी प्रवक्ता मीडिया के सामने पार्टी फोरम से हटकर बात न करे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीसीसी चीफ जीतू ,पटवारी ने शुक्रवार को ली बैठक में प्रवक्ताओं के साथ संगठनात्मक और मीडिया एवं सोशल मीडिया में सकारात्मकता के साथ काम करने को लेकर चर्चा की। साथ ही निर्देश देते हुए 6 महीने की कार्ययोजना पर भी बात की। । उन्होंने ने कहा कि मीडिया के समक्ष कोई भी प्रवक्ता पार्टी फोरम से हटकर बात न करे, जो निर्देश पार्टी की ओर से दिए जाने हैं, उस पर विशेष ध्यान रखा जाए। पटवारी ने कहा कि प्रदेश ही नहीं देश की भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और हर वर्ग पर अत्याचार चरम पर है। हमें सकारात्मक और तथ्यों के साथ आक्रमक होकर भाजपा के समक्ष अपना पक्ष रखना है। मप्र में भ्रष्टाचार चरम पर है और भाजपा नेताओं के भ्रष्टाचार को बेनकाव करने के लिए पूरे तथ्यों के साथ मीडिया के समक्ष अपनी बात रखें। वहीं, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि जनहित के मुद्दों को मीडिया के माध्यम से सशक्त रूप से उठाएं। इस दौरान कांग्रेस के प्रवक्ता अभय दुबे और प्रदेश कांग्रेस कम्युनिकेशन के इंचार्ज अभय तिवारी सहित अन्य प्रवक्ता उपस्थित रहे।

---

# चंबल स्पार्टन को हराकर सिंध मेवरिक ने किया फाइनल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



वूमंस टी 20 क्रिकेट प्रीमियर लीग में आज नर्मदा फॉल्कन से होगा खिताबी मुकाबला

राजधानी के कोलार स्थित पठान क्रिकेट मैदान में चल रही प्रथम वूमंस टी20 क्रिकेट प्रीमियर लीग में आज चंबल स्पार्टन और सिंध मेवरिक के मध्य सेमीफाइनल का मैच खेला गया जिसे सिंध मेवरिक ने 5 विकेट से जीत प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

चंबल स्पार्टन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए तनिष्का की घातक गेंदबाज़ी के सामने घुटने टेक मात्र 15.5 ओवर मे 78 रन पर ही आल आउट हो गई। चंबल स्पार्टन की तरफ से कप्तान प्रीति यादव ने कप्तानी पारी खेलते हुए नाबाद 46 रन तथा शिवानी ने 14 रनों का योगदान दिया। सिंध मेवरिक की ओर से तनिष्का सेन ने इस टूर्नामेंट की दूसरी हैट्रिक लेते हुए लगातार 4 विकेट तथा केशवी ने 2 विकेट लिए। जवाब में 78 रनों के स्कोर का पीछा करने उतरी सिंध मेवरिक की टीम ने यह स्कोर मात्र 5 विकेट के नुकसान पर 18.4 ओवर में ही अर्जित कर लिया। सिंध मेवरिक की ओर से आशना ने सर्वाधिक 22 हर्षिता ने 16 तथा तमन्ना निगम ने नाबाद 14 रनों की पारी खेली। सिंध मेवरिक की ओर से तन्वी ने सर्वाधिक 2 विकेट तथा अनुष्का, शिवानी और पूर्वी ने 1-1 विकेट चटकाए। तनिष्का सेन को उनकी उत्कृष्ट गेंदबाजी 3 ओवर में 12 रन देकर लगातार 4 विकेट के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहर मीणा ने रिलायंस प्लेयर ऑफ द मैच प्रदान किया। वूमंस टी20 क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मैच कल सिंध मेवरिक तथा नर्मदा फॉल्कन के मध्य खेला जाएगा।

---

## लाइफ स्टाइल

# 'दोस्तों से स्कूटर मांगकर लेडीज कॉलेज के लगाते थे चक्कर'

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 16 में अमिताभ बच्चन के किस्से दर्शकों को काफी रोचक लगते हैं। रीसेंट एपिसोड में उन्होंने बताया कि कैसे दोस्तों का टूटा स्कूटर मांगकर वह लेडीज कॉलेज के चक्कर लगाने जाते थे। उन्होंने स्कूटर की जो स्थिति बताई उसे सुनकर दर्शकों ने ठहाके लगाए। बिग बी बोले आज के बच्चे स्टार्ट अप करते हैं, लेकिन वह स्कूटर स्टार्ट करते थे। अमिताभ बच्चन ने बताया के वह दोस्तों से स्कूटर मांगकर लेडीज कॉलेज के चक्कर लगाते थे। वह बताते हैं, 'जिस उम्र पर यंग लोग आज स्टार्ट-अप लॉन्च कर रहे हैं, मैं भी स्टार्ट-अप में बिजी था...स्कूटर में किक मारने की स्टार्टअप। 'अमिताभ बच्चन ने बताया कि उनके पास स्कूटर नहीं था। वह दोस्तों से मांगते थे। वह बताते हैं, 'स्कूटर मिल जाता था पर टूटा-फूटा था। 10-12 किक मारने के बाद चल जाता था। एक्सीलेरेटर खराब होता था, उसमें स्टार्ट-अप किया। वायर दबा दिया, किक मारता था, मुंह से उसको खींचा और चल दिए।' अमिताभ बच्चन ने बताया कि स्कूटर वाली ये ट्रिक उन्होंने रोटी, कपड़ा और मकान फिल्म में भी अपनाई थी। बिग बी पहले भी अपने स्कूल के दिनों को याद कर चुके हैं। केबीसी 14 के एपिसोड में उन्होंने बताया था कि जब वह नैनीताल में थे तो बाउंड्री वॉल फांदकर भाग जाते थे। पास में गर्ल्स स्कूल था तो वहां लड़कियां देखने को मिलती थीं।



# 'किस्मत' थी एक करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म



**नई दिल्ली।** इंडियन सिनेमा शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर मोटी कमाई करता रहा है। अपने 100 साल से भी ज्यादा पूरे कर चुका इंडियन सिनेमा तमिल, तेलुगू और कई साउथ फिल्म इंडस्ट्री से भी जाना जाता है। वैसे आज के समय में साउथ सिनेमा ही इंडियन सिनेमा की पहचान बन चुका है। इंडियन सिनेमा में सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्मों में साउथ सिनेमा की फिल्मों की लिस्ट लंबी है, लेकिन आज हम बात करेंगे उस हिंदी फिल्म की, जिसने बॉक्स ऑफिस पर सबसे पहले 1 करोड़ रुपए कमाए थे। यह फिल्म हिंदी सिनेमा की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई थी और इसकी कमाई का यह रिकॉर्ड 10 सालों तक बरकरार रहा था। यह फिल्म शोले, मुगल ए आजम, डिस्को डांसर और क्रांति में से कोई भी नहीं है। इस फिल्म ने उस समय में आज की बिगेस्ट ब्लॉकबस्टर फिल्में 3 इडियट्स, पुष्पा 2 और दंगल से भी ज्यादा टिकट सेल की थीं।

### 75 साल पहले रिलीज हुई थी फिल्म

दरअसल हम बात कर रहे हैं 75 साल पुरानी फिल्म किस्मत (1943) की, जिसे ज्ञान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में अशोक कुमार, मुमताज शांति और शाह नवाज ने लीड रोल प्ले किया था। यह फिल्म 9 जनवरी 1943 को रिलीज हुई थी और यह उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। महज 2 लाख रुपए के बजट में बनी फिल्म ने 1.6 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म का टैग अपने नाम कर लिया था। किस्मत एक बोल्ड थीम पर बेस्ड एंटी-हीरो की फिल्म थी, जिसमें एक अविवाहित महिला प्रेग्नेंट हो जाती है।


### पुष्पा 2, दंगल और 3 इडियट्स से कैसे आगे?

बता दें, किस्मत को देखने के लिए 3.5 करोड़ दर्शक थिएटर में जुटे थे। कथित तौर पर कहा जा सकता है कि फिल्म उस समय की सुपरहिट फिल्म है। जबकि पुष्पा 2 का फुटफॉल (2 करोड़), 3 इडियट्स (3.2 करोड़), धूम 3 (3.4 करोड़) और गजनी का (2.4 करोड़) फुटफॉल था। किस्मत ने 75 साल पहले एक ही थिएटर से 12 लाख रुपए का कलेक्शन किया था। यह फिल्म 184 हफ्तों तक थिएटर में चली थी। ऐसे में किस्मत भारत की पहली ऐसी फिल्म का खिताब अपने नाम कर चुकी है, जिसने 1 करोड़ रुपए सबसे पहले कमाए थे।

# 'द डिप्लोमैट' का ट्रेलर जारी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम और सादिया खातीब अभिनीत फिल्म 'द डिप्लोमैट' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। दिवंगत सुषमा स्वराज की जयंती पर रिलीज किया गया यह ट्रेलर 2017 में उनके द्वारा भारत की बेटी को वापस लाने में भारतीय राजनयिक जेपी सिंह का समर्थन करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों को श्रद्धांजलि देता है। यह फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

यह राजनीतिक थ्रिलर फिल्म इस बात के बारे में बताती है कि युद्ध के बजाय चतुराई और बातचीत नायक के अंतिम हथियार हैं। जॉन अब्राहम वास्तविक जीवन के भारतीय राजनयिक जेपी सिंह की भूमिका में हैं, जो भारत की बेटी को कैद से छुड़ाने के लिए एक उच्च-दांव मिशन पर निकलते हैं। शिवम नायर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने रणनीति, बुद्धिमत्ता और बातचीत पर आधारित एक ऐसा किरदार निभाया है, जिसे उन्होंने बड़े पर्दे पर पहले कभी नहीं निभाया है। द डिप्लोमैट की कहानी, पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी डिमो पोपोव और एमएससी ग्यड ने की है, जबकि संपादन कुणाल वाल्वे ने किया है। रवि श्रीवास्तव प्रोडक्शन डिजाइन की देखरेख की है। डैनियल बी जॉर्ज ने फिल्म के लिए मूल संगीत तैयार किया है, जबकि ध्वनि डिजाइन मोहनदास वीपी द्वारा किया गया है। फिल्म का मूल संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है और गीत मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। कलाकारों में रेवती, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी भी शामिल हैं। यह फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# फिल्मों के सेट पर लिखी गईं इन सितारों के प्यार की दास्तां

नई दिल्ली। प्यार का सप्ताह प्रेमियों के लिए इश्क की सौगात लेकर आता है। दुनिया भर में न जाने कितने ही जोड़े इस सप्ताह में अपने प्यार का इजहार करते हैं। कुछ लोग वैलेंटाइन सप्ताह में शादियां भी करते हैं। ऐसे में प्यार और इजहार के इस मौसम में आइए आज आपको बॉलीवुड के उन सितारों की प्रेम कहानियों से रूबरू करवाते हैं, जिनके प्यार की कहानी की शुरुआत उनके फिल्म के सेट से हुई थी। हालांकि, कुछ सितारों ने शादी की, तो वहीं कुछ सितारों की प्यार की दास्तां बिना मंजिल के बीच में ही अटक गई।

## कुछ को मिली मंजिल तो कुछ हुए जुदा



### आलिया भट्ट और रणबीर कपूर

इस लिस्ट में पहला नाम बॉलीवुड के मशहूर कपल आलिया भट्ट और रणबीर कपूर का है। उनकी प्रेम कहानी की शुरुआत फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के सेट हुई थी। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान रणबीर ने आलिया को प्रपोज भी किया था। आलिया ने खुद इस बात का खुलासा 'कॉफी विद करण' में किया था। कई साल तक डेट करने के बाद 2022 में दोनों सितारे शादी के बंधन में बंध गए।

### कियारा आडवाणी-सिद्धार्थ मल्होत्रा



ऐसा माना जाता है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने फिल्म 'शेरशाह' पर एक साथ काम करना शुरू करने के तुरंत बाद डेटिंग शुरू कर दी थी। हालांकि, कियारा ने 'कॉफी विद करण' के सातवें सीजन में सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते के बारे में संकेत दिए। अभिनेत्री ने कहा था कि वे दोनों करीबी दोस्त से कहीं अधिक हैं। इसके बाद फरवरी 2023 में इस जोड़ी ने शादी कर अपने प्रशंसकों को तोहफा दिया।

### अजय देवगन और काजोल



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री काजोल की प्रेम कहानी भी काफी दिलचस्प है। फिल्म 'हलचल' के सेट पर वे और अजय देवगन एक- दूसरे को दिल दे बैठे थे। कई साल तक एक -दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी कर ली। आज वे एक ख़ुशहाल जिंदगी जी रहे हैं।

### करीना कपूर और शाहिद कपूर



शाहिद कपूर और करीना कपूर का रिश्ता बॉलीवुड के सबसे चर्चित और प्यारे रिश्तों में से एक था। दोनों की मुलाकात 2004 में फिल्म 'फिदा' के सेट पर हुई और दोनों के बीच प्यार हो गया। उनका रिश्ता लगभग पांच साल तक चला, लेकिन 2007 में फिल्म 'जब वी मेट' की रिलीज के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। शाहिद और करीना की प्रेम कहानी भी शादी के मुकाम तक नहीं पहुंच सकी।

### दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह



दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की पहली मुलाकात फिल्म 'बॉम्बे टॉकीज' के सेट पर हुई थी। हालांकि, दोनों के बीच प्यार की शुरुआत संजय लीला भंसाली की साल 2013 की फिल्म 'गोलियों की रासलीला रामलीला' के दौरान हुई। इसके बाद जोड़ी ने 'पद्मावत' और 'बाजीराव मस्तानी' जैसी फिल्मों में अभिनय किया। रणवीर और दीपिका ने अपने रिश्ते को छिपाकर रखा और 2018 में लेक कोमो में शादी कर ली।

### सैफ अली खान और करीना कपूर



सैफ अली खान और करीना कपूर ने भले ही साल 2003 की 'एलओसी: कारगिल' और 2006 की 'ओमकारा' में स्क्रीन स्पेस साझा किया हो, लेकिन दोनों के बीच प्यार की शुरुआत फिल्म 'टशन' के सेट पर हुई। दोनों की कहानी शाही रोमांस निकली। उन्होंने 2008 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया। इसके बाद अक्टूबर 2012 में शादी कर ली। कपल के दो बेटे तैमूर और जेह अली खान हैं।

### सलमान खान-ऐश्वर्या राय



सलमान खान और ऐश्वर्या राय की प्रेम कहानी बॉलीवुड के सबसे चर्चित और विवादित प्रेम कहानियों में से एक है। दोनों की मुलाकात 1999 में फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' के सेट पर हुई, जहां से दोनों की प्यार की शुरुआत हुई। हालांकि, कुछ समय बाद दोनों के रिश्ते में खटास आ गई और जल्द ही दोनों की राहें अलग हो गईं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930